सूर्योदय : 6:10
सूर्यास्त : 6:17
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-287 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया


लखनऊ, शुक्रवार, 29 मार्च 2024
18 रमजान, 1445 हिजरी


हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



18 रमजान, २9.03.2024

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:36 | 06:24 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:34 | 06:33 |

**उमरा, ज़ियारत**
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
**अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स**
लखनऊ
**मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी**
मो. 9897328277
7905439594


# पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बीस साल की जेल

- 1996 में लगा था बड़ा आरोप
- कोर्ट ने लगाया दो लाख रुपये का जुर्माना



**अहमदाबाद।** पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को झटका देते हुए गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर की एक अदालत ने ड्रग-प्लांटिंग मामले में 1996 के अपराधों का दोषी ठहराया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेएन ठक्कर की अदालत ने अभियोजन पक्ष के साथ-साथ बचाव पक्ष को भी सुना और गुरुवार को अपना फैसला सुनाते हुए एनडीपीसी केस में 20 साल की सजा सुना दी है। अभियोजन पक्ष ने अधिकतम 20 साल की सजा की दलील दी थी। भट्ट को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 21 (सी), 27 ए (अवैध तस्करी के वित्तपोषण और अपराधियों को शरण देने के लिए सजा), 29 (एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध करने के लिए उकसाना और आपराधिक साजिश), 58 (1) और (2) (कष्टप्रद प्रवेश, तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी)। उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेज का उपयोग करना), 167 (चोट पहुंचाने के इरादे से लोक सेवक द्वारा गलत दस्तावेज तैयार करना), 204 (किसी दस्तावेज को छिपाना या नष्ट करना), 343 (गलत तरीके से दस्तावेज़ बनाना) के तहत भी दोषी ठहराया गया है। भट्ट उस मामले में मुकदमे का सामना कर रहे थे, जहां राजस्थान के एक वकील सुमेर सिंह राजपुरोहित को 1996 में पालनपुर के एक होटल में 1.15 किलोग्राम अफीम रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत

## तबीयत खराब होने पर जेल से लाया गया था मेडिकल कॉलेज

- मुख्तार के इलाज में 9 डॉक्टरों की टीम लगी थी
- डॉक्टरों ने कब्ज की समस्या बताई थी



**बांदा।** उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात मौत हो गई। जेल की बैरक में मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी।

सूचना मिली कि मुख्तार को आईसीयू से सीसीयू में भर्ती करना पड़ा। यहां मुख्तार के इलाज में 9 डॉक्टरों की टीम लगाई गई। हालांकि, मुख्तार की जान नहीं बच सकी। इससे पहले मंगलवार को उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने कब्ज की समस्या बताई थी और इलाज के बाद उसी दिन कारागार भेज दिया था। बुधवार को जेल में उसके स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया था, जिसमें सब सामान्य मिला था। **सुनवाई के दौरान लगाया था आरोप:** 60 वर्ष के हो चुके मुख्तार ने सुनवाई के दौरान अदालत में आरोप लगाया था कि जेल में उसकी हत्या का प्रयास किया जा रहा है। उसे खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ रही है। मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने जेल प्रशासन से रिपोर्ट भी मांगी थी। मुख्तार की मौत के बाद गाजीपुर व मऊ समेत अन्य संवेदनशील जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। एहतियात के तौर पर पुलिस लाइन से भारी संख्या में फोर्स निकाली जा रही है। सूचना मिली है कि मऊ, बांदा और गाजीपुर में धारा 144 लागू कर दी गई है।

### यूपी के सभी जिलों में बढ़ाई गयी सुरक्षा

मौत की सूचना के बाद बांदा में पुलिस सुरक्षा बढ़ाई गई है। डीएम, एसपी समेत जिले की फोर्स को मेडिकल कॉलेज पर बुलाया गया है। साथ ही डीजीपी मुख्यालय ने सतर्कता बरतने के दिये निर्देश दिए गए हैं। बांदा के साथ-साथ यूपी के सभी जिलों में सतर्कता बढ़ाई गई। लखनऊ कानपुर से लेकर मऊ गाजीपुर में सभी जिलों के कप्तान को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील इलाकों में पुलिस फोर्स के पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी आदेश दिए गए हैं। हालांकि मुख्तार अंसारी की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## शिवसेना ने लोकसभा चुनावों के लिए जारी की सूची

# आठ उम्मीदवारों का एलान



**शिवसेना में शामिल हुए अभिनेता गोविंदा**

**मुंबई।** लोकसभा चुनावों की बाबत इन दिनों देश में चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई हैं। महाराष्ट्र भी इससे अछूता नहीं है। राज्य में शिवसेना शिंदे गुट ने महाराष्ट्र की आठ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। शिवसेना ने जिन आठ सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है, उसमें दो सुरक्षित सीटें भी शामिल हैं। वहीं, इससे पहले आज ही दिग्गज कलाकार और पूर्व सांसद गोविंदा ने शिवसेना में शामिल हुए। मुंबई साउथ सेंट्रल से राहुल शेवाले, कोल्हापुर से संजय मांडलिक, शिरडी (अजा) से सदाशिव लोखंडे, बुलढाणा से प्रतापराव जाधव, हिंगोली से हेमन्त पाटिल, मावल से श्रीरंग बारणे, रामटेक (अजा) से राजू परवे, कंगन से धारिशिल माने को टिकट दिया गया है। इससे पहले, आज ही अभिनेता गोविंदा गुरुवार को शिवसेना में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि शिंदे की पार्टी उन्हें मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है।

## सीजेआई को वकीलों की चिट्ठी पर बोले पीएम मोदी,

# धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति

- 600 वकीलों ने चीफ जस्टिस से कहा न्यायपालिका खतरे में है दबाव से बचाना होगा
- कांग्रेस को 140 करोड़ भारतीय अस्वीकार कर रहे हैं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को देशभर के प्रमुख वकीलों ने पत्र लिखा है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर पत्र की कॉपी को रिपोस्ट कर लिखा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लगभग 50 साल पहले कांग्रेस ने बेशर्मी से अपने स्वार्थों को दुनिया के सामने रखा था। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रति किसी भी तरह से प्रतिबद्ध होना नहीं चाहती। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, पांच दशक पहले ही कांग्रेस पार्टी ने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का जिक्र किया था। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता तो चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचती है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के बयान से पहले देशभर के लगभग 600 मशहूर वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा। पत्र लिखने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे से लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सरीखे कद्दावर अधिवक्ताओं के नाम शामिल हैं। इन वकीलों ने चिट्ठी में न्यापालिका की अखंडता पर खतरे को लेकर चिंता जताई है। इन वकीलों का कहना है कि कुछ खास समूह न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और कोर्ट के फैसलों पर असर डाल रहे हैं।

### कुछ वकीलों की जजों को प्रभावित करने की कोशिश

आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए गए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि वे दिन में नेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के जरिए जजों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। राजनीतिक और पेशेवर दबाव से न्यायपालिका को बचाना' शीर्षक वाली इस चिट्ठी में 600 से ज्यादा वकीलों के नाम हैं। इनमें आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्वला पवार, उदय होला और स्वरूपमा चतुर्वेदी जैसे अन्य प्रमुख नाम भी शामिल हैं।

## न्यूज डायरी

### तीन को वायनाड में राहुल

**नई दिल्ली।** आम चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले मतदान वाली सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की शुरूआत हो चुकी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 3 अप्रैल को केरल के वायनाड से अपना पर्चा दाखिल करने की उम्मीद है। केरल में अपने सभी 20 लोकसभा सदस्यों को चुनने के लिए सात चरण के चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। वायनाड से मौजूदा सांसद राहुल गांधी अभी तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में नहीं पहुंचे हैं। वायनाड में उनके अभियान का नेतृत्व कर रहे पार्टी नेताओं को उम्मीद है कि वह जल्द ही पहुंचेंगे और 3 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

### भारत का कड़ा रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने पर अमेरिकी टिप्पणी के बाद भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया था। जिसकी जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी दूसरे देश के टिप्पणी का कोई औचित्य ही नहीं है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रणधीर जयसवाल ने कहा कि बुधवार को भारत ने अमेरिकी दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष की गई टिप्पणियों के संबंध में अपनी कड़ी आपत्ति और विरोध दर्ज कराया है। अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया बयान अनुचित हैं। उन्होंने कहा कि हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर कोई भी बाह्य आरोप पूरी तरह अस्वीकार्य है।

# एक अप्रैल तक ईडी की हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

## अरविंद केजरीवाल को नहीं मिली राहत, ईडी से दो अप्रैल तक मांगा जवाब

- केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत को 1 अप्रैल तक चार दिन के लिए बढ़ा दिया है। ईडी ने अब खत्म हो चुकी शराब नीति मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक की हिरासत को 7 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की थी। केजरीवाल, जिन्हें अदालत में पेश किया गया था।

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना की सरकार जेल से नहीं चल सकती टिप्पणी पर मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता करारा जवाब देगी। इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी और कहा कि इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। इससे पहले, आप नेता सौरभ भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्हें जानकारी मिली है कि भाजपा पैसे, वाई प्लस सुरक्षा और यहां तक कि एमपी सीट का लालच देकर आप विधायकों को अपने पाले में करने की कोशिश कर रही है। अगर केजरीवाल को जल्द ही अदालतों से राहत नहीं मिलती है, तो आप को अस्तित्व के संकट का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि अल्पावधि में वह एक ऐसे नेता की सेवाएं खो देगी, जिसका सामूहिक अपील के मामले में पार्टी में कोई समकक्ष नहीं है।

इससे पार्टी के लिए गंभीर चुनौती खड़ी होने की संभावना है और पंजाब जैसे राज्य में इससे मतदाता कांग्रेस की ओर अधिक आकर्षित हो सकते हैं।

### ईडी मेरे पति को परेशान कर रही : सुनीता

कोर्ट के फैसले के बाद बाहर आईं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मीडिया से कहा कि ईडी उन्हें बहुत परेशान कर रही है। उनकी तबियत बहुत खराब है। आगे उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को बहुत परेशान किया जा रहा है, जनता इसका जवाब देगी। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि आपने कहा था कि केजरीवाल आज कोर्ट में बड़ा खुलासा करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ नहीं कहा और कोर्ट से बाहर चली गईं।

इससे पहले बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दिल्ली और देशवासियों के लिए संदेश लेकर पत्नी सुनीता केजरीवाल मीडिया के सामने आईं थीं। सुनीता ने कहा था, ईडी हिरासत में होने के बाद भी केजरीवाल दिल्लीवासियों के लिए फिक्रमंद हैं।

# आतंकवाद पर हुआ नियंत्रणः सीएम योगी

- कैराना सीट के पार्टी प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद
- गलत वोट से कैराना में पलायन होता है, सही वोट से अपराधी पलायन करते है : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र ने सबको समान मताधिकार दिया है। एक वोट हर वयस्क मतदाता का अधिकार है। इस एक वोट की कीमत क्या होती है, कैराना वासियों से बेहतर इसका कोई दूसरा जीता जागता उदाहरण नहीं है। ये वोट जब गलत हाथों में आता है तो कैराना में पलायन होता है और कर्फ्यू लगता है, मगर सही हाथों में आता है तो धूम-धाम से कांवड़ यात्रा निकलती है और विकास तेज रफ्तार से आगे बढ़ता है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में मतदान के लिए प्रबुद्धजनों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पौराणिक एवं ऐतिहासिक धरा ने इतिहास में अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने सभी प्रबुद्धजनों का हृदय से अभिनंदन करते हुए कहा कि हम सब कई दशकों से ये गीत सुनते थे कि अवध में होली खेले रघुवीरा..., मगर 500 साल बाद सही मायनों में अब वह अवसर आया है, जब रामलला सचमुच में अवध में होली खेल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 10 साल पहले भारत के पासपोर्ट की दुनिया में कोई कीमत नहीं थी, मगर आज आप दुनिया में कहीं भी जाएंगे तो वहां आपको सम्मान मिलेगा। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और उग्रवाद नियंत्रण में है। इसके साथ ही विरासत को सम्मान मिला है। फिर चाहे काशी में विश्वनाथ धाम हो या अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल ही में किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न प्राप्त हुआ है। यही विरासत का सम्मान है। लंबे समय तक उन्होंने किसानों, दबे कुचलों, समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिए अपनी आवाज बुलंद की। किसानों के लिए देश की सरकारों को झकझोरा था। चौधरी साहब के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देश के 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि की शुरुआत की गई। यह चौधरी साहब के सपनों का ही सम्मान है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्य हो रहे हैं।




## पिछली सरकारों ने मुजफ्फरनगर को कर्फ्यू दियाः सीएम योगी

**मुजफ्फरनगर।** एक वोट देश की तकदीर व तस्वीर को बदल सकता है। वोट जब गलत हाथों में जाता था तो मुजफ्फरनगर में महीनों कर्फ्यू लगता था। आपका वोट सही हाथों में गया तो मुजफ्फरनगर कर्फ्यू नहीं, कांवड़ यात्रा के लिए जाना जाता है। गलत वोट से पश्चिमी उप्र को अराजकता की भट्टी में झोंककर यहां की सुरक्षा को खतरे में डाला जाता था। लोग यहां आने से डरते थे। आपका वोट सही पार्टी के साथ गया तो अराजकता समाप्त हुई और आस्था को सम्मान मिला। पिछली सरकार ने कर्फ्यू-अराजकता दी, लेकिन आज हम नए माहौल में बढ़ रहे हैं। मोदी जी को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए प्रबुद्धजन को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन के दूसरे दिन गुरुवार को केंद्रीय मंत्री व भाजपा उम्मीदवार संजीव बालियान के पक्ष में लोगों से संवाद किया। यहां बच्चों ने सीएम योगी को पेंटिंग प्रदान की। वहीं पूरा सभागार योगी-योगी के नारों से गुंजायमान हो उठा। सीएम ने आह्वान किया कि आपका चुनाव पहले चरण में है।

## स्नेक वेनम केस — कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

# फिर बढ़ी एल्विश यादव की मुसीबतें

### सौदागर

- 32 बोर गाने में किए गए थे दूसरे देश के सांपों का इस्तेमाल
- 10 अप्रैल को एटीआर अदालत में दाखिल करेगी पुलिस



**गुरुग्राम।** सांप के विष तस्करी मामले में बृहस्पतिवार को जिला अदालत ने एल्विश यादव पर मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने बिग बॉस ओटीटी विजेता एल्विश यादव पर मामला दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

यह आदेश अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज राणा की अदालत ने दिए हैं। अब इस मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता पर हमला होने की आशंका पर गुरुग्राम पुलिस ने सुरक्षा दी थी। याचिकाकर्ता सौरव गुप्ता ने पिछले साल नवंबर में अदालत में याचिका दायर कर मामला दर्ज करने की मांग की थी। इस मामले की पहले सुनवाई पहले ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रगति राणा की अदालत में हुई थी। पिछले साल दिसम्बर में यह मामला अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज राणा की अदालत में आ गया था। याचिकाकर्ता ने पांच मार्च को अदालत में पत्र देकर अपने उपर जानलेवा हमला होने की आशंका जताई थी। याचिकाकर्ता सौरव गुप्ता ने अदालत में पैरवी करने के दौरान अपने ऊपर आइएनएलडी नेता नफे सिंह राठी और पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की तरह हमला होने की आशंका जताई थी। उन्होंने अपने पत्र में कहा था कि उनको इन्टरनेट मीडिया पर लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसके साथ ही घर से उठा लेने की भी धमकी दी गई थी। इसलिए उन्होंने मामले में पैरवी करने के लिए लंबी तारीख लगाने का अदालत से निवेदन किया था। इससे पहले एल्विश यादव को यूट्यूबर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से जुड़े मारपीट मामले में गुरुग्राम की एक अदालत ने जमानत दे दी थी. यूपी पुलिस एल्विश यादव को गुरुग्राम कोर्ट ले कर आई थी, जहां गुरुग्राम पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था। इसके बाद यादव को मजिस्ट्रेट अक्षय कुमार की अदालत में पेश किया गया था। एल्विश यादव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया था। उन्हें

### भारत ने लॉन्च किया डेटाबेस

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को रिकॉर्ड करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की दिशा में काम करने के लिए एक नया डेटाबेस लॉन्च किया है। भारत की यूएन दूत रुचिरा कंबोज ने इसकी जानकारी दी है। डेटाबेस की लॉन्च की घोषणा मंगलवार को भारत के नेतृत्व वाले ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स (जीओएफ) के बीच उच्च स्तरीय बैठक में हुई। रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, यूएन के शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को रिकॉर्ड करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की दिशा में काम करने के लिए एक नया डेटाबेस लॉन्च करके खुशी हो रही है। डेटाबेस को ऑनलाइन भंडार के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत द्वारा प्रायोजित इस डेटाबेस को यूनाइट अवेयर प्लेटफॉर्म पर होस्ट किया गया है।

# आयुक्त ने देखे विसभा क्षेत्र पलिया के सुदूरवर्ती मतदान केन्द्र, लिया जायजा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण कार्यक्रम पर खीरी पहुंची आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने दूसरे दिन गुरुवार को तहसील पलिया के दूरस्थ मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय गौरीफंटा सहित ग्राम सरियापारा, ग्राम सूडा के मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदाताओं के बीच स्वयं मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाये जाने तथा ग्रामवासियों से पढ़े गये नामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। आयुक्त ने गौरीफंटा थाना क्षेत्र के ग्राम सरियापारा, ग्राम सूडा के मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर मतदान दिवस (13 मई) को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। इसके बाद उन्होंने चंदन चौकी बॉर्डर पर सब पुलिस राजस्व टीम के साथ फॉरेस्ट एरिया में पैदल मार्च किया। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थल/विद्यालय की साफ-सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान-पत्र वितरण, रूट चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया।

### कम मतदान के कारकों का तत्काल कराए समाधान, मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप हो व्यवस्थाएंः आयुक्त

आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। कहा कि मतदेय स्थल पर विशेष कैंप लगाकर न केवल मतदाताओं को जागरूक किया जाए बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहने पाए। आयुक्त ने ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोईयां, रोजगार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा से वार्ता करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

### इंडो नेपाल बॉर्डर पहुंची कमिश्नर, विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

गुरुवार को आयुक्त डॉ रोशन जैकब एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ पहिया के साथ इंडो नेपाल बॉर्डर पहुंची, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), कस्टम एवं पुलिस कवच सेल के जिम्मेदार अफसरो के साथ स्थलीय भ्रमण किया और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतते हुए निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ एक बैठक की। सीमा पर सुरक्षा को लेकर जांच करने पगडंडियों पर निगरानी सहित स्थानीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंद और पात्रों को नहीं मिल पा रहा है इसका लाभ

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी ब्लाक क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के गरीब परिवारों को अपना घर मुहैया कराने के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंद और पात्रों को इस का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण यहां के कई पात्र हितग्राहियों को जर्जर हो चुके मकान में ही गुजर बसर करना पड़ रहा है क्षेत्र में अधिकांश लोग दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार की आजीविका चलाते हैं क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि वह कई बार अपने लिए आवास योजना का लाभ जिम्मेदारो से मांग चुके हैं। लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है। जिसके चलते क्षेत्र के कई ग्रामों में प्रवेश करते ही मिट्टी के मकान व पन्नी तान के छप्पर के सहारे लोग रहते दिखते हैं।लोगों से बात करने पर एक ही जवाब मिलता है कि सूची नाम नहीं होने की बात कहकर नाम काट दिया जाता है। जिसके चलते क्षेत्र के कई लोगों ने तो अब आवास योजना का लाभ मिलने की आस ही छोड़ दी है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कई पंचायतों में प्रधानों की मनमानी के चलते लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगो ने बताया बिना खर्च नहीं मिलता लाभ करीब-करीब सभी पंचायतों में आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने समय कुछ खर्चा देना पड़ता है और लिस्ट में नाम आने के बाद मोटी रकम देना पड़ती है। जिसके बाद ही योजना का लाभ मिल पाता है। अगर किसी आवेदक द्वारा रुपये देने से मना कर दिया जाता है तो उसे योजना से वंचित कर दिया जाता है। यह सिलसिला करीब-करीब सभी पंचायतों में चल रहा है। इसकी शिकायत भी कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत भी की गई लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं हुई मोहम्मदी ब्लाक क्षेत्र के कई ग्रामों में पीएम आवास पात्रों को छोड़कर आ पात्रों को दिए गए पीएम आवास योजना के जिम्मेदारों ने÷ अंधा बांटे रेवड़ी अपनों को देख- देखकर÷ वाली कहावत चरितार्थ करते हुए पहले अपनों अपनों को फिर आ पात्रों को जिम्मेदार अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता।

## सरकारी राशन की दुकानो के धोखाधडी व कालाबाजारी करते हुये वांछित चल रहे अभियुक्त दिनेश कुमार गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** वर्ष 2022 से वांछित चल रहे अभियुक्त दिनेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 देशराज सिंह नि0 ग्राम टीकमपुर कोटवाँ थाना पटेरहवा जिला कुशीनगर हाल पता - 3/1208 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ को अपराध शाखा खीरी द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मैलानी पर वादी मुकदमा गंगा प्रसाद प्रबंधक उ0प्र0 राज्य खाद्य एवं आ0व0वि0 लखीमपुर द्वारा मु0अ0स0 299/22 धारा 406/409 भादवि 3/7 ई0सी0 एक्ट के तहत पंजीकत कराया गया था। जिसकी विवेचना थाना मैलानी से होने के पश्चात अपराध शाखा को स्थानांतरित की गई। अभियुक्त वर्ष 2022 मे ब्लाक बाकेगंज मे गोदाम प्रभारी के रुप मे नियुक्त रहा है। जिसमे भारतीय खाद्य निगम से संबंधित विभिन्न योजनाओ के गेहूं, चावल, चना, नमक, चीनी एव खाद्य तेल आदि के वितरण हेतु उचित दर विक्रेताओ को आवंटन करने हेतु ब्लाक मुख्यालय पर निर्गत किया गया था । जिसमे अभियुक्त दिनेश सिंह उपरोक्त के स्टाक/गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण व जांच के दौरान पाया गया कि अभियुक्त द्वारा अपने अभिलेख को अपने पास छिपाते हुये उचित वितरण नही कराया गया और धोखाधडी व कालाबाजारी करते हये सरकारी राशन की दुकानो के खाद्यान 1 करोड 78 लाख 30583.22 रुपये के गेहुं , चावल ,चीनी, चना, नमक, खाद्य तेल आदि को बेच कर गमन किया गया। अभियुक्त उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत होने के उपरांत से विवेचना मे सहयोग नही कर रहा था और फरार चल रहा था। जिसे दिनांक 27.03.2024 को अभियुक्त के घर 3/1208 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जिलाधिकारी 1 अप्रैल को करेंगी तरणताल का उद्घाटन

**रायबरेली।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया है कि जनपद के पंडित मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्थित तरणताल का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के द्वारा 1 अप्रैल 2024 को सांयकाल 4ः00 बजे किया जाएगा। तरणताल में बच्चों और बड़ों के लिए अलग-अलग सुविधाए उपलब्ध हैं । 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो के लिए 1200 रूपये और 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए 1500 रुपए मासिक शुल्क निर्धारित किया गया है। सभी अभ्यासकर्ता शुल्क जमा करके तरणताल में अभ्यास कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## 24 घंटे के अंदर हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज रायबरेली।** बुधवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र की मांझगांव के पास जौनपुर ब्रांच नहर में मिले अज्ञात युवक के शव की हत्या की बात सामने आई हैं। घटना का खुलासा कर कोतवाली पुलिस ने प्रेमिका सहित उसके पति व जेठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले की बुधवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के मांझगांव के पास जौनपुर ब्रांच नहर पुल के पास पानी में एक शव उतराता देख लोगों में सनसनी फ़ैल गई। मामले की सूचना पर आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकलवाया। तो उसकी पहचान पंकज पुत्र राजेंद्र निवासी संजय नगर फागूपुर के रूप में हुई जो 23 मार्च की देर शाम सिविल लाइन स्थित एक होटल से काम करके घर जा रहा हूं कह कर निकला था और देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो घर वालो ने खोजबीन शुरू की व स्थानीय थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दी। वही बुधवार सुबह नहर में उतराता शव मिला तो परिजनों में हड़कंप मच गया,वही कोतवाली पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया की चार पांच सालो से मृतक युवक का कोतवाली क्षेत्र के हिलहा गांव में विवाहिता आरती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। 23 मार्च की रात वह उसी से मिलने उसके घर हिलहा आया जहां प्रेमिका आरती पत्नी रणविजय के जेठ लल्लन पुत्र भगौती ने आहत सुन बाहर से दरवाजे को बंद कर दिया और प्रेमिका के पति रणविजय पुत्र भगौती को फोन करके बुला लिया,और प्रेमिका का पति व जेठ ने मिलकर ईट से उसकी हत्या कर उसकी लाश को पास के नहर में फेंक दिया। वही सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल ने बताया की प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या की गई थी जिसमे संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए एक महिला सहीत दो लोगो को जेल भेजा गया है।

# दो नशा तस्कर गिरफ्तार, 360 ग्राम चरस बरामद

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने 02 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 360 ग्राम चरस बरामद की है।

थाना सरसावा थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान 02 शातिर नशा तस्करों मनोज कुमार पुत्र लोतीराम निवासी मौ0 राधास्वामी कालोनी (पूर्वी अफग़ानान) कस्बा व थाना सरसावा व सौरभ कुमार पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी ग्राम तेलीपुरा थाना चिलकाना को नकुड रोड हाईवे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों से 360 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना सरसावा पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह नशे के आदी है। हम दोनों मिलकर सस्ते दामों पर गैर राज्य से चरस लाकर आसपास के गांव कस्बे के लोगो, मजदूरो व ट्रक चालको को थोडे ज्यादा पैसों में बेच देते है। जिससे उन्हें अच्छी कमाई हो जाती है और हमारे नशे की जरूरत भी पूरी हो जाती है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र, हैड कांस्टेबल बजय राठी, नितिन, विनित शामिल रहे।

# मोदी की योजनाओं को बताया विकसित भारत की गारंटी

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का विस्तार से वर्णन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देश-प्रदेश में गरीबों के उत्थान व विकास को मजबूती के साथ खड़ा किया गया है और आज विकसित भारत की गारंटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ व देश में 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। 12 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया जा रहा है, 4 करोड़ लोगों को छत दी गई है, ढाई करोड़ लोगों को निःशुल्क विद्युत कनैक्शन दिए गए हैं, 10 करोड़ लोगों को उज्जवला योजना का लाभ दिया गया है तथा 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रूपए का स्वास्थ्य बीमा दिया गया है।

# देश में लोकतांत्रिक सरकार के लिए सही करें वोट का इस्तेमालः मुख्यमंत्री




**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के लोकतंत्र को सही व गलत हाथों में सौंपने की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की है और वह अपने वोट का इस्तेमाल किस दिशा में करे, यह उन्हें तय करना है। गलत हाथों में जाने से कर्फ्यू व अराजकता का माहौल मिलता है और वहीं प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में जाने से विकसित भारत की गारंटी मिलती है। इसलिए आज वह प्रबुद्ध लोगों से संवाद करने आए हैं ताकि देश का भविष्य व दिशा तय की जा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गांधी पार्क स्थित सेठगंगाप्रसाद माहेश्वरी जनमंच सभागार में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने लगभग 45 मिनट के सम्बोधन में प्रत्येक पहलू को छूने का प्रयास कर हर व्यक्ति को अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उनका यह पहला प्रबुद्ध नागरिक संवाद है जिसमें प्रत्येक वर्ग से जुड़े व्यक्ति मौजूद हैं और उन्हें तय करना है कि वह अपना वोट किसको देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए स्वयं को राघव समझकर कार्य करें। उन्होंने कांग्रेस, सपा एवं बसपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में अलोकतांत्रिक व लोकतांत्रिक सरकार के गठन के लिए उन्हें अपने आपको तैयार करना होगा क्योंकि गलत हाथों में वोट जाने से अराजकता, कर्फ्यू जैसा माहौल दिखाई देगा तो वहीं मोदी के साथ जाने से कांवड़ यात्रा, विकसित भारत व भाजपा का सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार जनपद की पांच सीटों पर परचम लहराने का काम किया गया, उसी प्रकार राघव लखनपाल शर्मा को भी सफल बनाना होगा। सहारनपुर का विकास उत्तर प्रदेश का विकास होगा।

# जिला मजिस्ट्रेट ने दो बदमाशों को किया जिला बदर घोषित

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 03 यूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई कर 02 बदमाशों को जिला बदर घोषित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा गुण्डा प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। ऐसे अपराधी जो गुण्डा प्रवृत्ति के है और जनपद में रहकर लगातार अपराध कारित करते है। उनके विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा धारा 03 यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी है। जिसके फलस्वरूप जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) द्वारा गुण्डा प्रवृत्ति के 02 व्यक्तियों को जिला बदर घोषित किया गया तथा जिला बदर घोषित अपराधियों को जनपद की सीमाओं से 06 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# बस की डिग्गी व गेयर बक्शा के पास से कुल 348 बोतल अवैध अग्रेजी शराब हुई बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा लखीमपुर शारदानगर रोड थाना गेट के सामने चेकिंग के दौरान समय 20.10 बजे बस संख्या क्र34 ञ्च 2805 के चालक व कण्डेक्टर को गिरफ्तार कर बस की डिग्गी से 10 पेटी व बस के अन्दर गेर बक्शा के पास से 04 पेटी (कुल 14 पेटी/कुल 348 बोतल जिसकी कीमत 72867 रुपये है) अवैध अग्रेजी शराब बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध मे थाना शारदानगर पर मु0अ0सं0 80/2024 धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत थाना शारदानगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी मय हमराही पुलिस बल के लखीमपुर शारदानगर रोड थाना गेट के सामने चेकिंग कर रहे थे, तभी लखीमपुर की तरफ से बस संख्या UP 34 T 2805 सवारी भरकर आ रही थी जिसे पुलिस बल द्वारा रोककर बस को चेक किया गया तो बस मे कण्डेक्टर साइड की डिग्गी मे 10 पेटी व बस के अन्दर ड्राइवर के पास गेयर बक्शा के ऊपर से 04 पेटी कुल 14 पेटी जिन पेटियो मे कुल 348 बोतल अवैध अग्रेजी शराब थी बरामद हुई जिनके कागजात बस ड्राइवर व कण्डेक्टर द्वारा नही दिखा सके व पूछने पर बताया कि उक्त शराब की पेटियो को किसी मानू के नाम के व्यक्ति द्वारा तिकुनिया बस स्टाप लखीमपुर मे रखा था व बताया था कि उक्त शराब की पेटियो को वह निघासन मे उतार लेगा जिसके सम्बन्ध मे थाना शारदानगर पर मु0अ0सं0 80/2024 धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम विरुद्ध कण्डेक्टर, बस ड्राइवर व मानू के विरुद्ध पंजीकृत कर बस को अन्तर्गत धारा 207 MV ACT मे शीज कर कब्जा पुलिस मे लिया गया।

# छात्राओं को पुराणों से लेकर आधुनिक युग तक महिलाओं के सशक्तिकरण की दी जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मुन्नालाल एवं जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को पुराणों से लेकर आधुनिक युग तक महिलाओं के सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर ओंकार सिंह, प्राचार्य गोचर महाविद्यालय द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि एस. के गर्ग, मुख्य वित्त अधिकारी, स्टार पेपर मिल लिमिटेड, सहारनपुर रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पंकज छाबड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर ओंकार सिंह ने अपने वक्तव्य में पुराणों से लेकर आधुनिक युग तक महिलाओं के सशक्तिकरण के उदाहरण द्वारा डेलिगेट्स एवं छात्रों को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि एसके गर्ग ने संगोष्ठी के आयोजनकर्ताओं को शुभकामना संदेश दिया। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता प्रोफेसर सोनिका चौधरी, विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग, आरजी कॉलेज, मेरठ ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी इतनी सशक्त है कि वह स्वयं के साथ दूसरों को भी सक्षम बनाने की क्षमता रखती हैं। साथ ही उन्होंने परंपरागत कलाओं एवं कौशल को आधुनिक तकनीक के माध्यम से किस प्रकार रोजगार का साधन बना सकते हैं, पर प्रकाश डाला। मुख्य सत्र के पहले वक्ता प्रोफेसर दिनेश कुमार, अर्थशास्त्र विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आय में से स्वास्थ्य को सबसे महत्वपूर्ण माना। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब व्यक्ति को स्वयं भी गरीबी रेखा से ऊपर आने का प्रयास करना होगा तथा उच्च श्रेणी के लोगों को भी उन्हें सहयोग प्रदान कर ऊपर उठना होगा तथा अपनी दक्षता में वृद्धि करनी होगी क्योंकि जब तक आप अपनी दक्षता नहीं पहचानोगे तब तक आगे बढ़ना मुश्किल है।

# तृतीय गोलबॉल चैम्पियनशिप 2023-24 का हुआ समापन

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** तृतीय नेत्रहीन नेशनल गोलबॉल फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में उत्तराखंड व महिला वर्ग में दिल्ली ने जीत हासिल की। गांधी पार्क के डा. भीमराम स्टेडियम के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह का शुभांरभ उप्र गोलबाल एसोसिएशन के सचिव अनिमेष सक्सेना ने किया। प्रतियोगिता का सेमि फाईनल मैच (पुरूष वर्ग) में अरूणाचल प्रदेश व हिमाचल प्रदेश के मध्य हुआ, जिसमें अरूणाचल प्रदेश 12 अंक से विजेता रही, सेमि फाईनल मैच (महिला वर्ग) हरियाणा एवं चंडीगढ़ के मध्य खेला गया, जिसमें हरियाणा 14 अंक से विजेता रही। प्रतियोगिता का फाईनल मैच (पुरूष वर्ग) महाराष्ट्र व उत्तराखण्ड के मध्य हुआ, जिसमें उत्तराखण्ड 28 प्वाईट से विजेता रही, जिसमें टीम कोच नरेश तथा फाईनल मैच (महिला वर्ग) में महाराष्ट्र व दिल्ली के मध्य हुआ। जिसमें दिल्ली 22 प्वाईट से विजेता रही। दिल्ली के टीम कोच अमरजीत है। उप्र गोलबाल एसोसिएशन के सचिव अनिमेष सक्सेना ने विजेता व उपविजेता नेत्रहीन खिलाड़ियों की टीमों को ट्रॉफी व मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कमल कान्त, भूपेन्द्र शर्मा, सुमित डोलरा, राहुल, ओमकार, सुश्री तुषिता, रंजीत सिंह, विपिन गुप्ता, विनायक, सुनिल सावन इत्यादि निर्णायक रहे। इस अवसर पर गोलबाल फेडरेशन ऑफ इण्डिया के सचिव स्वराज सिंह गोलबाल फेडरेशन ऑफ इण्डिया के सचिव कुनाल एवं प्रतियोगिता ओबजर्वर ऋषिकान्त शर्मा, श्रीमती अरूणा, सुश्री नेहा सुश्री आरती (राष्ट्रीय खिलाड़ी), नरेश नयाल (उत्तराखण्ड), लाल धर्मेन्द्र प्रताप, बृजेश कुमार, श्रीमती रीना पाल, अक्षित धीमान, सन्नी कुमार, कु.सुप्रिया रानी, जयेन्द्र कुमार, राकेश शर्मा, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, दानिस असद आदि उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो के चपेट में आने से साइकिल सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत

*अवधनामा संवाददाता*



**गोंडा।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चपेट में आने से साइकिल सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना होते ही स्कार्पियो चालक स्कॉर्पियो छोड़कर मौके से भाग निकला।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार के दोपहर जनपद के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सोनी गुमटी पुलिस चौकी क्षेत्र के गोंडा उतरौला मार्ग पर 55 वर्षीय जमुना प्रसाद को तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने ठोकर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग व एंबुलेंस के माध्यम से साइकिल सवार को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया।

बताया जाता है कि इस हादसे में एक लड़की भी घायल हुई है। यह हादसा उस समय हुआ जब साइकिल से सवार होकर जमुना प्रसाद धनौली बाजार पहुंचे थे। वही तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो उतरौला के तरफ से गोंडा के तरफ जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो स्कार्पियो चालक में तेज गति से वाहन चलाते हुए साइकिल सवार को रौंद दिया। जिससे साइकिल स्कॉर्पियो के नीचे फंस गई। वही इस बाबत सोनी गुमटी चौकी इंचार्ज दिवाकर मिश्रा ने दूरभाष पर बताया कि मृतक की पहचान देहात कोतवाली क्षेत्र के महादेव गांव के मजरे अकेलवा के रहने वाले जमुना प्रसाद पुत्र स्वयंवर के रूप में हुई है। मृतक के पत्नी मालती देवी के शिकायती पत्र पर स्कार्पियो चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना करने की तहरीर दी गई है। स्कार्पियो चालक मौके पर स्कॉर्पियो छोड़कर फरार हो गया है। पंचायत नामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# अर्द्धसैनिक बलों की टीम ने किया पैदल गस्त

*अवधनामा संवाददाता*



**नवाबगंज गोंडा।** थाना क्षेत्र के खडौआ गांव से बस्ती सीमा तक सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह की अगुआई मे अर्द्धसैनिक बलों की टीम ने किया पैदलगस्त लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रहे इसके कोल्हमपुर चौकी व सरयूघाट चौकी के सिपाही सहित अर्द्धसैनिक बलों की टीमो ने गस्त किया।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हो आराजक तत्वो पर कडी निगाह रखी जा रही है इसके मद्देनजर सरयूघाट चौकी व कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र के सिपाही और अर्द्धसैनिक बलों की टीमों के साथ खडौआ गांव से बस्ती सीमा तक गश्त किया गया इस मौके सरयूघाट चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनावों में कोई गडबडी ना हो और त्यौहारों मे कोई गडबडी ना हो इसके मद्देनजर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गश्त किया गया है इसी कडी मे खडौआ गांव से बस्ती सीमा तक गश्त किया गया है इस मौके पर कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज शेषनाथ पांडेय दीवान विपिन सिंह देशदीप गिरी रविन्द्र कुमार सिंह सुनील यादव सहित अर्द्धसैनिक बलों की टीम और स्थानीय सिपाही मौजूद रहे हैं।

# आंतरिक व बाह्य सुरक्षा पर प्रधानमंत्री मोदी की शैली को सराहा

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर कहा कि देश की समीा व आंतरिक सुरक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नेतृत्व के चलते अत्यधिक मजबूत हुई है और कश्मीर जैसे राज्य को पूर्ण राज्य के साथ-साथ धारा-370 समाप्त की तथा आतंकवाद व उग्रवाद समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा है वह पूरा किया है। आज देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और देश की आंतरिक सुरक्षा भी मजबूत हुई है। जबकि गैर भाजपाई सरकारों में कश्मीर प्रतिदिन गोलीबारी, पत्थरबाजी व आतंकवाद चरम पर था तथा धारा-370 लागू थी परंतु इन सब समस्याओं का समाधान मोदी सरकार में किया गया है। उन्होंने अयोध्या में मंदिर निर्माण की ओर इशारा करते हुए कहा कि पूर्व में हम कहते थे कि होली खेलें रघुवीरा अवध में केवल गीत गुनगुनाते थे।

## सिसोलर में निकली मतदाता जागरूकता रैली



**मौदहा अवधनामा संवाददाता।** किशनूबाबू शिवहरे महाविद्यालय सिसोलर में आज बीटीसी शिक्षकों के पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिक्षक का शुभारंभ कर प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउट के इतिहास, गांठ बंधन, बेडेन पावेल के जीवन पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा ग्राम सभा सिसोलर में महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को आगामी 20 मई को लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। लीडर ट्रेनर अकबर अली, मीना गुप्ता, प्रत्यूष त्रिपाठी, डा. श्याम नारायण, डा. लालता प्रसाद, डा. रमाकांत पाल, अखिलेश कुमार सोनी, आरती गुप्ता, गणेश प्रसाद, राजकुमार गुप्ता सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व प्रशिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षु शिक्षकों ने ग्राम सभा के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

## बिजली विभाग का कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** बिजली बिभाग में तैनात एक बाबू को



एन्टीकरेप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूरा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड पर स्थित ऊर्जा भवन का है जहाँ कैलिया खुर्द निवासी किसान विकास कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद ने ट्यूबबेल के लिए विधुत कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया था। मगर ऊर्जा भवन के बिजली बिभाग में लिपिक पद पर तैनात मोहन सिंह पुत्र जीत सिंह किसान की फ़ाइल आगे नही बढ़ा रहा था। फ़ाइल को आगे बढ़ाने के लिए सात हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था जिससे किसान बहुत परेशान था। परेशान होकर किसान विकास कुमार ने झांसी में एंटी करेप्शन टीम को इस बारे में अवगत कराया। जिस पर एंटीकरप्शन टीम ने सात हजार की जगह पांच हजार रुपये देने की बात करवाई। किसान उक्त लिपिक मोहनसिंह के पास जाकर फ़ाइल आगे बढ़ाने के लिए पहुचा और पांच हजार रुपये दिए तभी एंटी करेप्शन की 14 सदस्यीय टीम ने वहाँ पहुचकर पाउडर से रंगे नोटों को लिपिक मोहन के पास से बरामद किए और लिपिक मोहन को गिरफ्तार कर उरई कोतवाली ले आई और उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग करेगें नामांकन

**गाजियाबाद अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग



अपना नामांकन 2 अप्रैल को करेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि घंटाघर रामलीला मैदान मैं लोकसभा क्षेत्र के 31 मंडलों के आधार पर 31 हवन कुंड बनाकर मंडल अध्यक्षों के द्वारा लोकसभा चुनाव की ऐतिहासिक जीत के लिए तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की कमान सौंपने के उद्देश्य से सुबह 8:00 बजे हवन पूजन किया जायेगा। हवन पूजन में समस्त भाजपा परिवार के साथ लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग सपरिवार हवन पूजन में शामिल होंगे। हवन के उपरांत वहां से पूर्व से तय संख्या के कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी अतुल गर्ग अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। आगे के लिए नवयुग मार्केट स्थित कार्यालय से लोकसभा चुनाव संचालन की सभी गतिविधियों को सुचारु करने की भी जानकारी दी गई।

## नौमान व हमीद लोकसभा प्रभारी नियुक्त

**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** आगामी होने वाले चतुर्थ चरण के लोकसभा चुनाव के



लिए समाजवादी पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की क़वायद शुरू कर दी गई है। समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक सभा द्वारा आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के लोकसभा प्रभारी किए गए नियुक्त।सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के आदेशानुसार समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना इकबाल कादरी के द्वारा इटावा लोकसभा में नौमान आलम व हमीद पहलवान को लोकसभा प्रभारी किया गया नियुक्त।इटावा लोकसभा के अलावा समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी द्वारा 12 अन्य लोकसभा में भी लोकसभा प्रत्याशी किए गए हैं नियुक्त।नियुक्त किए गए लोकसभा प्रभारी अपने-अपने जिलों के जिला अध्यक्षों व प्रत्याशियों से तालमेल बैठाकर अपनी लोकसभा को मजबूत बनाएंगे।

## बच्चों को पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक



**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** विकास खंड भरथना के प्राथमिक विद्यालय झिदुआ में नन्हें बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण सभा आयोजित की गई।सभा में स्टेट रिसोर्स पर्सन राम जनम सिंह ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पेड़ लगाने,पानी बचाने और पॉलीथिन हटाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रांगण में लगे हुए वृक्षों की देखभाल करें तथा जब भी अवसर मिले नए वृक्ष लगाएं दैनिक जीवन में जल की बचत करें इसे व्यर्थ न बहने दें तथा आज के समय की एक विकराल समस्या पॉलीथिन है जिसका काम से काम प्रयोग करें,बाजार से समान खरीदते समय उसे कपड़े के थैले में लेकर आएं और पॉलीथिन के जिन्न को प्लास्टिक की बोतल में बंद करके ईको ब्रिक का निर्माण करें।बच्चों को इको ब्रिक बनाना बताया गया।कार्यक्रम में बच्चों और अध्यापकों ने संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण का कार्य करेंगे तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मोहम्मद काशिफ,श्रीमती निशा और श्रीमती रेखा तथा विद्यालय में पढ़ने वाले समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मतदाताओं को दिलाई गई शपथ



**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।स्वीप की ओर से इस अभियान के तहत लोगों को मतदाता शपथ दिलाई जा रही है और उन्हें मतदान के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।इसी क्रम में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई।यह भी कहा गया कि वे स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करें।स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ.मुकेश यादव ने सभी को शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि हम जागरूक लोग हैं और मतदान के प्रति स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना है।मतदान के दिन मतदान केंद्र पर जाकर वोट जरुर डालना है।चेयरमैन डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि मतदान हम सभी का अधिकार है लेकिन यह हमारा कर्तव्य भी है कि हम मतदान केंद्र पर जाएं और अपना वोट जरूर डालें। जल संरक्षण निर्मल सिंह ने भी मतदाताओं को जागरूक किया।

## एमपी सिंह तोमर के होली मिलन में जमकर उड़ा गुलाल

**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** भाजपा नेता एम पी सिंह तोमर के आवाहन पर सनसिटी स्थित श्री राम मंदिर पर जमकर उड़ा गुलाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कहा की होली भाईचारे का प्रतीक है होली मिलन जैसे आयोजन सदैव होते रहने चाहिए जिससे आपसी भाईचारा बढ़ता है। समारोह में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार चौधरी शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदौरिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर्वजीत भदौरिया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता मोनू कटारे विश्व हिंदू परिषद की महिला नेत्री उर्मिला भदौरिया दिव्य प्रेम सेवा मिशन युवा इकाई के राष्ट्रीय महामंत्री जयवीर सिंह तोमर लतीफ खान मंसूरी नवीन यादव सुशांत दीक्षित जितेंद्र भदोरिया चंदन पोरवाल किसान मोर्चा के अशोक चौहान गोरखनाथ वर्मा रिंकू यादव अजय गुप्ता रमेश यादव राजीव पाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कम्प्यूटर सिखाने को बनाए भवन में चलाया जा रहा गेस्ट हाउस

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बरसाना स्थित राधा विहार इंटर कॉलेज गेस्ट हाउस को लेकर वर्तमान में चर्चा के केंद्र में है। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत की है। सूत्रों के अनुसार कुछ समय पूर्व कॉलेज प्रांगण में विद्यार्थियों को कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए दो मंजिला इमारत बनाई गई थी। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र किस निधि से बना, इसका खुलासा प्रबंधन तंत्र ने आज तक नहीं किया। स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर अवश्य दौड़ गई कि अब उनके पाल्य कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे और रोजगार के नवीन अवसर भी खुल सकेंगे। लेकिन हुआ इसका उल्टा कॉलेज मुनीम ने स्टूडेंट्स की इच्छाओं को दरकिनार करते हुए भवन को गेस्ट हाउस में तब्दील कर दिया। वर्तमान में सरकारी इंटर कॉलेज की जमीन पर गेस्ट हाउस संचालित किया जा रहा है। प्रबंधन तंत्र से लेकर विभाग के बड़े अधिकारी भी नज़रे फेरकर बैठे हैं। जनता में आक्रोश है। कुछ लोगों का कहना है कि अवैध गतिविधियों पर कार्यवाई नहीं हुई तो न्यायालय में रिट दाखिल करेंगे।

# निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आरो बुकलेट का गहनता से अध्यन कर लें : मंगला प्रसाद सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों, तहसीलदारों, उपजिलाधिकारियों व समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये सभी आरओ, एआरओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी रैण्डमाईजेशन से लेकर मतदान व मतगणना के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आरो बुकलेट का गहनता से अध्यन कर लें और आयोग के दिये गये निर्देशानुसार निर्वाचन निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न करायें।

उन्होने कहा कि यदि मतदान केन्द्र पर कोई घटना होती है, और आपके द्वारा कोई रिपोर्ट नहीं की जाती है तथा इसकी जानकारी आयोग को अन्य स्रोत से प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दिव्यांग वोटर जो मतदान करने में सक्षम नहीं है उसके सहायक के दाहिने हाथ की तर्जनी पर स्याही लगायी जाएगी। मतदान समाप्ति हेतु निर्धारित समय के बाद कोई मतदाता पंक्ति में शामिल न होने पाए। मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय पर पंक्ति में खड़े मतदाताओं को पीछे की ओर से एक क्रमांक देते हुए आगे तक पर्ची बाँट दी जाये। प्रशिक्षकों ने चुनाव की विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया।



### स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र की स्थापना हेतु मतदान अवश्य करें

**हरदोई।** पुलिस लाइन से आयोजित स्वास्थ्य विभाग की विशाल मतदाता जागरूकता रैली को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने हरी झण्डी दिखाई और स्वयं मतदाता जागरूकता रैली के साथ नगर का भ्रमण किया, रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर अस्पताल रोड, सिनेमा चौराहा, बड़ा चौराहा एवं नुमाईश चौराहा होते हुए गांधी भवन परिसर में समाप्त हुई। गांधी भवन में उपस्थित एमओआईसी, एएनएम एवं आशाओं को मतदान करने की शपथ दिलाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए आगामी 13 मई 2024 को मतदान अवश्य करें और अपने गांव, मोहल्ले एवं आस-पास के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित तथा अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऐप डाउनलोड कर मतदान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करें।

## वैश्य एकता परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह



**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम शरण गुप्ता के आवास पर वैश्य एकता परिषद का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया वैश्य समाज की महिलाओं,पुरुषों व बच्चों ने धूमधाम से होली के गीतों पर नाच गाते हुए फूलों की होली खेली उपस्थित सभी लोगों का रामशरण गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने पट्टा पहनाकर एवं तिलक लगाकर सभी का स्वागत किया। वैश्य एकता परिषद के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने सभी के ऊपर फूल बरसा कर होली की बधाई दी।संगीत पार्टी द्वारा भक्ति एवं होली के गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया।इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता आनंद मित्तल राजेश अग्रवाल हैप्पी जैन आलोक गुप्ता हरिशंकर पटेल रंजीत सिंह सुबोध अग्रवाल विवेक स्वरूप अग्रवाल मुकेश गुप्ता पूनम अग्रवाल संगीता अग्रवाल शोभा गुप्ता अल्पना गुप्ता पूजा गुप्ता पूनम अग्रवाल संगीता अग्रवाल आदि वैश्य समाज के लोग शामिल हुये।

## मथुरा में नेशनल हाईवे पर युवक की जलाकर हत्या

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** थाना हाई वे क्षेत्र में गुरुवार को नेशनल हाईवे पर एक युवक की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में दहशत व्याप्त हो गई। परिवार वालों ने युवक की हत्या का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाया है। गुरुवार की दोपहर महोली गांव का रहने वाला 22 वर्षीय विजय पुत्र पप्पू अपने पिता के साथ मोटर साइकिल से थाना हाई वे आ रहा था। विजय जैसे ही एटीवी फैक्ट्री के समीप पहुंचा वहां जाम लगा हुआ था। इसी दौरान उसकी बाइक को पीछे से खींच लिया और सड़क किनारे ले जाकर जिंदा जला दिया। दोपहर में भरी रोड पर इस दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम देकर हत्यारे मौके से भाग गए। बेबस पिता पप्पू हत्यारों से उसे छोड़ देने की गुहार लगाता रहा। लेकिन पिता की गुहार और संघर्ष भी हत्यारों को नहीं रोक सकी।

# महिला थाना प्रभारी को राजनीतिक आकाओं का संरक्षण, 27 महीने से जमीं है अलका ठाकुर

**दिनेश पंकज**

**मथुरा।** विवाहिताओं के ससुराल में होने वाले दहेज को लेकर उत्पीड़न को गंभीरता से लेते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय और भारत सरकार ने कानून में पीड़िताओं को न्याय दिलाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की हुई है लेकिन बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है जिन हाथों को न्याय की जिम्मेदारी दी गई है वही पिडिताओं के दुख दर्द और वेदना को नजरअंदाज करते हुए अपनी आर्थिक धनलोलुप पिपाषा को पूरा करते हुए अकूत धन कमाने में लगे हुए हैं उन्हें अपने कर्तव्य नियम कानून से कोई लेना देना नहीं है मजे की बात है, जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी भी इस और अनदेखा किए हुए रहते हैं इससे भी पीड़ित ससुरालयों से सताई गई महिलाओं को न्याय के बजाए उन्हें सुलह समझौता के नाम पर तारीख दर तारीख देने का काम करते हुए पीड़िता को हताश और निराश करने का प्रयास महिला थाना पुलिस के द्वारा किया जाता है। जानकारी के अनुसार महिला थाना प्रभारी के पद पर 7 जनवरी 2022 को निरीक्षक अलका ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई थी तभी से अनवरत थाना प्रभारी के पद पर कार्यरत हैं। बताया जाता है किसी प्रभावशाली सत्ता पक्ष के नेता का संरक्षण प्राप्त है तभी तो अलका ठाकुर लंबा




चार्ज चलाने वाले थाना प्रभारी का जनपद ही नहीं प्रदेश में भी रिकॉर्ड बना दिया है। मजे की बात यह सभी थानों का वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है और वहां के कार्यकलापों की समीक्षा की जाती है लेकिन महिला थाना जिसका आज तक इनके कार्यकाल के दौरान कभी भी निरीक्षण नहीं किया गया यही कारण है स्वच्छंद महिला थाना प्रभारी एक महिला होते हुए भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी को दरकिनार करते हुए ससुराल की सताई हुई पीडिताओं को सुलह समझौता के नाम पर तारीख दर तारीख देकर उसे और उसके परिवार को हैरान और परेशान करने का काम महिला थाने के द्वारा किया जाता है। सुलह समझौता के लिए एक- एक महीने की तारीख दी जाती हैं पीड़िताएं अपने माता-पिता और भाई आदि रिश्तेदारों को लेकर महिला थाने में सुबह से शाम तक भूखी प्यासी बैठी रहती हैं वहीं दूसरी ओर लड़का पक्ष को मनमानी तरीके से आने

**मुकदमा लिखाने धारा घटाने और नाम निकालने की वसूली जाती है कीमत**

की पूरी छूट दी हुई होती है और यदि लड़का पक्ष कोई बहाना करके आने से बचना चाहता है तो उसे फोन पर ही समय की छूट देते हुए तारीख दे दी जाती है। महिला थाना पुलिस के इस रवैया से एक और जहां पीड़िता और उनके मायके वाले वकील की फीस और किराए भाड़े को खर्च करते-करते इतने टूट जाते हैं वह न्याय की उम्मीद छोड़ बैठते हैं। सुलह समझौता असफल रहने पर भी पीड़िता का मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता और इस तरह से पीड़िता का 6 से 8 महीने का समय व्यर्थ चला जाता है। सूत्रों की माने तो महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने और धारा घटाने के लिए एफ आई आर में से नाम निकालने की मनमानी कीमत वसूल की जाती है यह कहना गलत नहीं होगा महिला थाना पीड़ित ससुराली जनों के द्वारा सताई गई महिलाओं के लिए संरक्षण प्रदान करने और उन्हें पोषित करने के बजाय उनका शोषण करने में मस्त है यही कारण है पीड़िताएँ पस्त होकर शोषण का शिकार हो रही हैं। महिला थाने की कार्यप्रणाली को शासन और प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को और महिला आयोग को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने कसी कमर



**अवधनामा संवाददाता**


**फिरोजाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को डीएम और एसएसपी ने चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला मुख्यालय पर वार्ता की। जहां डीएम और एसएसपी ने निर्विघ्न तरीके से चुनाव संपन्न कराने की रणनीति से मीडिया को अवगत कराया।

डीएम रमेश रंजन ने कहा कि चुनाव के लिए जनपद को 188 सेक्टर और 28 जोन में बांटा गया है। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए 32 नोडल अधिकारियों को लगाया गया है। क्रिटिकल बूथों का चिन्हांकन कर लिया गया है। सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ उनकी बैठक हो चुकी हैं। गड़बड़ी करने वालों को भी चिन्हित कर लिया गया है। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स लगाया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से निष्पक्ष और निडर होकर बिना किसी के दबाव व प्रलोभन में आए मतदान करने की अपील की। एसएसपी ने बताया कि अभी तक 2032 लोगों को पाबंद किया गया है। 216 के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसमें से 23 को जिला बदर किया गया है।

## बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म और मारपीट करने के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद हुए हैं। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया की 25 मार्च को एक 7 वर्षीय बालिका का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने के मामले में बालिका के चाचा के द्वारा थाना रामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बालिका का डाक्टरी परीक्षण कराया गया था। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। उसके बाद पुलिस ने आरोपी जाकिर पुत्र सगीर निवासी हसमत नगर थाना रामगढ़ के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं में भी मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार रात्रि



**गोली लगने से हुआ घायल, मौके से तमंचा और कारतूस बरामद**

एक बजे पुलिस की आरोपी से जाकिर अबू हुरैरा स्कूल के पास मुठभेड़ हो गई। जहां अपने आप को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से आरोपी युवक सड़क पर गिर गया। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल अवस्था में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है।

## ग्राम पारेन के जंगल में अचानक आग लगने से मची उथल-पुथल

**उरई (जालौन)।** विकासखंड कुठौंद थाना क्षेत्र कुठौंद के ग्राम पारेन की जंगल में अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग की लपटों ने बड़ा रूप धारण कर लिया। जब तक ग्रामवासी कुछ समझ पाते तब तक आग की लहरें प्रचंडता की ओर बढ़ गयीं। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम पारेन के पास जंगल में जिस जगह पर आग लगी थी, उस जगह पर कोई विद्युत के तार भी नहीं हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि किसी ने बीड़ी सिगरेट पीकर उसे छोड़ दिया हो जिससे आग लग गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर आग को काबू में किया तथा खेतों में पकी खडी किसानों की फसल की क्षति होने से बचा लिया। बताया गया है की 5 एकड़ के करीब एरिया आग ने अपने आगोश में ले लिया था। गनीमत यह रही गांव के किनारे स्थित खेतों में आग की लपटे नहीं आ पाई और उस पर काबू पा लिया गया। अन्यथा बहुत बड़े नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था। मौके की सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## एसडीएम व सीओ द्वारा केंद्रीय सशस्त्र बल व पुलिस ने किया एरिया डोमिनेशन

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा।** पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र व क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सिसोलर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सीआरपीएफ/ केंद्रीय सशस्त्र बल व पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया। आमजन से वार्ता कर आगामी लोकसभा चुनाव में भय मुक्त होकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया तथा आस्वस्त किया गया कि पुलिस व प्रशासन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सकुशल चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा उन्हें प्रलोभन या भयभीत करने का प्रयास किया जाता है, तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि उस व्यक्ति के विरुद्ध



पुलिस व प्रशासन द्वारा कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी अराजक तत्व द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी मौदहा द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भुलसी, भैंसमरी, चांदी कला, बुढई, गुढां तथा कस्बा सिसोलर के क्रिटिकल/ वल्नरेबुल मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## शिक्षक को आजीवन कारवास

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** छात्रा के साथ दुराचार करने वाले शिक्षक को एडीजे विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट राम राज द्वितीय की अदालत ने आजीवन कारावास और 65 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रामवीर यादव द्वारा की गई। सुरीर कोतवाली क्षेत्र स्थित स्कूल में पढ़ने वाली 14 वर्षीय किशोरी 3 दिसंबर 2020 की सुबह घर से स्कूल पढ़ने गई थी। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। किशोरी के पिता ने सुरीर कोतवाली में बेटी के लापता हो जाने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच में पता चला कि किशोरी को स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक फिरोज चौधरी पुत्र नवाब अली निवासी कोटला मेवातियान थाना हापुड़ जिला हापुड़ बहला फुसला कर भगा ले गया है। सुरीर कोतवाली पुलिस ने हापुड़ में दबिश देकर फिरोज के कब्जे से किशोरी को बरामद किया था। चिकित्सीय परीक्षण में किशोरी के साथ दुराचार किए जाने की पुष्टि हुई थी।

## सुलभ शौचालय बंद होने से खुले में जाने को मजबूर कस्बावासी

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के अलग-अलग वार्डों में बने 13 सुलभ शौचालय पिछले दो माह से बंद होने के कारण लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। लोग खुले में जाने को मजबूर है। कस्बे में स्वच्छ भारत मिशन के तहत अलग-अलग वार्डों में कुल 13 सुलभ शौचालयो का निर्माण 5 वर्ष पूर्व कराया गया था। प्रमुख स्थानों में बनाये गये इन शौचालयो को दो माह पूर्व मरम्मत के नाम पर बंद किया गया था। मरम्मत का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। लेकिन ठेकेदारों का भुगतान न होने से यह शौचालय मरम्मत के बाद हैंडओवर नहीं हो रहे हैं। इससे पिछले दो माह से लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। कस्बा निवासी किशनपाल, चंद्रपाल, रेखा, गोमती, प्रेमा, मनीष कुमार, कुंवर सिंह, रज्जन, सुरेश कुमार, तिरजिया, फूलकली, सुखरानी, गोलू, पप्पू वर्मा, लल्लू प्रसाद आदि ने बताया कि शौचालय बंद होने से वह पिछले दो माह से खुले में जाने




को मजबूर है। तपोभूमि में बने शौचालय में आने वाले लोगों ने बताया कि सुबह गायत्री कुंज में लोगों का जमावड़ा लगता है। शौचालय बंद होने के कारण बाहर जाने में आए दिन शर्मसार होना पड़ता है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह ने बताया कि 13 में से 4 शौचालय शुरू हो चुके हैं। इसी सप्ताह में वह अन्य शौचालयों को शुरू कराने के लिए शुक्रवार को ठेकेदारों के साथ बैठक करके समस्या का समाधान करायेंगे।


## मुरादाबाद मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा मुरादाबाद मंडल में आलमनगर-शाहजहांपुर सेक्शन के टोडरपुर स्टेशन पर डाउन रेल लाइन प्रारंभ करने के संबंध में प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक **03.04.2024 से 05.04.2024** तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 14235 वाराणसी – बरेली एक्सप्रेस | 02.04.2024 से 04.04.2024 |
| 14236 बरेली – वाराणसी एक्सप्रेस | 03.04.2024 से 05.04.2024 |
| 14307/14308 प्रयागराज संगम – बरेली – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | 03.04.2024 से 05.04.2024 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन जिनके बीच रद्द रहेंगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 04319 लखनऊ–शाहजहांपुर एक्सप्रेस | बालामऊ जं. पर | बालामऊ–शाहजहांपुर | 02 एवं 04.04.2024 |
| 04320 शाहजहांपुर–लखनऊ एक्सप्रेस | बालामऊ जं. से | शाहजहांपुर– बालामऊ | 03 एवं 05.04.2024 |

**रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण**

रेलगाड़ी संख्या 15074 टनकपुर–सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस दिनांक 03 एवं 05.04.2024 को टनकपुर से 08:35 बजे की जगह 10:05 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 22454 मेरठ सिटी–लखनऊ एनई राज्य रानी एक्सप्रेस दिनांक 03 से 05.04.2024 तक मेरठ सिटी से 06:40 बजे की जगह 08:40 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15076 टनकपुर–शक्ति नगर त्रिवेणी एक्सप्रेस दिनांक 04.04.2024 को टनकपुर से 08:35 बजे की जगह 10:05 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15098 जम्मू तवी–भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस दिनांक 02.04.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15652 जम्मू तवी–गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस दिनांक 03.04.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12332 जम्मू तवी–हावड़ा जं. हिमगिरी एक्सप्रेस दिनांक 04.04.2024 को जम्मू तवी 22:45 बजे की जगह 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

रेलगाड़ी संख्या 15044 काठगोदाम–लखनऊ एनई एक्सप्रेस दिनांक 04 एवं 05.04.2024 को काठगोदाम से 11:15 बजे की जगह 12:15 बजे प्रस्थान करेगी।

**रेलगाड़ियों का विनियमन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमन की अवधि | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 13152 जम्मू तवी–कोलकाता एक्सप्रेस | मार्ग में 60 मिनट | 02 से 04.04.2024 तक |
| 15910 लालगढ़ जं.–डिब्रूगढ जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 60 मिनट | 02 से 04.04.2024 तक |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या जं. एक्सप्रेस | मार्ग में 30 मिनट | 02.04.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

939/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जरूरतमंदों को बाँटे गये ईद के उपहार कपड़े ,सेवई व खजूर



**मयाबाज़ार-अयोध्या।** मुस्लिम इदरीशी महासभा मया बाज़ार अयोध्या की टीम द्वारा जरूरतमंदों को ईद के उपहार के तौर पर कपड़े, सेवई,रोज़ा इफ्तार के लिये एक- एक किलो खजूर व 101 रुपये वितरित किया गया।मुस्लिम इदरीशी महासभा मया ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर मुबारक अली इदरीशी और मया ब्लॉक मीडिया प्रभारी मोहम्मद कैफ इदरीशी ने रमज़ान महीने में 15 लोगों को यह ईद का उपहार देने के लिये चिन्हित किया हैं।और बाकी 10 लोगों को यह ईद का उपहार 30 मार्च को वितरित किया जायेगा।

## समाजिक समीकरण को देखते हुए बनाएं पन्ना प्रमुखः सांसद लल्लू सिंह

**अयोध्या।** लोक सभा चुनाव कार्यालय सिविल लाइन में विधान सभा प्रभारी, संयोजकों, सह संयोजक व प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव को लेकर बूथ प्रबंधन पर चर्चा की गई। बूथ स्तर के पदाधिकारीयों व पन्ना प्रमुखों को एक्टिव करने को कहा गया। हर बूथ पर लाभार्थियों से जिले स्तर का पदाधिकारी सम्पर्क व संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि चुनाव में हर बूथ व हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर पदाधिकारी कार्य करें। हर घर तक पहुंचने के लिए पदाधिकारी समाजिक समीकरण को देखते हुए पन्ना प्रमुख बनाएं। पन्ना प्रमुख पार्टी की चुनावी रणनीति का एक महत्वपूर्ण अंग है। पदाधिकारी लाभार्थियों से सम्पर्क अभियान पर विशेष ध्यान दें। होली मिलन आयोजित कर जनता से सम्पर्क में रहें। सर्वाजनिक स्थलों पर पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों व विकास की चर्चा करें। लोक सभा चुनाव संयोजक डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि बूथ पदाधिकारियों को एक्टिव करें। पन्ना प्रमुखों के माध्यम से घर-घर सम्पर्क करें। पिछली बार से अधिक मतों से विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें। प्रत्येक 60 वोटर पर एक पन्ना प्रमुख बनाया जाए। विधानसभा स्तर पर पन्ना प्रमुख की बैंठकें व सम्मेलन कराया जाएगा। होली मिलन, 14 अप्रैल को समरसता दिवस व पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजित करें।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी को लेकर अयोध्या में तैयारियां शुरू

**अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी को लेकर विशेष उत्साह है। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इससे पहले दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, ठहरने, पेयजल, मेडिकल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों ने बैठक में दिए। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रीरामनवमी के पर्व पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है।

## सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से गरीबों को किया लाभांवित : लल्लू सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने विधान रूदौली के लखनीपुर, अशरफ नगर, जुनेदपुर , रसूलपुर , ढ़ेमा पटरंगा मंडी व बठोली में चौपाल लगाया। चौपाल के दौरान कहा कि कुछ पार्टियों छल प्रपंच व असभ्य भाषा का प्रयोग करने के साथ चुनाव मैदान है। भाजपा क्षेत्र में किये गये विकास कार्यो व बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिलने जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच विकास कार्यो व योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की लम्बी लिस्ट जनता के समक्ष प्रस्तुत है।ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी ने कहा कि सरकार के विकास तथा योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभांवित हुआ है। सरकार किसानों के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया गया है। इस दौरान मवई मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू, मंडल चुनाव



में है। सरकार ने भ्रष्टाचार के साथ अपराध पर कड़ा प्रहार किया है। बिचौलियों की भूमिका ही समाप्त हो गयी। सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से गरीबों को लाभांवित करने का काम किया है। संयोजक संतोष जायसवाल, रघुनंद चौरसिया, संतोष मिश्र, अखिलेश रावत, राजू रावत, सुकुमार रावत, प्रधान मुरली रावत, पिंटु वर्मा वासुदेव वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सामूहिक नकल के मामले में निरस्त एलएलबी की परीक्षा सकुशल सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 27 फरवरी को सिटी लॉ कालेज, बाराबंकी केन्द्र की एलएलबी त्रि-वर्षीय एवं पंचवर्षीय प्रथम पाली की परीक्षा सामूहिक नकल के मामले में निरस्त की गई थी। बृहस्पतिवार को अवध लॉ कालेज बाराबंकी के केन्द्र पर निरस्त एलएलबी की परीक्षा शुचिता के साथ सकुशल सम्पन्न हो गई। दूसरी ओर एलएलबी त्रि-वर्षीय एवं पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की भी परीक्षा 12 केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सिटी लॉ कालेज, बाराबंकी केन्द्र की टीआरसी लॉ कालेज, सॉई लॉ कालेज, जस्टिस




लॉ कालेज की प्रथम पाली की निरस्त परीक्षा को सकुशल व नकलविहीन कराने के लिए अवध लॉ कालेज में दो पर्यवेक्षक व दो सचलदल की टीम पूरे समय केन्द्र पर तैनात रहे। इस परीक्षा में 859 परीक्षार्थी शामिल रहे। सचलदल की सघन तलाशी में कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नही पाया गया।वहीं दूसरी ओर अपराह्न पाली में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सात जनपदों के 12 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हो गई। सचलदल की तलाशी में अवध लॉ कालेज में तीन परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही गई। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि सिटी लॉ कालेज में 27 फरवरी के प्रथम पाली की निरस्त परीक्षा के साथ एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सात जनपदों के 12 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हो गई।

अवध लॉ कालेज के केन्द्र पर सिटी लॉ कालेज की निरस्त एलएलबी की परीक्षा कड़ी निगरानी में कराई गई। जिसके लिए दो पर्यवेक्षक एवं दो सचलदल की तैनात रही। इसमें कोई परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया। वहीं अपराह्न की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में तीन परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई है। इस परीक्षा में 6500 परीक्षार्थी शामिल रहे।

# टैंकर चालक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला शव



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुचेरा बाजार स्थित पीएनसी कंपनी के आवासीय परिसर के ब्लॉक डी स्थित अपने सहकर्मी डंपर चालक के कमरे में पाइप से रस्सी के सहारे लगभग 45 वर्षीय टैंकर चालक रामहरक राजभर पुत्र पूर्णमासी निवासी हरकौली पोस्ट शिवपुर थाना भलवनी जनपद देवरिया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे में लटका मिलने के बाद कंपनी के कर्मियों सहित क्षेत्र में हड़कंप पहुंच गया है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवास को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम बुलाते हुए गहन छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 330 ए की निर्माण कार्यालय संस्था द्वारा कुचेरा बाजार में हॉट मिक्स प्लांट बना रखा गया है, जिसके आवासीय भवन ब्लॉक डी में उपरोक्त टैंकर चालक रामहरक रहता था। उसका बगल में ही स्थित डंपर चालक बबलू यादव निवासी बेगूसराय बिहार के साथ बैठता उठना भी था। बबलू यादव का कहना है कि बृहस्पतिवार को रामहरक उसके रूम पर आए और कहा मैं यही हूं, आप भोजन लेने जा रहे हो, मेरी भी टिफिन लेते जाइए, भरवा लाईए। इसके बाद बबलू टिफिन उन्हें देकर ड्यूटी पर चला गया और लगभग 12 बजे करीब जब वह अपने रूम पर गया तब देखा कि रामहरक रस्सी के सहारे टिन सेड में लगे लोहे की पाइप से रस्सी के सहारे लटके हैं। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे कंपनी के अधिकारियों में शामिल सीनियर इंजीनियर रघुनाथ पांडे ने घटना की जानकारी इनायत नगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकार सुनील कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मृतक कर्मी का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेजवाया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी। जिसके बाद मृतक का भाई प्रदीप राजभर मौके हेतु चल पड़ा है।

## अहम भूमिका निभाने वाले कर्मी सम्मानित

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों की प्रभावी पैरवी कर न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पैरोकारों/कोर्ट मोहर्रिर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुरुवार



को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित पैरोकारों/कोर्ट मोहर्रिर को सम्मान पत्र प्रदान किया। उन्होंने न्यायालय से अपराधियों को सजा दिलाने में पैरोकारों/कोर्ट मोहर्रिर की अहम भूमिका बताई और कहा कि समय रहते व त्वरित पैरवी से न्यायालय व वादी दोनों का समय बचता है तथा न्याय की आस बढ़ जाती है।

# वैदिक मंत्रों के साथ बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार व सामूहिक यज्ञोपवीत का कार्यक्रम संपन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा बृहस्पतिवार चैत्र मास की तृतीया के शुभ मुहूर्त में सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार आचार्य वीरेंद्र द्विवेदी वैदिक के आचार्यत्व में स्थान श्री गोपाल मंदिर लक्ष्मण घाट अयोध्या धाम में कराया जा रहा है अखिल भारतीय चाणक्य परिषद प्रतिवर्ष सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम का आयोजन करता आ रहा है आज के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण समाज में अपने ब्राह्मण संस्कारों को जागृत करना और यज्ञोपवीत संस्कार के प्रति ब्राह्मण बटुको में आदर और ब्राह्मणत्व को जागृत करना और ब्राह्मण समाज को अपने संस्कारों और समाज के प्रति सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना है। सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन हुआ। आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार व श्लोकों के बीच महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। इस मौके पर 16 बटुकों को दीक्षा दी गयी। प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पं दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा कि जब ब्राह्मण बच्चों को बचपन से ही संस्कार दिए जाते हैं तो वह बड़े होकर भी उसी कार्य को आगे बढ़ाने का काम करते हैं जिससे बटुक ब्राह्मण में संस्कार का बीजारोपण होता है । इस मौके पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्रा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महंत क्षीरेश्वर दत्त मिश्र राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पंडित जयप्रकाश तिवारी राष्ट्रीय सदस्य पंडित काशीनाथ तिवारी पंडित राजमनी तिवारी प्रदेश महामंत्री डॉ जय गुरुदेव शुक्ला कोषाध्यक्ष पंडित राधा रमण त्रिपाठी प्रदेश मंत्री महंत ओमप्रकाश मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष देवनारायण तिवारी गुरौली जिला उपाध्यक्ष रुपेश तिवारी जिला महामंत्री अंबरीश चंद्र पांडेय जिला संगठन मंत्री पंडित रामनयन पाठक जी मसौधा ब्लॉक सदस्य सूर्यकांत पांडेय विवेकानंद तिवारी डॉक्टर अरविंद कुमार द्विवेदी अयोध्या पंडित हरफूल मिश्रा पंडित कृष्ण कुमार पांडेय व मुख्य यजमान पंडित संजय मिश्रा और भारी संख्या में ब्राह्मण बटुकों का परिवार और ब्राह्मण समुदाय उपस्थित रहा कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय चाणक्य परिषद निःशुल्क परिषद के खर्चे पर वर्षों से आयोजित करता चला आ रहा है।

### वांस लाइफ सपोर्ट पर मरीजों को ले जाते हैं एंबुलेंस कर्मी

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस आपको बताते चले की श्री राम चिकित्सालय अयोध्या टेक्नीशियन नागेंद्र व पायलट शिव कुमार तथा सहयोगी अमरजीत वर्मा ने मिलकर मरीज को एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस में शिफ्ट कराकर श्री राम चिकित्सालय अयोध्या में भर्ती कराया गया अयोध्या में मूलरूप से अमेठी जिले के रहने वाले रामप्रसाद (53) पीएसी की 32वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर के पद पर इन दिनों श्रीराम मंदिर परिसर की सुरक्षा में तैनात हैं मंगलवार की शाम लगभग 05¬45 बजे वह अन्य जवानों के साथ परिसर में स्थापित चौकी पर सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाले थे कि इस बीच अचानक असलहा साफ करते समय उनके ही एके-47 से अचानक गोली चल गई।

## होली मिलन समारोह में बिखरे सद्भाव के रंग ,एक दूसरे को गले लगा कर दी बधाइयां

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संगीत की मधुर धुन के बीच एक दूसरे को गले लगा कर बधाइयां देते लोग पूरे माहौल को खुशनुमा बना रहे थे। मौका था अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का। बुधवार की देर शाम नगर के गुलाबबाड़ी मैदान के सामने जौहरी आवास पर बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग एकत्र होकर रंगों के पर्व होली की बधाइयां देकर समाज में रिश्तों की डोर मजबूत करते नजर आए। पारंपरिक होली गीतों के बीच मस्ती करते लोगों ने लजीज व्यंजनों का भी जमकर लुत्फ उठाया। रंगारंग कार्यक्रम से पहले भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति और आरती का कार्यक्रम विधि विधान से किया गया। आरती के उपरांत लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर सद्भाव का खूब रंग बिखेरा। सारे गिले शिकवे मिटाकर लोगों को गले लगाया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से



सामाजिकता की डोर मजबूत होने के साथ साथ एक दूसरे को जानने और समझने का मौका भी मिलता है। संगठन समाज को जोड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर करता रहता है। संस्थान के उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि समय के साथ समाज की सोच बदल रही है। इसी का परिणाम है कि आज हर वर्ग के लोगों की निगाह हम पर बनी हुई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री प्रतीक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, ऋषभ श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, रानू श्रीवास्तव, मोना श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव,भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, सुशील बहादुर जौहरी, सपना जौहरी, किरन सक्सेना, पदमकांत सक्सेना, हर्षिता सक्सेना, शर्वेंद्र विक्रम सिंह,सीमा श्रीवास्तव, अनामिका सिंह,समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम एसपी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक सतर्कता जोरो पर है। तैयारियों को लेकर बैठक के साथ ही मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए इन्हें मतदान के लिए तैयार किया जा रहा। गुरुवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के अलावा उप जिला मजिस्ट्रेट रामनगर/राजस्व टीम के साथ भ्रमणशील होकर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत विधान सभा क्षेत्र रामनगर अंतर्गत मतदान केंद्र, प्राथमिक विद्यालय खुज्जी का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार उप जिला मजिस्ट्रेट रामनगर व राजस्व टीम के साथ भ्रमणशील होकर विधान सभा क्षेत्र रामनगर अंतर्गत मतदान केंद्र, प्राथमिक विद्यालय जमका का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### अभद्रता के विरोध पर युवक की पिटाई

**बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भट्ठा पुरवा निवासी शुभम ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि 26 मार्च को शाम सात बजे गांव के संदीप दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो उसने अपने भाई राजू और विनोद को भी बुला लिया। तीनों भाइयों ने मिलकर मेरी पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान शुभम के हाथ की हड्डी टूट गई। विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक, दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को चरणबद्ध तरीके के समस्त विभागाध्यक्ष के साथ डाक मतपत्र एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के संबंध में संवाद स्थापित कर गहन समीक्षा के उपरान्त आवश्यक



से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत गुरुवार को प्रशासन की बैठक संपन्न हुई। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अलावा जनपद निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने चुनाव आयोग के दिशा निर्देश से सभी को अवगत कराते हुए अपील की कि सभी कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें।

## 6 किलो पोस्ता छिलका, बाइक समेत एक गिरफ्तार

**बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने एक युवक को छह किलो पोस्ते के छिलके के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके पास से एक बाइक भी मिली। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया जैदपुर थाना क्षेत्र के हरख जाने वाले मार्ग पर मुखबिर की सूचना मिलने पर कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में एक बाइक से आ रहे युवक को रोकने का इशारा किया। मगर पुलिस को देखकर युवक ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक बोरी में छह किलो पोस्ते का छिलका बरामद हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने अपना दुरविजय सिंह निवासी भकोसा टिकरा थाना जैदपुर बताया। पुलिस ने तस्कर के पास मौजूद बाइक के कागजात मांगे तो वह भी उसके पास नहीं थे। पुलिस ने बाइक को सीज करते हुए तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु गठित कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नई शिकायत रजिस्टर को भी देखा और निस्तारित शिकायतों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संदर्भ में जरूरी निर्देश देते हुए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें निर्देशित किया कि संबंधित एसडीएम से वार्ता करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि निस्तारण उचित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु शिकायतों का उचित निस्तारण बेहद अहम है। इसलिए नोडल अधिकारी सक्रिय रहकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

# जलालपुर क्षेत्र में सीओ के नेतृत्व में फ्लैग मार्च



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में जलालपुर नगर क्षेत्र में सी आर पी एफ के बटालियन के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च जलालपुर कोतवाली से निकलकर मालीपुर तिराहा, जमालपुर, वाजिदपुर, होते हुए उर्दू बाजार, उस्मापुर, नगपुर होते हुए पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओ को निडर होकर मतदान के लिए जागरूक किया साथ ही एरिया डोमिनेशन भी किया एवं संवेदनशील बूथों के मतदाताओं से मिलकर उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके साथ है और वह निडर होकर अपने मताधिकारों का प्रयोग करें। इस दौरान क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार ने क्षेत्र के असामाजिक तत्वों को हिदायत देते हुए कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार का अपवाह फैलाने कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी यही नहीं उन्होंने मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की लोगों से अपील भी की। इस मौके पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्या, दुर्गेश सिंह रोहित सिंह सहित अन्य सुरक्षा कर्मी शामिल रहे।

# डा. भास्कर ने किया होम्योपैथी में नए युग का सूत्रपात

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति की परिष्कृत होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति है। इस पद्धति को आगे बढ़ाते हुए कई दशकों तक होम्योपैथिक चिकित्सा पर शोध का कार्य करते हुए डा. भास्कर ने इस उपकरण को बनाया है।

डा शर्मा ने भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा अपने उपकरण का पेटेंट भी करा लिया है। इस उपकरण के आने से होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को एक नया आयाम मिलेगा। भारतवर्ष की अति पुरानी चिकित्सा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डॉक्टर भास्कर शर्मा ने एक सराहनीय कार्य अंजाम दिया है जो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में नए युग का सूत्रपात करेगा। आने वाले दिनों में यह उपकरण भारत के अलावा कई अन्य देशों में भी अपनी उपस्थिति



दर्ज कराएगा जिससे निश्चय ही विश्व स्तर पर भारत के होम्योपैथिक वैज्ञानिकों की धाक बनेगी। इस उपकरण के निर्माण से होम्योपैथी जहां अति आधुनिक उपकरण से लैश होगा वहीं इस पद्धति में चिकित्सा के नए अवसर के द्वार खुलेंगे। यह डिवाइस आधुनिक तकनीकी युक्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से त्रुटि रहित कम समय में रोगियों का संपूर्ण रोग निदान करते हुए परफेक्ट होम्योपैथी दवा पोटेंसी सहित चयन करने में रामबाण साबित होगा जिससे देश-विदेश में हजारों लाखों और रोगियों का सुगम पूर्वक पोटेंसी सहित होम्योपैथी दवा का चुनाव कर होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जटिलताओं को काम करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा जगत में एक नई क्रांति लाने का काम करेगीद्य इस यंत्र की निम्नलिखित विशेषताएं हैं जैसे रोग निदान, होम्योपैथी दवा का परफेक्ट चयन, पोटेंसी का चयन, समय की बचत, मानवीय भूल को कम करना, डेटाबेस ट्रीटमेंट, आसान संचालन, कम्युनिटी इको फ्रेंडली एवं अन्य विशेषताएं भी शामिल है इस डिवाइस के माध्यम से सभी प्रकार के साध्य तथा असाध्याय बीमारियों पर नियंत्रण और संक्रामक महामारी बीमारियों पर भी बड़ा नियंत्रण किया जा सकता है।

- डा. भास्कर ने बनाया होमियोपैथिक मेडिसिन स्पेक्ट्रल एनालाइजिंग डिवाइस
- वैश्विक स्तर पर पद्धति में बनेंगे चिकित्सा के नए अवसर
- होम्योपैथी का विश्व में ऐसा पहला यंत्र जिससे त्रुटि रहित कम समय में रोगियों का होगा इलाज

# जिला कारागार का किया गया मासिक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार मलिक के आदेश के क्रम में गुरुवार को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्रिजेश कुमार-द्वितीय द्वारा जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय एवं भोजनालय का निरीक्षण किया गया और बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ किया गया। साथ ही जिला जेल में स्थित बैरकों का निरीक्षण किया गया और बंदियों को प्राप्त सुविधाओं के संबंध में पूछताछ किया गया। उक्त बैरक में निरूद्ध बंदिगणों को जेल मैनुअल के बारे में, जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा उनसे उनके मुकदमें, स्वास्थ्य एवं परिजनों से मुलाकात के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान अभिषेक चौधरी अधीक्षक जिला कारागार, राजेश कुमार पाण्डेय जेलर, प्रदीप कुमार सिंह डिप्टी जेलर व जिला कारागार के कर्मचारीगण तथा जेल पीएलवी उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी श्री ब्रिजेश कुमार-द्वितीय, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर द्वारा दिया गया है।

# ब्लॉक में संचारी रोग नियंत्रण बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** संचारी रोग नियंत्रण हेतु क्षेत्र के मिठवल ब्लॉक सभागार में बुलाई गई बैठक बृहस्पतिवार को संपन्न हुई। बैठक में सभी सचिवों के अलावा बडी संख्या में प्रधान गंण व सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक विकास अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव ने गांवों की साफ-सफाई को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग गांवों में व्याप्त गंदगी को तत्काल साफ कराएं, नालियां साफ करवा कर दवा का छिड़काव अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

उन्होंने कहा कि रोगों के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने की भी आवश्यकता है। इसके लिए गांवों में जागरुकता रैली निकालने व गांवों में बैठक कर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करें। उन्होंने जानकारी दिया कि 1अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा आप सभी लोग गांव व नालियों की सफाई आदि कार्य की निगरानी करते हुए सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करा लें। सहायक विकास अधिकारी ने कहा कि समयान्तर्गत गांवों में फागिंग व साफ सफाई की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हो जानी चाहिए अन्यथा की स्थिति में संबधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित है।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम कुशल टंडन सचिव अनुपम पाण्डेय, दीनानाथ पाण्डेय,पंचराजी तथा जनकनन्दिनी सचींद्र नाथ पाठक, आफताब अहमद, लालजी चौरसिया, रामगोपाल चौरसिया, अरविंद सिंह के अलावा प्रधान प्रतिनिधि तसव्वर शाह, प्रधान यदुनाथ यादव, प्रधान अरुण प्रताप सिंह, रामचन्द्र सफाईकर्मी संह बल्लांक इकाई मिठवल अध्यक्ष अजीत कुमार संप्रेक्षक रामकिशोर, महामंत्री विनोद कुमार कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, मंत्री राजकपूर चौधरी नरेन्द्र कुमार सहित कई सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# प्रबंधक के हाथों सम्मान पाकर निहाल हुए श्रीगुरू नानक एकेडमी के मेधावी

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज नगर पंचायत में स्थित श्रीगुरू नानक एकेडमी में वार्षिकोत्सव के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। वार्षिक परीक्षा मे सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावियों को एकेडमी के प्रबंधक परमजीत सिंह द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वार्षिक परीक्षा में कक्षा छह में अजीमा 98.27 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, अनुश्री 98 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे व समीक्षा 96.36 अंक के साथ तीसरे, कक्षा सात में संस्कार गुप्ता 97.17 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, सारांश श्रीवास्तव 95.67 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे व सेजल गुप्ता 95.63 अंक के साथ तीसरे जबकि कक्षा आठ में अपूर्वा शुक्ला 95.95 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम व परिवर्तन यादव 89.63 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उक्त सभी मेधावियों को स्कूल के प्रबंधक परमजीत सिंह के द्वारा मेडल, प्रशस्तिपत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि जो भी मेहनत व लगन से पढ़ाई करता है उसे एक ना एक दिन सफलता आवश्य मिलती है। पुरस्कार से बच्चों मे प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत होता है। इस दौरान प्रिंसिपल नीलम श्रीवास्तव, रवींद्र गुप्ता, राजेश पाण्डेय, प्रतीक्षा, हिना, अजीम, अब्बास, विजय जायसवाल, नदीम, नेहा, ज्योति, पवन आदि मौजूद रहे।



# जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में चुरिहारी की अंकिता व देऊरा के शनि रहे अव्वल





अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगिया में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उसका बाज़ार विकास खंड के उप्रावि चुरिहारी की अंकिता व जोगिया के देउराबाज़ार के शनि कुमार संयुक्त रूप से प्रथम रहे। चुरिहारी के तीन बच्चे प्रथम तीन स्थान बनाने में सफल रहे।

सभी विकास खंडों में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 100 बच्चों ने अपने -अपने विज्ञान माडल के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। समस्त माडलों का अलग -अलग पांच पर्यवेक्षकों ने सूक्ष्म निरीक्षण कर माडल से संबंधित प्रश्न पूछे और अंक प्रदान किया। इस आधार पर सर्वश्रेष्ठ दस माडल को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। अंकों के आधार पर उसका की अंकिता व जोगिया के सनी कुमार प्रथम, बढ़नी के अभय कुमार तृतीय, जोगिया के शिवशांत चतुर्थङ्खउसका की पूर्णिमा गुप्ता पंचम, खुनियांव की करीना छठवा, नौगढ़ की नेहा सातवां, बढ़नी के अमरजीत आठवां, उसका के नंदसागर नवां और जोगिया की संध्या दसवें स्थान पर रही। समारोह का औपचारिक उद्घाटन करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यालय से लेकर जनपद स्तर तक हुई प्रतियोगिता में बच्चों में काफ़ी उत्साह देखने को मिला है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने में मदद मिली है। प्रथम स्थान पाने वाले दोनों बच्चों को 8750 ,द्वितीय स्थान को 7500, तृतीय को 5000 और अन्य सात बच्चों को 2500 रुपये नक़द पुरस्कार भी प्रदान किया गया। ज़िला समन्वयक अमित शुक्ला की देखरेख में हुए कार्यक्रम में डीसी सुरेंद्र श्रीवास्तव, पशुपति दूबे, विनायकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पुरस्कृत बच्चों को गोरखपुर के ऐतिहासिक स्थानों का कराया भ्रमण



अवधनामा संवाददाता

**मिठवल सिद्धार्थनगर।** मिठवल बीआरसी से उच्च प्राथमिक विद्यालयों के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत पुरस्कृत 100 बच्चों को एक्सपोजर विजिट हेतु खंड शिक्षा अधिकारी राम कुमार सिंह के नेतृत्व में संबंधित शिक्षकों सहित गोरखपुर हेतु बस द्वारा ले जाया गया जहां पर उन बच्चो को प्रमुख एवं ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कराया गया।

विकास खण्ड मिठवल के खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह के नेतृत्व में विकासखंड की छात्र-छात्राओं को गोरखपुर शहर ले जाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह ने बताया कि मिठवल बी आर सी से 9:00 बजे बस द्वारा प्रस्थान किया गया। गोरखपुर शहर के अंदर प्रमुख स्थान तारामंडल, चिड़ियाघर, नौका विहार, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज आदि स्थान दिखाने के बाद बच्चों के अनुसार उन्हें इस संबंध में जानकारी भी दी गई। संग्रहालय में प्राचीन काल से अब तक की ऐतिहासिक वस्तुओं को देखने के बाद इस संबंध में शिक्षकों द्वारा बच्चों से विस्तार रूप से बताया गया तथा इस दौरान बच्चों को खाने-पीने की व्यवस्था की गई इस यात्रा में खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह के अतिरिक्त एआरपी आदेश कुमार त्यागी, अशोक कुमार, विक्रमादित्य, आनन्द कुमार, मनीष दूबे, ऋषिधर द्विवेदी, शरद कुमार त्रिपाठी, अभिनीति जायसवाल, सुशीला देवी, नम्रता उपाध्याय, गौरव, विवेक कुमार, अनूप सिंह, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, आज उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित पिकप नहर में गई, ड्राइवर चोटिल

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** घोसियारी-करमा नहर मार्ग पर अनियंत्रित होकर पिकप नहर में चली गई। अचानक हुए हादसे में शिवनगर थानांतर्गत नचनी गाँव निवासी दूधनाथ के सीने में चोट लग गई। पिकप में सवार पिकप मालिक बेचन प्रसाद पुत्र मुनिराम के अलावा एक अन्य को भी हल्की चोटें आई। सूचना पर पहुंचे डायल 112 के जवानों द्वारा चोटिल ड्राइवर को तिलौली स्थित सास्वाकेंद्र पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर थाना क्षेत्र के करही निवासी बेचन प्रसाद ने मालवाहक पिकप गाडी खरीदा है।

वह अपने संपर्की/ व्यवहारिक दूधनाथ व नचनी निवासी लालमोहन के साथ गाडी की बाडी बनवाने करमा- घोसियारी नहर पर बने पिच मार्ग से होकर गोरखपुर के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि अभी वह लोग घोसियारी बाजार से पहले स्थित सरैनिया गांव के पश्चिम मोड पर पहुंचे ही थे कि अचानक अनियंत्रित पिकप नहर में चली गई। हालांकि गाडी मालिक बेचन प्रसाद स्वयं भी ड्राइवर हैं परन्तु बेचन के अनुसार उक्त दौरान गाडी वह नहीं चला रहे थे।

# डीएम ने किया क्रिटिकल एवं बर्नेबुल बूथों की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** क्रिटिकल एवं बर्नेबुल बूथों की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल को उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथो को चिन्हित कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया 107/16 की कार्यवाही कर लिया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट श्री पवन अग्रवाल ने निर्देश दिया कि जिन मतदान केन्द्रो पर मूलभूत सुविधाये पूर्ण नही है वहां पर उपजिलाधिकारीगण निरीक्षण कर उन्हें समय से पूर्ण करा ले। आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाये। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने समस्त पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भयमुक्त, शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूरी तत्परता से कार्य करे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो का अनुपालन कराना सुनिश्चित करे। किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मो. साजिद ने रखा पहला रोज़ा, अल्लाह की इबादत की

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** रमजान का दूसरा अशरा शुरू होते ने मुस्लिम धर्मावलंबियों में काफी उत्साह है। रमजान के पाक माह में घरों की दिनचर्या बदल गई है। बड़े बुजुर्ग तो रोजा रख ही रहे हैं, बच्चे भी पीछे नहीं है। रमजान का रोजा बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चे भी रख रहे हैं। तपती धूप और गर्मी से बेपरवाह बच्चों ने अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर समाज और दुनिया की खुशी के लिए खुदा की दुआ की। क्षेत्र के हल्लौर निवासी शराफत हुसैन शबरेज़ के 10 वर्षीय बेटे मोहम्मद साजिद ने अल्लाह की मोहब्बत में जिंदगी का पहला रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत की। मोहम्मद साजिद का कहना है कि रमज़ान में रोजा रखने से बहुत सवाब मिलता है। साजिद के रोज़ा रखने पर परिवार के साथ दोस्तों ने दुआओ के साथ उपहार भेंट किया।



## मेडिकल कालेज एक बार पुनः रहा सुर्खियों मे

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एक बार फिर मेडिकल कॉलेज सुर्खियों में आ गया है। भाजपा के एक कार्यकर्ता का बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना में हाथ टूट गया था। जिसे प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत ठीक न होने की वजह से मेडिकल कॉलेज रेफर कराया गया। लेकिन मेडिकल डॉक्टर कॉलेज में प्रिंसिपल ने पैसे की मांग की। मामला तूल तब पकड़ लिया जब बीजेपी जिलाध्यक्ष त्र्यम्बक तिवारी ने मामले को संज्ञान लिया। अब जिलाध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता मेडिकल कॉलेज में जाकर प्रधानाचार्य से उक्त प्रकरण की हकीकत जाननी चाही तो वहाँ से प्रिसिपल हटा लिया।



# क्षेत्र के कई प्रधानों ने ली भाजपा की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी में ज्वाइनिंग का सिलसिला जारी है। इससे ये कहना गलत नहीं होगा कि बीजेपी बाकी पार्टियों से बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। बावजूद इसके लगातार भाजपा से जुड़ने वालों का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा द्वारा ग्राम प्रधान अभिनंदन कार्यक्रम नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र की अध्यक्षता एवं विधानसभा संयोजक अनंतराम मिश्रा के संचालन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि संगठन की मजबूती भाजपा का आधार है। देवतुल्य कार्यकर्ताओं के परिश्रम से एक बार फिर बीजेपी सरकार बनेगी और अम्बेडकर नगर में कमल का फूल खिलेगा।

लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे ने सरकार की जनकल्याणकारी उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के लगातार विकासोन्मुख नीतियों के माध्यम से लोगों के जीवन में सहूलियत पहुंचाने का कार्य कर रही है।एक बार फिर केंद्र में सरकार बना कर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति के बल पर ही भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। विधानसभा मीडिया संयोजक विकाश निषाद ने बताया कि बड़ी संख्या में उपस्थित दर्जनों ग्राम प्रधानों को लोकसभा प्रत्याशी एवं सांसद रितेश पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी, पूर्व विधायक सुभाष राय, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह, त्रिभुवन नाथ विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह बबलू, प्रधान संघ अध्यक्ष दिनेश चौधरी आदि ने पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,राम किशोर राजभर,सत्य प्रकाश सिंह,शिव पूजन वर्मा,आनंद मिश्र, आशुतोष उपाध्याय रिंकू,माखन लाल निषाद, धर्मेन्द्र सिंह,महेन्द्र चौहान, ओम प्रकाश पांडे, अरुण मिश्र, मानिक चंद सोनी, कृष्ण गोपाल गुप्त, रणधीर यादव, लालू यादव, आनंद जायसवाल, डेविड गोरे, शीतल सोनी, मनोज पांडे, रोशन सोनकर, अमित गुप्त, सोनू गौड, प्रेमचन्द, अली मेहंदी समेत दर्जनों की संख्या ग्राम प्रधान एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शव रखकर सड़क किया जाम

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** दुर्घटना में मृत किशोर की मौत पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नही होने से व्यथित परिजनों ने थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाकर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। सड़क की जाम लगने से प्रशासन में अफरा तफरी मच गई। सूचना पर कई थाना की पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे एसडीएम और सीओ ने परिजनों को समझा बुझाकर पुलिस को फटकार लगा कर मुकदमा दर्ज कराया तब कहीं जाकर परिजन शव को दफनाने के लिए तैयार हुए। सड़क जाम होने से वाहन सवार दूसरे रास्ते से जाने को बिबश रहे।घटना थाना के हासिमपुर गांव में बीते बुधवार शाम को घटित हुई थी। बीते बुधवार शाम को जलालपुर कोतवाली के बसिया गांव निवासी शिव पूजन यादव का ट्रैक्टर ट्राली इसी गांव का चालक बृजेश यादव ले जा रहा था।गांव का किशोर रेयान सड़क के किनारे एक मिट्टी के टीले पर बैठकर बकरी चरा रहा था। चालक बृजेश शराब के नशे में धुत्त तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से किशोर को रौंद दिया था।

# पुरस्कार पाने से आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणाः सुनील

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी स्थित दयानन्द एवं आर्यकन्या विद्यालय के प्रांगण में आयोजित प्रगति पत्र वितरण समारोह में उपस्थित छात्र छात्राओं में वर्ष भर में सर्वाधिक उपस्थिति, कक्षा व वर्ग में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वालों तथा क्लास की व्यवस्थित देखरेख करने वाले कक्षा प्रतिनिधियों को मुख्यातिथि सुनील अग्रहरि, विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी , भाजपा नेता अमित मौर्य तथा प्रधानाचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय द्वारा क्रमशः गोल्ड मेडल , सिल्वर मेडल तथा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। मेडल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि चेयरमेन सुनील अग्रहरि ने कहा कि गोल्ड , व सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं से अन्य विद्यार्थी भी सीख ले जिससे कि भविष्य में उन्हें भी मेडल प्राप्त हो। कहा कि पुरस्कार मिलने से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि मेहनत करने का फल मुझे भी मिला है और नगर की सम्मानित जनता ने नगर की देखरेख के लिए मुझे मॉनीटर बना दिया है और मैं अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन भलीभांति कर रहा हूं। चेयरमैन ने बच्चो के लिए शुद्ध पानी पीने हेतु विद्यालय में वाटर एटीएम शीघ्र लगवाने की बात कही। विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी ने कहा कि संस्थान द्वारा कक्षा व वर्ग में सर्वाधिक अंक, सर्वाधिक उपस्थिति और क्लास की व्यवस्थित देखरेख करने वाले कुशल मॉनिटर्स को गोल्ड व सिल्वर मेडल तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। कहा कि इसके बाद आगामी 20 मई को भी यूनिक टेस्ट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा कक्षा में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र छात्राओं को भी मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक विनोद द्विवेदी, वीपी शुक्ल, रामबरन यादव, एसपी निगम, अतुल शुक्ला, मनोज त्रिपाठी, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, जुगगीराम राही, जैसराम, जनार्दन, वीरेंद्र पाण्डेय, रामरूप पाण्डेय, लवहर राम, प्रभु दयाल, गणेष पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी, सुधीर पाठक, रेणुका श्रीवास्तव, कृष्णा सैनी, शिवानी मोदनवाल, वर्षा वर्मा, नीलम गुप्ता, सोनिया यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# 1 से 6 अप्रैल तक विचाराधीन बन्दी की मृत्यु के सम्बन्ध में दे सकते हैं बयान : एसडीएम

**सिद्धार्थनगर।** जिला कारागार के विचाराधीन बन्दी 80 वर्षीय राम कुबेर पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम नदया थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर की विगत 30 सितम्बर को जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान हुई मृत्यु के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग लखनऊ के समक्ष दिनेश चन्द्र पुत्र राम दुलारे के प्रार्थना-पत्र दिनांक 6 अक्टूबर में आयोग द्वारा परिवादी व अन्य महत्वपूर्ण गवाह यदि कोई हो तो उनके साक्ष्य अंकित करने के उपरान्त अपनी जॉच आख्या तैयार करेंगे व इस आयोग को प्रेषित करेंगे यह निर्देश प्राप्त है। इस सन्दर्भ में परिवादी व अन्य कोई व्यक्ति अपना मौखिक / लिखित बयान देना चाहता है तो वह 1 से 6 अप्रैल तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय स्थान तहसील नौगढ़ प्रातः 10 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना मौखिक / लिखिल बयान अभिलिखित करा सकते है। उक्त आशय की जानकारी उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## कवि निराला

निराला जी का बचपन बंगाल में बीता था। इसलिये उन पर बगला साहित्य खासकर टैगोर का काफी प्रभाव है। बंगाली संत रामकृष्णा परमहंस और विवेकानन्द का भी उन पर प्रभाव है। निराली जी बहुत मेघावी और बहुआयामी कवि थे। उन्होंने गरीबी झेलते हुये सहित्य को अमीर किया है। जितना भव्य उनका व्यक्तित्व था उतना ही भव्य उनकी रचनायें थी। पर गरीबो का आलम यह था कि उनकी पुत्री जब बीमार पड़ी तो पैसे के अभाव में उसका इलाज नहीं करा सके वह मर गयी। उन्होंने पुत्री पर कविता लिखी जिसमें वह अपने को धिक्कारते हुये कहते थे धिक है कि मै तुम्हारा इलाज भी नहीं करा सका। निराला और सुमित्रानन्दन पन्त समकालीन कवि थे। पन्त कलाकांकर के राजा के यहां रहते थे उनकी पुस्तकें शान से छपती थी। निराला की कवितायें पन्त से उन्नीस नही है पर कोई राजाआश्रय नही था। इसलिये छप नहीं पाती थी। गरीबी और उपेक्षा की मार सहते सहते वह अपना मानसिक सन्तुलन खो दिये और अंग्रेजी में बात करने लगते थे। इसके बावजूद उनकी सरलता साथ साथ बनी रही। एलाहाबाद में दारागंज में रहते थे। वहां छोटी छोटी क्लास में देहात से आये बच्चे पढ़ते थे। आठवी नौवी दर्जे के बच्चे थे। उनकी निराला जी से बहुत पटती थी। निराला जी अपनी सरलता से बच्चों को बांध लिये थे। बच्चे उन्हें पन्डित जी कह कर सम्बोधित करते थे।

एलाहाबाद में एक बार बसन्त पंचमी के दिन निराला जी के जन्मदिन का समारोह हिन्दू होस्टल में मनाया जा रहा था। एलाहाबाद के सभी मूर्धन्य साहित्यकार और विद्वान उस अवसर पर उपस्थित हो अपना आदर और शुभकामनायें समर्पित कर रहे थे। दारागंज का उनका पड़ोसी जो आठवी नौवी का विद्यार्थी था। निराला जी से कहा पन्डित जी हम हूँ बोलबै। निराला जी ने संचालक से कहा इनको बोलने दो किसी की हिम्मत नहीं था जो निराला जी का आदेश टालता। उस अवसर पर महादेवी वर्मा भी उपस्थित थी अदारांजली दे रही थी तभी निराला जी जैसा की बता चुका हूं मानसिक सन्तुलन खो देते थे पागलपन का दौरा सा लगता था नाराज हो महादेवी को अपशब्द कहे सभी लोग अवाक थे अंग्रेजी में कहा मां सरस्वती की पूजा करो और जाने क्या क्या अंर्ग्रेजी में कहते कहते उठ गये और जाने लगे। लम्बी ऊंची हष्ट पुष्ट काया छह सात आदमी उन्हें संभाल रहे थे। पर वे संभल नहीं पा रहे थे। वह चल दिये।

मानसिक सन्तुलन खोने के बाद भी उनमें उदारता और मानवीयता पता नहीहं कहां छिपी रहती थी। एक जाड़े में कम्बल ओढ़कर बाहर निकले देखा सड़क पर एक बुढ़िया ठन्ड से कांप रही थी। कम्बल उसे उढ़ा कर चले गये। एक बार कुछ लोगो ने छह सात सो रूपये इक्ट्ठे कर महादेवी वर्मा को दिये कि पन्डित जी की आवश्यकता अनुसार खर्च कीजियेगा। पन्डित जी के पास एक शख्स गरीबी को रोना रोता आया। पन्डित जी ने तुरन्त लिखकर महादेवी को फर्मान दिया सात सौ रूपये इन्हें दे दिया जाय निराला जी का आदेश टालने की किसी में हिम्मत नही थी। एक बार बच्चन जी के यहां पन्त जी बैठे थे। मै बच्चन जी का स्टूडेन्ट था उनके यहां जाया करता था। पन्डित जी और बच्चन जी बतिया रहे थे तभी निराला जी वहां पहुंच उन्हें देख दोनो घबरा गये। पन्त छोटे कद के सुकुमार व्यक्ति थे। निराला ने उनका हाथ पकड़ा बोले कहो तुम राधा हो मै कृष्णा हूं। पन्त जी ने दोहराया। फिर वहां से निराला जी चले गये। सभी ने राहत की सांस ली।

कुलीन परिवार के आगे निराला जी संकुचित हो जाते थे। बेलूर मठ में समन्वय पत्र में कहा था। अगर मै भी प्रिन्स द्वारिका नाथ टैगोर का पोता होता तथा समृद्ध होता तो मुझे भी लोग महान समझते। निराला जी की रचनाओं में कोई समाजिक कुरीति छूटी नहीं है। चाहे वह भिखारी हो, चाहे वह विधवा हो, चाहे निम्न जाति का हो, स्त्री असमान्ता हो सभी पर हृदय विदारक लाजवाब कवितायें लिखी है, उपन्यास लिखा है। निराला जी पर रवीन्द्रनाथ टैगोर, रामकृष्णा परमहंस और विवेकानन्द का पूरा प्रभाव था। ऐसी महती हस्ती का प्रर्दिन याद कर कलेजा कांप जाता है। उर्दू के शायार फ़िराक से उनकी बहुत गहरी छनती थी। निराला अक्सर फ़िराक साहब के यहां जाते थे वहां दोनो हम प्याला होते थे। दोनो साहित्य की विभूतियों का मिलन देखने लायक होता था। बसन्त पंचमी आता है तो निराला जी बरबस याद आ जाते है।

## विकसित भारत खुशहाल क्यों नहीं है?


डॉ अजय कुमार मिश्रा

किसी भी देश की प्रगति का मूल्यांकन वहां के नागरिकों को प्राप्त सुविधाओं और अवसरों के आधार पर आसानी से किया जा सकता है। प्राप्त अवसर और सुविधाएँ ही किसी व्यक्ति के जीवन में खुशियों का संचार करती है, क्योंकि संघर्ष एक ऐसा विषय है जिससे विरलों के आलावा सभी दूर ही रहतें है। ऐसे में सरकारों का दायित्व बढ़ जाता है की वहां के नागरिकों के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करें। आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, राम राज्य की चर्चा हर जगह है, सरकारें अपनी उपलब्धियां गिनाने में प्रथम है यानि की यह महसूस कराया जा रहा है की देश तेजी से विकसित हो रहा है। पर पिछले दिनों प्रकाशित वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट - 2024 में 143 देशों की सूची में भारत को 126वां स्थान दिया गया। इन वैश्विक आकड़ों ने इस पर बड़ा प्रश्न लगा दिया है आखिर विकसित भारत खुशहाल क्यों नहीं है?

यदि हम एक दशक पूर्व में जाए तो वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2013 में भारत कुल 156 देशों की सूची में देश 111 स्थान पर था। यानि प्रगति की गति जिस तीव्रता के साथ आगे बढ़ी है हमारी खुशियाँ उसमे गुम सी होती जा रही है। बाजारवाद का दबाव, आर्थिक दबाव, वैश्विक हस्तक्षेप और अनियंत्रित सिधान्तों ने प्रत्येक इन्सान के जीवन में उथल-पुथल मचा रखा है जिसका सीधा सम्बन्ध खुशियों से है। यदि चार दशक पूर्व में हम जाए तो हम शायद ज्यादा खुश थे। आज की इस आधुनिकता के चक्रव्यूह में प्रत्येक आदमी दबाव महसूस कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय संगठन जब भी किसी बड़े पैमाने पर मूल्यांकन करतें है तो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है की मानक स्पष्ट और आकड़ें सटीक हो। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट को प्रकाशित करने के पूर्व एक गहन अध्ययन और कई निर्धारित मानकों को ध्यान में रखकर प्रत्येक देश की स्थिति का अध्ययन कर अंतर्राष्ट्रीय मानको पर परिणाम सत्यापित किया जाता है।

भारत के सन्दर्भ में वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए कई पहलुओं के अतिरिक्त - रहने की व्यवस्था से संतुष्टि, कथित भेदभाव, और स्व-मूल्यांकित स्वास्थ्य जीवन इन तीन आधारों पर अध्ययन कर संतुष्टि ज्ञात की गयी है। अध्ययन से पता चला है कि - भारत में वृद्धावस्था को उच्च जीवन संतुष्टि से जोड़ा जाता है। भारत में औसतन, वृद्ध पुरुष वृद्ध महिलाओं की तुलना में जीवन से अधिक संतुष्ट हैं। अधिक उम्र की महिलाएं अपनी पति की तुलना में अपने जीवन से अधिक संतुष्ट। शिक्षित और उच्च वर्ग के लोग अशिक्षित और अन्य वर्गो के लोगो की तुलना में अपने जीवन से अधिक संतुष्ट है। यह अध्ययन इस लिए अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की वृद्ध जनसंख्या दुनियां की दूसरी सबसे बड़ी श्रेणी में आती है। देश में 60 वर्ष से अधिक आयु के 140 मिलियन लोग है। कई देशों में जन हित की कई योजनाओं के जरियें एक आम आदमी की खुशियों का ध्यान रखा जाता है तथा सामाजिक सुरक्षा की अनेकों योजनाओं को जन-जन तक पंहुचा कर आम आदमी के हितों को सुरक्षित किया जाता है। जिससे खुशियों की पूर्ति हो रही है। देश ही नहीं बल्कि दुनियां का प्रत्येक आदमी खुशियों की तलाश में ही रहता है और इसके लिए कई कार्य करने को तैयार रहता है। आधुनिकतम और विकासवादी युग में पूरा देश परिवर्तित हो रहा है जिसका सीधा असर आम आदमी पर है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

जांच एजेंसियां सरकार के अधीन कार्य करती हैं और उसी के आदेश पर कार्रवाई करती हैं। इस कारण उनकी हर कार्रवाई को राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है। किसी भी देश में जांच एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। भारत की कुछ जांच एजेंसियों की विश्वभर में साख है। कार्रवाई करने पर विपक्ष का हो-हल्ला शुरू हो जाता है। विपक्ष ऐसी कार्रवाई को सत्ता से प्रभावित मान सवाल उठाता है। पिछले दो तीन महीने में ऐसे कई प्रकरण सामने आए जब राजनीतिक दलों और नेताओं ने जांच एजेंसियों को सवालों के कटघरे में खड़ा किया।

# जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर राजनीति ठीक नहीं

केंद्र की मोदी सरकार भ्रष्टाचार पर नो टालरेंस की नीति पर सख्ती से अमल कर रही है। अक्सर राजनीतिक दलों और नेताओं के भ्रष्टाचार पर मौन सहमति के दिन अब लद गए हैं। अब जांच एजेंसियां भ्रष्टाचार से जुड़े हर छोटे बड़े मामले पर तत्परता से कार्रवाई कर रही हैं। जांच एजेंसियों की राडार पर सरकारी अफसर, कर्मचारी, नेता और कंपनिया हैं। पिछले दो-तीन साल में जांच एजेंसियों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एक्शन लेकर नई मिसाल कायम की है। लेकिन जब बात राजनीतिक भ्रष्टाचार की होती है, तो इस मुद्दे पर सारे राजनीतिक दलों में मौन सहमति और समझ दिखाई देती है। लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' का नारा देकर भ्रष्टाचार के खिलाफ जो मुहिम चलाई थी, आज उसका असर साफ तौर पर दिखाई देता है। इस मुहिम में सबसे खास बात यह है कि अब जांच एजेंसिया सिर्फ सरकारी अफसरों और कर्मचारियों को ही नहीं राजनीतिक दलों और नेताओं के भ्रष्टाचार पर भी ताबड़तोड कार्रवाई कर रही हैं।


रोहित माहेश्वरी

जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर जब किसी नेता पर होती है तो वो इसे सरकार की साजिष और राजनीति से प्रेरित बताने में पल भर की भी देरी नहीं करता। वहीं जांच एजेंसियों के छापों को निंदा और आलोचना भी षुरू हो जाती है। जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किये जाते हैं। और तो और कई मामलों में जांच एजेंसी पर जानलेवा हमले तक किये जाते हैं। जांच एजेंसियां भले ही सरकार के अधीन आती हैं, लेकिन उनकी भी जवाबदेही देश के कानून और संविधान के प्रति है। जांच एजेंसियां बिना किसी कारण के या सुबूत के अभाव में कैसे किसी पर कोई कार्रवाई कर सकती हैं। जांच एजेंसियों को सरकार का टूल बताना असल में यह साबित करता है कि ऐसे लोगों का देश के संविधान में प्रति कोई सम्मान नहीं है।

असल में जांच एजेंसियां सरकार के अधीन कार्य करती हैं और उसी के आदेश पर कार्रवाई करती हैं। इस कारण उनकी हर कार्रवाई को राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है। किसी भी देश में जांच एजेंसियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। भारत की कुछ जांच एजेंसियों की विश्वभर में साख है। कार्रवाई करने पर विपक्ष का हो-हल्ला शुरू हो जाता है। विपक्ष ऐसी कार्रवाई को सत्ता से प्रभावित मान सवाल उठाता है। पिछले दो तीन महीने में ऐसे कई प्रकरण सामने आए जब राजनीतिक दलों और नेताओं ने जांच एजेंसियों को सवालों के कटघरे में खड़ा किया। बीती जनवरी को प्रवर्तन निदेषालय यानी ईडी पश्चिम बंगाल के राशन घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के आवासों पर छापेमारी करने गई थी। इस दौरान ईडी के अधिकारियों की गाड़ियों पर पत्थरबाजी की गई। आरोप टीएमसी नेता शाहजहां शेख के समर्थकों पर लगा। अधिकारियों



पर हमले के बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने ममता सरकार को कानून व्यवस्था संभालने की हिदायत दी। ईडी ने एक बयान में कहा कि हमलावर लाठी, पत्थर और ईंट से लैस थे। इस घटना में ईडी के तीन अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ईडी अधिकारियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हिंसक भीड़ ने ईडी अधिकारियों के निजी और आधिकारिक सामान जैसे उनके मोबाइल फोन, लैपटॉप, नकदी, वॉलेट आदि भी छीन लिए। इसके साथ ही ईडी के कुछ वाहनों को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

वहीं भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी जांच के लिए समन पर समन भेजती रही, लेकिन वो जांच एजेंसी के सामने पेष नहीं हुए। आखिरकार दबाव पड़ने के बाद हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हो पाई। ऐसा ही मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से जुड़ा है। करोड़ों रुपये केषराब घोटाले में जांच एजेंसी केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती थी। एजेंसी ने 9 समन केजरीवाल का भेजे, लेकिन वो कोई न कोई बहाना बनाकर समन को टालते रहे। कोर्ट से जब उन्हें राहत नहीं मिली तो ईडी ने उन्हें गिरफ्तार करने में देरी नहीं की। केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भी झूठे तथ्य और खबरें फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ये हालात तब हैं जब इसी मामले में आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह महीनों से जेल की रोटियां खाने को मजबूर हैं।

आम आदमी पाटी के नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी से बुरी तरह बौखलाये हुए हैं। आप नेता केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली केषराब घोटाले की तार दक्षिण भारत तक से जुड़े बताये जाते हैं। आम आदमी पार्टी के नेताओं के अलावा आधा दर्जन से ज्यादा इस केस से जुड़े लोग भी सलाखों के पीछे हैं। बावजूद इसके आप के नेता बड़ी बेषर्मी से जांच एजेंसी की निष्पक्षता और कार्रवाई पर सवाल उठाने से बाज नहीं आ रहे। जो केजरीवाल किसी समय में खुद को कट्टर ईमानदार बताते थे। अगर वो इतने ही पाक साफ हैं तो उन्हें स्वयं जांच एजेंसी के सामने पेश होकर अपनी स्थिति साफ करनी चाहिए थी, लेकिन वो जांच एजेंसी के सामने पेश होने से बचते रहे। केजरीवाल का यही आचरण उन्हें संदेह के घेरे में लाता है। और आज अपने कर्मो की वजह से ही वो गिरफ्तार भी हुए हैं। और अगर वो पाक साफ हैं तो उन्हें न्यायालय से जरूर न्याय भी मिलेगा। जांच एजेंसियां न तो किसी राजनीतिक दल के अधीन होती हैं, न केंद्र सरकार का ही कोई हस्तक्षेप रहता है। यह पुख्ता साक्ष्य के बाद संवैधानिक रूप से समन जारी करती हैं और अपनी बेगुनाही के प्रमाण प्रस्तुत करने का अवसर भी देती हैं। ऐसे में जब किसी राजनीतिक दल के भ्रष्टाचारी को ये जांच एजेंसियां पकड़ती हैं तो वे इन पर आरोप लगाने लगते हैं। सही तो यही होगा कि शोर मचाने और आरोप लगाने के बजाय जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें।

जांच एजेंसियां अपना काम निष्पक्ष होकर बढ़िया तरीके से करती हैं लेकिन राजनीतिक पार्टियों की दखलंदाजी की वजह से चर्चाओं में आ जाती हैं। जिस दल के नेता पर कार्यवाही होती है, वही बेवजह टीका-टिप्पणी करने लगते हैं। सीबीआइ हो या ईडी में काम करने वाले, हैं तो अपने ही समाज के। कई बार तो जांच एजेंसियों वाले कार्मिकों का तुरंत तबादला भी हो जाता है। भ्रष्टाचार इतना फैल रहा है, जिसकी कोई सीमा नहीं। अपने दांवपेंच लगाकर मामलों को रफा-दफा करने के चक्कर के कारण भी ये चर्चा में आ जाती हैं। जांच एजेंसियां सत्ताधारी राजनीतिक दल के हाथों की कठपुतलियां बन गई हैं, यह सोच विपक्षी दलों ने बना ली है। इन विरोधियों ने अपनी इस सोच के सहारे जनता को भी काफी हद तक अपने प्रभाव मे ले लिया है। यही वजह है कि जांच एजेंसियां अपना काम अच्छा करे या बुरा, बुराई का ठीकरा इनके सिर ही फोड़ने का सिलसिला चल निकला है। कोई भी जांच हो, देश भर मे उनके विरोध में बार-बार सवाल उठाना एक चलन-सा बनता जा रहा है। आजकल जांच एजेंसियों पर राजनीति हावी है। जांच एजेंसियों का गठन संविधान के नियमों के अंतर्गत हुआ है।

# गोपाल दास सक्सेना 'नीरज'

नीरज का शुरुआती कैरियर कानपुर में शुरू हुआ जहां वे टाइपिस्ट थे। अकेले रहते थे और हॉस्टलों में पूरियाँ खा-खा कर दिन गुजार रहे थे। पूरिया खाते-खाते उनका पेट खराब हो गया। सम्भवतः इसीलिए वह शराब पीने लगे। फ़िर शराब की ऐसी आदत पड़ गई कि बिना पीए वह मंच पर नहीं आते थे। एक बार कवि सम्मेलन के आयोजक टीम में मैं भी था। नीरज आए और आते ही शराब की मांग की और कुल्हड़ से नीट शराब की 10-12 कुल्हड़ लगातार पी गये। नीरज पीते थे पर कभी भी पीकर बेकाबू नहीं होते दिखे।

हिंदी के सर्वकालिक सबसे लोकप्रिय गोपाल दास सक्सेना जिनका कविता में उपनाम ''नीरज'' है, स्वर और शब्दों के महान जादूगर थे। उनका जन्म इटावा के प्रावाली गांव में हुआ में हुआ था। उनका निधन 17 जुलाई 2018 में दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में हुआ था। उनके जन्मदिन 4 जनवरी को उनकी बहुत से बातें कौंध रही है। जिन्हें गीतों का राजकुमार कहा जाता है उन नीरज में कई गुण थे और जिनको उचित मान्यता भी मिली है।


एस.एन. वर्मा

वे हिंदी साहित्यकार, मशहूर कवि शिक्षक और फ़िल्मी गीतकार थे। उन्होंने पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री अंग्रेजी विषय में ली थी। पद साहित्यिक साधना हिंदी में करते थे। कई हिंदी साहित्यकार हैं जिनकी डिग्री अंग्रेजी विषय में थी पर रचनाएं हिंदी भाषा में करते थे। नीरज की तरह ही लोकप्रिय कवि हरिवंश राय बच्चन अंग्रेजी के प्रोफेसर थे। कवि के रूप में नीरज की तरह मशहूर थे।

नीरज को साहित्य में सरकार ने दो बार सम्मानित किया, पद्मश्री और पद्म भूषण से हिंदी फ़िल्मों में गीत लेखन के लिए उन्हें लगातार तीन बार फ़िल्म फेयर पुरस्कार से नवाज़ा गया। उत्तर प्रदेश में भाषा संस्थान के अध्यक्ष रहे, जो कैबिनेट मंत्री के दर्जे के बराबर होता है।

नीरज को पहली बार मैंने जब इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के हिंदू हॉस्टल में रहता था 1956 में देखा था। हिंदू हॉस्टल में हर साल जन्माष्टमी के अवसर पर कवि सम्मेलन होता है। उसमें भाग लेने के लिए नीरज आए हुए थे। उनका आना मुझे आज तक इसलिए याद है कि वे यूनिवर्सिटी के मशहूर अंग्रेजी प्रोफेसर और उर्दू शायरी के लिए मशहूर प्रोफेसर रघुपति सहाय फ़िराक के यहां रुके हुए थे। दोनों आदमी रात को 12:00 बजे हॉल में प्रवेश किया। नीरज ने नीला ओवरकोट पहन रखा था जो उनके व्यक्तिव को निखार रहा था उनके गोरेपन को चमका रहा था। बड़ा सुदर्शन व्यक्तित्व था। फ़िराक साहब अपनी छड़ी लिए टक-टक करते अपने में खोये, बिखरे बाल उंगलियों में सिगरेट फंसे हुए थे। वे जब सिगरेट पीते थे तो उनकी सिगरेट थूक से सनी रहती थी।

नीरज के हाल में घुसते ही लड़कियों का ध्यान नीरज में उलझ गया वह एक दूसरे के कान में खुसुर-फुसुर करने लगी और सम्मोहित सी नीरज को देखते रही। हम लड़कों में ईर्ष्या जागी। अभी तक हम लोग लड़कियों के ध्यान के केंद्र थे अब नीरज हो गए। जब नीरज को कविता के लिए बुलाया गया तो हाल तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जब उन्होंने कविता की गाते हुए शुरुआत की तो सारा हाल विमुग्ध सुधबुध खोकर उनकी कविता खासकर उनके गले की आवाज में तल्लीन हो उठा शब्दों और गले की गंगा जमुनी रसदार बह निकली।



इसी समय का फ़िराक साहब का एक वाकिया नहीं भूलता है। उनसे भी लोगों ने शायरी सुनाने के लिए अर्ज़ किया। फ़िराक़ साहब जितनी अच्छी शायरी करते थे उतना ही खराब उनके सुनाने के ढंग रहता था। बहुत ही अनआकर्षक। उन्होंने दोनों हाथों ऊपर उठाये और आंख चौड़ी करके अपना कलाम शुरू किया लड़कों ने हूट करना शुरू किया। फ़िराक साहब किसी के मान्यता के मोहताज थे नहीं। वह उठ गए हम लड़कों को डांटते हुए कहा तुम्हारी अक्ल हमारे जूते के तल्ले के घूल के बराबर भी नहीं है। बता दे फ़िराक साहब टॉपर रहे जब एम. ए. फ़ाइनल थे तो मशहूर शिक्षाविद् अमरनाथ झा के पिता यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर थे। उन्होंने फ़िराक साहब से कहा तुम इस साल ड्रॉप कर जाओ अगले साल तुम्हें टॉप करा देंगे क्योंकि पिता बेटे अमरनाथ को टॉप करना चाहते थे। पर फ़िराक साहब ने अक्खड़ अंदाज में कहा मैं नहीं ड्रॉप करूंगा, अमरनाथ को ड्रॉप करा दीजिए। उस साल अमरनाथ झा ने ड्राप ले लिया। नीरज के संदर्भ में इतनी सारी बातें एक साथ कुरेद गई। बच्चन जी भी नीरज की तरह लोकप्रिय हिंदी कवि रहे और हिंदी में कविता करते थे। नीरज जी ने ही बताया था एक बार कवि सम्मेलन में भाग लेने जा रहे थे बच्चन जी बस में सीट पर बैठे हुए थे। बस ठसाठस भरी हुई थी। नीरज बाद में चढ़े तो उन्हें बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी। बच्चन जी अपने गोद में बैठकर उनकी यात्रा पूरी कराई।

हिंदू हॉस्टल के कवि सम्मेलन में पहली बार मैंने नीरज से ब्लैन्क वर्स की एक कविता सुनी थी। उसके बाद उनको कई कवि सम्मेलनों में सुनने का अवसर मिला पर कभी उन्होंने ब्लैन्क वर्स की कोई कविता नहीं सुनाई। उनके ब्लैन्क वर्स वाली कविता की एक लाइन मुझे अभी तक याद है ''मत छेड़ बुलबुल सोते गुलाब को मत छेड़'' नीरज का शुरुआती कैरियर कानपुर में शुरू हुआ जहां वे टाइपिस्ट थे। अकेले रहते थे और हॉस्टलों में पूरियाँ खा-खा कर दिन गुजार रहे थे। पूरिया खाते-खाते उनका पेट खराब हो गया। सम्भवतः इसीलिए वह शराब पीने लगे। फ़िर शराब की ऐसी आदत पड़ गई कि बिना पीए वह मंच पर नहीं आते थे। एक बार कवि सम्मेलन के आयोजक टीम में मैं भी था। नीरज आए और आते ही शराब की मांग की और कुल्हड़ से नीट शराब की 10-12 कुल्हड़ लगातार पी गये। नीरज पीते थे पर कभी भी पीकर बेकाबू नहीं होते दिखे। हमेशा अपनी आदतों और बातचीत में शालीन ही दिखे। उनके आते ही पूरे हॉल में सन्नाटा छा जाता था। एक बार लखनऊ में गेस्ट हाउस में उनसे मिलने का मौका मिला। वह तहमत पहने सरल भाव से बातचीत करते रहे। महसूस ही नहीं होने दिया कि मैं किसी मशहूर लोकप्रिय शख्सियत से बात कर रहा हूं। कानपुर में जब नीरज रह रहे थे तो उनके साथ किसी डॉक्टरनी के साथ जुड़ाव के किस्से बहुत मशहूर हुआ था।

नीरज जी जहां-जहां भी कवि सम्मेलन में गए उनसे लोग फ़रमाइश करके ''करवाँ गुजर गया गुबार देखते रहे'' सुनते थे। सुनने वालों का दिल नहीं भरता था। फ़िल्म में भी उनका यह गाना था जिसे लोग बार बार सुनते थे। वो अपने को अध्यात्मिक कवि मानते थे क्योकि उनकी कविताओं में कबीर की झलक मिल जाती थी। पर लोगो ने उन्हें श्रृंगार का ही कवि माना।

अवधनामा परिवार की ओर से अश्रुपूर्ण श्रद्धान्जली।


# रीति रिवाजों के नाम पर लैंगिक भेदभाव से मुक्त नहीं हुआ समाज

जिला बागेश्वर स्थित कपकोट ब्लॉक से करीब 21 किमी दूर इस गांव में कई ऐसी सामाजिक बुराईयां देखने को मिल जाती हैं जिससे लैंगिक भेदभाव स्पष्ट रूप से नज़र आता है। चिंता की बात यह है कि इसे समाप्त करने की जगह बढ़ावा दिया जाता है। पंचायत से मिले आंकड़ों के अनुसार इस गांव की आबादी लगभग 1500 के करीब है। अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में उच्च जातियों की संख्या मात्र दस प्रतिशत है। साक्षरता के मामले में भी महिला और पुरुष में काफी बड़ा अंतर नज़र आता है। पुरुषों के 40 प्रतिशत की तुलना में महिला साक्षरता की दर मात्र 22.2 प्रतिशत है।

हमारे समाज में अक्सर ऐसे कई रीति रिवाज देखने को मिलते हैं जिससे लैंगिक भेदभाव स्पष्ट रूप से नज़र आता है। लड़का और लड़की के जन्म से लेकर उसके शादी-ब्याह, दहेज और संपत्ति के अधिकार तक के मामले में यह भेदभाव नज़र आता है। लड़का के जन्म पर जहां जश्न मनाया जाता है, तो वहीं लड़की के पैदा होते ही घर में मातम छा जाता है। गर्भवती महिलाओं से उसके ससुराल वाले यह आशा करते हैं कि वह लड़के को जन्म देगी। जिस महिला के जितने अधिक लड़के होते हैं समाज में उसका उतना ही अधिक सम्मान होता है। इसके विपरीत लड़की को जन्म देनी वाली महिला को अपमानित किया जाता है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में यह भेदभाव देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक नज़र आता है। कई बार महिलाएं इस प्रकार की हिंसा से इतनी प्रभावित हो जाती हैं कि उनका व्यवहार भी ऐसे मामलों में भेदभावपूर्ण नज़र आने लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार गैर क़ानूनी तरीके से गर्भावस्था में ही लिंग जांच कर कर भ्रुण हत्या तक कर दी जाती है। अपनी किस्मत से यदि कोई लड़की बच गई तो उसे दहेज और अन्य रीति रिवाजों के माध्यम से प्रताड़ित किया जाता है। शिक्षा और जागरूकता के कारण शहरी क्षेत्रों में जहां कई ऐसे रीति रिवाज लगभग समाप्त हो गए हैं जिससे महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है, वहीं देश के दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों में इसके अभाव के कारण यह आज भी समाज के लिए एक कलंक बना हुआ है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का लामाबगड़ गांव इसका एक उदाहरण है। जिला बागेश्वर स्थित कपकोट ब्लॉक से करीब 21 किमी दूर इस गांव में कई ऐसी सामाजिक बुराईयां देखने को मिल जाती हैं जिससे लैंगिक भेदभाव स्पष्ट रूप से नज़र आता है। चिंता की बात यह है कि इसे समाप्त करने की जगह बढ़ावा दिया जाता है। पंचायत से मिले आंकड़ों के अनुसार इस गांव की आबादी लगभग 1500 के करीब है। अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में उच्च जातियों की संख्या मात्र दस प्रतिशत है। साक्षरता के मामले में भी महिला और पुरुष में काफी बड़ा अंतर नज़र आता है। पुरुषों के 40 प्रतिशत की तुलना में महिला साक्षरता की दर मात्र 22.2 प्रतिशत है। यह अंतर जहां जागरूकता की कमी को दर्शाता है वहीं समाज में दहेज जैसी बुराई को भी अपनी जड़ें मज़बूत करने में सहायता प्रदान करता है।


महिमा जोशी

गांव की एक 20 वर्षीय नवविवाहित कमला (बदला हुआ नाम) कहती है कि हाल ही में मेरी शादी हुई है। मेरे पति सरकारी नौकरी करते हैं। शादी के समय मेरे ससुराल वालो की मांग बहुत ज्यादा थी। मेरे घर वालों ने अच्छा रिश्ता देखकर उनकी हर मांग को स्वीकार कर लिया और बहुत सारा दहेज दिया है। इसकी वजह से वह कर्ज में डूबे हुए हैं। मुझे उनका ये दुख देखा नहीं जाता



है। इसके कारण मैं कई बार मानसिक तनाव में रहती हूं। न जाने कब तक वो ये कर्ज चुकाते रहेंगे? 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी कमला कहती है कि मैं सरकारी स्कूल में पढ़ती हूं जबकि मेरा भाई बाहर शहर में पढ़ने गया है। 12वीं के के बाद घर वाले मुझे आगे नहीं पढ़ाएंगे। जब भी मैं आगे पढ़ने की बात करती हूं हो तो घर वाले बोलते हैं कि जितनी तेरी पढ़ाई में खर्च करेंगे उतने में तेरी शादी के लिए दहेज की व्यवस्था हो जायेगी। इसलिए 12वीं के बाद मुझे घर का काम करने को कहा गया है। जबकि मैं भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हूँ। लेकिन दहेज के नाम पर मुझे शिक्षा से वंचित किया जा रहा है।

हालांकि लामाबगड़ गांव के कुछ परिवार ऐसे भी हैं जहां जागरूकता के कारण बालिकाओं को शिक्षा के भरपूर अवसर मिल रहे हैं। गांव की 19 वर्षीय हेमा गढ़िया का कहना है कि मेरे साथ परिवार में कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। मैं 12वीं के बाद अब कॉलेज भी कर रही हूं। मुझे आगे भी पढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के अवसर मिल रहे हैं। मेरे माता पिता मुझ पर कोई पाबंदी नहीं लगाते हैं। मुझसे यह कभी नहीं कहा जाता है कि दहेज का सामान जुटाने की वजह से तेरी पढ़ाई रुकवा दी जाएगी। हेमा कहती है कि जिस घर में जागरूकता होगी वहां लड़कियों को पढ़ने और आगे बढ़ने से नहीं रोका जायेगा। कई बार आर्थिक समस्या के कारण लड़कियों को अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है, लेकिन उन्हें दहेज़ के नाम पर शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। वहीं गांव की एक 43 वर्षीय महिला माना देवी कहती हैं कि दहेज जैसी बुराई सदियों से चली आ रही है, जिसे समय समय पर अलग अलग नाम दे दिए गए हैं। पहले लड़की पक्ष भेट स्वरुप इस बुराई को निभाता था, आज यह खुल्लम खुल्ला होने लगा है। आज लड़का पक्ष इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देखने लगा है। जबकि यह प्रतिष्ठा नहीं बल्कि अनैतिक कृत्य है, जिसमें पूरा समाज साथ देता है। वहीं यदि कोई लड़की मांग से कम दहेज लाती है तो ससुराल में उसे मानसिक यातनाओं से गुज़रना पड़ता है। सामाजिक स्तर पर अब इस बुराई को समाप्त करने की आवश्यकता है। इसके लिए स्वयं समाज को जागरूक होना होगा। इसके विरुद्ध अभियान चलाने की ज़रूरत है। एक अभिभावक 50 वर्षीय विष्णु दत्त का कहना है कि दहेज एक ऐसी बुराई है जिसे रीति रिवाज का नाम दे दिया गया है। इसके कारण न केवल लड़कियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है बल्कि कई बार वह मानसिक अत्याचार का भी शिकार होकर तनाव में रहती हैं। दहेज़ जैसी बुराई के कारण ही आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवार की लड़कियों की शादी रुक जाती है। वहीं 73 वर्षीय कलावती देवी कहती हैं कि हमारे जमाने में भी दहेज जैसी बुराई थी। परंतु इसके लिए लड़की पक्ष पर किसी प्रकार का दबाब नहीं डाला जाता था। आज दहेज नहीं, इंसानो का लालच बोल रहा है क्योंकि अब रोजगार के अवसर कम और बेरोजगारी अधिक बढ़ गई है, जिस कारण लोगों को लगता है कि पैसा जितना मिल जाए और जैसा मिल जाए वही ठीक है। इसके लिए लड़की पक्ष पर अधिक दहेज देने के लिए दबाब भी डाला जाता है और कम दहेज़ लाने वाली लड़कियों के साथ शोषण और अत्याचार किया जाता है। इसलिए ये सामाजिक बुराई अब पूर्ण रूप से गैर क़ानूनी अपराध में बदल गया है। देश में दहेज के खिलाफ सबसे पहले 1961 में दहेज निरोधक क़ानून बना, इसके बाद समय समय पर इसमें संशोधन कर इसे और अधिक सख्त बनाया गया ताकि दहेज के नाम पर महिलाओं को किसी भी प्रकार के शारीरिक या मानसिक अत्याचार से बचाया जा सके। इसका प्रभाव भी देखने को मिला है। लेकिन जिस प्रकार से इसके परिणाम की आशा की जानी चाहिए थी वह आज भी नज़र नहीं आता है। भले ही शहरी क्षेत्रों में जागरूकता के कारण महिलाएं जेल भेज कर दहेज़ लोभियों को सबक सिखा देती हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रतिशत अभी भी काफी कम है।

# आईपीएल 2024 : जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी और केकेआर



पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी।

आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्यायें बनी हुई हैं।

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है।

पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं।

आरसीबी के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ ने पहले मैच में 38 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि दूसरे मैच में 43 रन देकर एक विकेट लिया।

ऐसे में आरसीबी खेमा इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज रीसे टॉपली को उतार सकता है। केकेआर के पास शीर्ष और मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर , वेंकटेश अय्यर, सुनील नारायण और नीतिश राणा हैं जो ईडन गार्डंस पर सनराइजर्स के खिलाफ चल नहीं सके।

इंपैक्ट खिलाड़ी रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल छठे, सातवें और आठवें नंबर पर उतरकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचा पाये। श्रेयस ने दो गेंद खेली और खाता भी नहीं खोल सके। वैसे चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पिछली दो पारियों में प्रदर्शन अच्छा रहने से उनका मनोबल बढेगा।

पिछले साल विश्व कप में यहां नीदरलैंड के खिलाफ उन्होंने नाबाद 128 और दिसंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टी20 में 53 रन बनाये थे। गेंदबाजी में नदीम ने 19 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन महंगे खरीदे गए मिचेल स्टार्क और वरूण चक्रवर्ती प्रभावित नहीं कर सके हैं।

***टीमें : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु*** : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। मैच का समय : शाम 7 . 30 से।

# एसीए के कारण बताओ नोटिस का हनुमा विहारी ने दिया जवाब, एनओसी की मांग की

भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी ने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन के दावों का खंडन किया है। इसमें उन्होंने जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया था। दरअसल, हनुमा विहारी ने रणजी के बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अपनी कप्तानी की कीमत चुकाने को लेकर आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि वह फिर कभी आंध्र के लिए नहीं खेलेंगे। 25 मार्च को एसीए ने विहारी को ईमेल पर नोटिस भेजकर उनकी टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण मांगा था। ईएसपीएन की रिपोर्ट के अनुसार विहारी ने कहा कि उन्होंने अपने साथ हुए अनुचित व्यवहार के बारे में तथ्यों को सामने रखा। विहारी ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो को बताया कि, मैं बाहर जाना चाहता हूं और दूसरी टीम के लिए खेलना चाहता हूं। मैंने एसीए से अनापत्ति प्रमाणपत्र मांगा है। मैं जवाब का इंतजार कर रहा हूं।



एसीए के एक अधिकारी ने नाम छिपाने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि, हां हमने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा है और हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं। ये सिर्फ ये पता लगाने के लिए है कि उसने पिछले महीने किस तरह की प्रतिक्रिया दी थी। वह हमारे पास नहीं पहुंचा है, इसलिए ये उसके लिए अपनी शिकायतें सामने लाने का मौका है। आखिरकार, हनुमा विहारी और राज्य क्रिकेट के विकास में उनके योगदान को महत्व देते हैं क्योंकि उन्होंने आंध्र कोघरेलू क्रिकेट में आगे बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभाई है।

# सूर्याकुमार यादव की फिटनेस पर बड़ा अपडेट, फैंस को करना होगा अभी और इंतजार



पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 में एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में लगातार दो मैच हार चुकी है। वहीं दुनिया के नंबर वन टी20 खिलाड़ी सूर्याकुमार यादव की कमी टीम को खल रही है। लेकिन मुंबई की परेशानी अभी कम नहीं होंगे। दरअसल, सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है।

वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने कहा कि, सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है। मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है।

साथ ही सूत्र ने आगे कहा बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।'' मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए 33 साल के सूर्यकुमार की तुलना कई बार दक्षिण अफ्रीका के संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स से होती है।

सूर्या ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 171.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उन्होंने भारत के लिए 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में चार शतक की मदद से 2141 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियन्स की टीम सोमवार को मुंबई में अपने पहले घरेलू मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी।

# हॉकी इंडिया ने श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह अध्यक्ष बनने पर बधाई दी



हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि वह साथी खिलाड़ियों की बेहतरी में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बुधवार को नयी एथलीट समिति का ऐलान किया जिसके अध्यक्ष श्रीजेश और चिली महिला हॉकी टीम की डिफेंडर कामिला काराम होंगी।

काराम को कार्यकारी बोर्ड में एथलीट समिति का प्रतिनिधि और सह अध्यक्ष बनाया गया है जबकि श्रीजेश सह अध्यक्ष होने के साथ नियोजन और बैठकों में अगुवाई करेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा यह देखकर अच्छा लगा कि पी आर श्रीजेश को एफआईएच में ऐसी भूमिका मिली है जो हॉकी खिलाड़ियों के जीवन को सीधे प्रभावित कर सकती है। उनके पास अपार अनुभव है और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिये वह बहुत कुछ कर सकते हैं। एफआईएच एथलीट समिति सलाहकार ईकाई है जो एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, समितियों, सलाहकार पेनल और अन्य ईकाइयों को सलाह देती है। उनका काम खिलाड़ियों की ओर से एफआईएच को फीडबैक देने के साथ खिलाड़ियों के लिये संसाधनों और नयी पहल का विकास करना है।

# खुलकर खेलने के टीम प्रबंधन के संदेश ने कमाल किया : अभिषेक शर्मा

सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि मुंबई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी प्रदर्शन के पीछे टीम प्रबंधन का खुलकर खेलने का संदेश था। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए मुंबई के खिलाफ आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 277 रन बनाक 31 रन से जीत दर्ज की।

ट्रेविस हेड ने 24 गेंद में 62 और शर्मा ने 23 गेंद में 63 रन बनाये जबकि हेनरिच क्लासेन ने 34 गेंद में नाबाद 80 रन की पारी खेली। इससे पहले आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 263 रन था जो 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने बनाया था।



शर्मा ने कहा मुझे अहसास ही नहीं हुआ कि यह सनराइजर्स के लिये सबसे तेज अर्धशतक था। मैं सिर्फ खुलकर खेलना चाहता था और आउट होने के बाद ही मुझे यह पता चला। मुझे काफी मजा आया।

उन्होंने कहा मैच से पहले टीम बैठक में बल्लेबाजों के लिये सीधा और साफ संदेश था कि मैदान पर उतरकर खुलकर खेलो। यह काफी सकारात्मक संदेश था जो कप्तान और कोच से मिला था। इससे सभी बल्लेबाजों को मदद मिली।

ट्रेविस और शर्मा ने सिर्फ 22 गेंद में 68 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा ट्रेविस मेरे पसंदीदा बल्लेबाजों में से है और उनके साथ बल्लेबाजी करके काफी मजा आया। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड ने कहा यह बेहद रोमांचक मैच था। हमें अपने बल्लेबाजों पर भरोसा है और पिछले साल हमने बड़े लक्ष्य हासिल किये थे। हमारे बल्लेबाजों ने भी अच्छा खेला लेकिन थोड़ा पीछे रह गए। सनराइजर्स को जीत का पूरा श्रेय जाता है जिसने आखिर में अच्छी बल्लेबाजी की।

# बॉबी देओल की जागी सोई हुई किस्मत? रनबीर कपूर के बाद अब आलिया भट्ट फिल्म में बनेंगे खुंखार खलनायक

बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल की किस्मत तब चमकी जब लोगों ने एनिमल में उनके विलेन के किरदार को जमकर पसंद किया। एक फिल्म ने एक्टर की सोई हुई किस्मत को वापस जगा दिया। एनिमल के बाद बॉबी देओल आलिया भट्ट-स्टारर फिल्म के लिए फिर से ग्रे होने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म प्रतिष्ठित यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) के स्पाई यूनिवर्स की बताई जा रही है।

आईएएनएस की एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉबी देओल आगामी जासूसी थ्रिलर में आलिया भट्ट और शारवरी वाघ को बर्बाद करेंगे। बॉबी देओल का स्पाई यूनिवर्स में शामिल होना, आदित्य चोपड़ा द्वारा किया गया एक अविश्वसनीय कास्टिंग तख्तापलट है! आईएएनएस ने एक सूत्र के हवाले से बताया, बॉबी इस एक्शन तमाशा में आलिया भट्ट और शारवरी को नष्ट करने के लिए एक निर्दयी, खतरनाक खलनायक बनेंगे, जो दर्शकों के होश उड़ा देगा। आगामी अनाम फिल्म में, आलिया एक महिला एजेंट की भूमिका निभाएंगी, जिसका निर्देशन के घरेलू निर्देशक शिव रवैल ने किया है। फिल्म में शरवरी भी हैं, जो एक मिशन पर सुपर एजेंट के रूप में आलिया के साथ हैं। अनजान लोगों के लिए, निर्देशक शिव रवैल ने पहले द रेलवे मेन का निर्देशन किया है। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 और वॉर 2 के बाद वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह सातवीं फिल्म होगी।



***बॉबी देओल के अन्य प्रोजेक्ट्स***

अपनी वेब सीरीज आश्रम की सफलता के बाद बॉबी देओल ने कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर मंथन किया है। वह अगली बार सूर्या-स्टारर कंगुवा में दिखाई देंगे। पैन-इंडिया फिल्म में दिशा पटानी भी मुख्य भूमिका में हैं। बॉबी पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में भी नजर आएंगे। इनके अलावा, उनकी झोली में आश्रम 4, देसी शेरलॉक होम्स, पेंटहाउस और अपने 2 भी हैं। बॉबी जॉन अब्राहम और इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म शूटआउट एट बायकुला में एक विस्तारित कैमियो में भी दिखाई देंगे।

# रणबीर कपूर मां नीतू कपूर की जूलरी चुराकर अपनी गर्लफ्रेंड को गिट करते थे

कपिल शर्मा अपने स्टैंडअप कॉमेडी और टॉक शो में सेलिब्रिटी मेहमानों को आमंत्रित करने के लिए जाने जाते हैं। कपिल, कॉमेडियन से एक्टर बने, उनके वन-लाइनर्स और कॉमिक स्किट्स से प्रसिद्धि हासिल की है। उनकी आने वाली सीरीज द ग्रेट इंडियन कपिल शो में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर आए थे। यह शो नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाला है, इस शो में तीनों मेहमानों ने कई खुलकर खुलासे किए। रणबीर कपूर ने अपनी गर्लफ्रेंड को मां की ज्वेलरी, बहन की ड्रेस गिफ्ट करने की बात स्वीकारी। हाल ही में जारी प्रोमो में, रणबीर, नीतू और रिद्धिमा बाकी टीम के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं, जिसमें कपिल, सुनील ग्रोवर, कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक शामिल हैं। जैसे ही रणबीर अपनी मां और बहन के साथ पहले एपिसोड का रिबन काटते हैं, बातचीत शुरू करने से पहले सभी लोग डांस करते हैं। जब कपिल ने पूछा कि क्या रणबीर कूपर ने रिद्धिमा की ड्रेस को अपनी गर्लफ्रेंड को गिफ्ट में दी थी, तो उन्होंने यह स्वीकार करते हुए प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उन्होंने अपनी मां के गहने भी उपहार में दिए थे। रिद्धिमा आगे कहती हैं, हमारी पीढ़ी ने सबसे ज्यादा मजा किया है।



सुनील ग्रोवर, जो गुत्थी के रूप में वापस आए हैं और उन्होंने नीतू को याद दिलाया कि कैसे उन्होंने पिछले शो में से एक में बहू को दी गई स्वीकृति के प्रतीक के रूप में अपनी चूड़ियां गिफ्ट में दी थीं। गुत्थी ने चूड़ियां लौटाने की पेशकश की और अपना मोबाइल फोन नीतू को दे दिया। जब कपिल ने टोका ये तो मोबाइल तो गुत्थी ने कहा कि कंगन बेचकर स्मार्टफोन खरीदा है।

एक मजेदार सीन में कपिल और गिन्नी चतरथ के बीच प्यारी नोकझोंक हुई। जब रणबीर कपूर ने कपिल से कहा कि वह राहा को इस शो पर लाना चाहते हैं, तो कपिल ने कहा कि मैंने अपनी बेटी की देखभाल की है क्योंकि गिन्नी अपने दूसरे बच्चे के साथ गर्भवती थीं। गिन्नी ने इस पर पलटवार किया कि, इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शर्मिंदा कपिल ने कहा, उससे माइक छीन लो।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 30 मार्च, 2024 से रात 9 बजे से होगा।

# दिलजीत दोसांझ बड़े पर्दे पर ताड़किला, भड़कीला, रंगीला स्टाइल दिखाने के लिए तैयार



दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अभिनीत फिल्म अमर सिंह चमकीला का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। नेटफ्लिक्स ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर आगामी जीवनी फिल्म का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर साझा किया। इतना ही नहीं, फिल्म के मुख्य कलाकारों की मौजूदगी में मुंबई में एक कार्यक्रम में ट्रेलर को आधिकारिक तौर पर लॉन्च भी किया गया। यह फिल्म बैसाखी के मौके पर 12 अप्रैल को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म को वास्तविक स्थानों पर शूट किया गया है। परिणीति चोपड़ा फिल्म में मुख्य महिला का किरदार निभा रही हैं, यानी वह चमकीला की पत्नी और सिंगिंग पार्टनर अमरजोत का किरदार निभा रही हैं। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने ट्रेलर के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा तड़किला, भड़कीला, रंगीला- वो है अमर सिंह चमकीला। अमर सिंह चमकीला का प्रीमियर 12 अप्रैल को, केवल नेटफ्लिक्स पर!

***फिल्म के बारे में***

इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित, फिल्म का साउंडट्रैक संगीत उस्ताद एआर रहमान द्वारा रचित है। फिल्म में दिलजीत और परिणीति के अलावा विपिन कात्याल, राहुल मित्रा और निशा बानो भी सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म इसी नाम के संगीतकार के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके 27 साल की उम्र में असामयिक मृत्यु से पहले गाने के विवादास्पद बोल ने प्रसिद्धि और आलोचना दोनों को आकर्षित किया था।

यह फिल्म नौ वर्षों में पहली बार इम्तियाज अली, संगीतकार एआर रहमान और गीतकार इरशाद कामिल के सहयोग का प्रतीक है। फिल्म में छह मूल हिंदी गाने हैं, जिन्हें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा ने गाया है। और, ये वो गाने हैं जो किसी स्टूडियो में रिकॉर्ड किए जाने के बजाय शूटिंग के दौरान लाइव रिकॉर्ड किए गए थे।

# हॉलीवुड स्टार विन डीजल को आयी दीपिका पादुकोण की याद, शेयर की अपनी एक्ट्रेस के साथ पुरानी तस्वीर



विन डीजल ने मंगलवार शाम को अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्होंने दीपिका पादुकोण और फिल्म निर्माता डीजे कारुसो के साथ अपनी एक अनदेखी तस्वीर साझा की। यह तस्वीर उस समय की है जब वह 2017 में अपने भारत दौरे पर फिल्म रिटर्न टू जेंडर केज का प्रचार कर रहे थे। पोस्ट में उन्होंने एक भाई-बहन की कहानी का भी जिक्र किया, जो कारुसो ने उन्हें भेजी थी।

उन्होंने तस्वीर के साथ लिखा जब मैं उन निर्देशकों के बारे में सोचता हूं जो एक से अधिक बार मेरे साथ काम करना चाहते हैं तो मैं हमेशा विनम्र हो जाता हूं। यह तब की तस्वीर है जब मैं भारत गया था, जैसा कि मैंने दीपिका से वादा किया था कि मैं उस समय के निर्देशक, डीजे कारुसो के साथ भारत जाऊंगा... जबकि हम वर्तमान में प्रोडक्शंस के ऑर्डर को संभाल रहे हैं, मेरी सबसे बड़ी बेटी ने वह स्क्रिप्ट पढ़ी जो डीजे ने मुझे भेजी थी, यह सोचकर कि यह पेसिफायर ब्रैकेट में आ जाएगा। वह रोई... मैंने उससे पूछा कि वह क्यों रोई, और उसने कहा क्योंकि एक भाई और बहन की कहानी उसके लिए सच थी और यह भावनात्मक थी।पोस्ट में, उन्होंने अपने भविष्य के बड़े प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बताया जो लाइनअप में हैं, उन्होंने लिखा, रॉक एम सॉक एम, मैटल का फॉलो अप टू बार्बी... यूनिवर्सल का कोजैक, विच हंटर, रिडिक 4 और निश्चित रूप से फास्ट का फिनाले सभी पद के लिए लड़ रहे हैं। सौभाग्यपूर्ण।

# रणबीर कपूर की रामायण में मंदोदरी का किरदार निभाएंगी टीवी एक्ट्रेस साक्षी तंवर?

रणबीर कपूर की रामायण अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म नियमित रूप से सुर्खियां बटोरती रही है, बावजूद इसके इसके निर्माताओं द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिल्म की स्टारकास्ट के बारे में कई रिपोर्टें हाल ही में सामने आई हैं, जैसे देवी सीता की भूमिका के लिए साई पल्लवी और आलिया भट्ट के नाम ऑनलाइन प्रसारित हो रहे थे। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीवी एक्ट्रेस साक्षी तंवर को रावण की पत्नी मंदोदरी की भूमिका के लिए चुना गया है।

फिल्मी बीट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर नितेश तिवारी ने मंदोदरी के रोल के लिए साक्षी को कास्ट करने का फैसला किया है। वह केजीएफ स्टार यश के साथ स्क्रीन टाइम साझा करने के लिए उत्साहित हैं, जो फिल्म में रावण की भूमिका निभाएंगे, और टीम स्क्रिप्ट-रीडिंग सत्र में जा रही हैं। इसी रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि लारा दत्ता और रकुल प्रीत सिंह भी इन रीडिंग सेशन का हिस्सा थीं। लारा कथित तौर पर कैकेयी की मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि रकुल द्वारा शूर्पणखा की भूमिका निभाने की खबरें भी आ रही हैं।




इससे पहले, पिंकविला की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि विजय सेतुपति को रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है।

एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया नितेश तिवारी ने हाल ही में विजय सेतुपति से मुलाकात की और उन्हें स्क्रिप्ट और उस दुनिया के बारे में बताया जिसे वह रामायण के साथ बनाना चाहते हैं। पिंकविला ने विकास से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया, विजय कथन और दृश्यों से चकित रह गए और उन्होंने फिल्म में अपनी रुचि दिखाई। इतना ही नहीं, हाल ही में सनी देओल के भगवान हनुमान का किरदार निभाने की खबरें भी उड़ीं। यह फिल्म अगले साल दिवाली के मौके पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

# दूसरों को डराना कांग्रेस की पुरानी संस्कृतिः नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस को देशभर के 600 वकीलों ने पत्र लिखा इस पत्र के हवाले से पीएम मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया



और कहा, दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है, इसलिए 140 करोड़ भारतीय कांग्रेस पार्टी को खारिज कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को देशभर के प्रमुख वकीलों ने पत्र लिखा है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर पत्र की कॉपी को रिपोस्ट कर लिखा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, लगभग 50 साल पहले कांग्रेस ने बेशर्मी से अपने स्वार्थों को दुनिया के सामने रखा था। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रति किसी भी तरह से प्रतिबद्ध होना नहीं चाहती।

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, पांच दशक पहले ही कांग्रेस पार्टी ने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता तो चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचती है। प्रधानमंत्री ने कहा, अब कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।

# कांग्रेस की बेचैनी बढ़ा रही भाजपा

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। लेकिन राज्य में कांग्रेस पार्टी को चुनाव से पहले कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जहां भाजपा पूर्व की बघेल सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को चुनावी मुद्दा बना रही है, वहीं दूसरी तरफ कई कांग्रेसी उम्मीदवारों पर ईडी की जांच और कार्रवाईयों ने पार्टी की मुसीबत को बढ़ा दिया है।

दरअसल, कांग्रेस ने राज्य की 11 लोकसभा सीटों में से तीन सीटों पर ऐसे उम्मीदवारों को मौका दिया है, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इनमें राजनांदगांव सीट से प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, बस्तर सीट से प्रत्याशी कवासी लखमा और बिलासपुर से पार्टी उम्मीदवार देवेंद्र सिंह यादव शामिल हैं। पूर्व सीएम बघेल पर महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में ईडी की जांच चल रही है। वहीं ईओडब्ल्यू भी इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। जबकि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा राज्य के कथित शराब घोटाले में मामले में घिरे हैं। इस मामले में ईडी ने जांच के बाद प्रदेश में 2,161 करोड़ के शराब घोटाले में 70 व्यक्तियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट




दर्ज कराई है। इसमें पूर्व मंत्री लखमा समेत कई पूर्व मंत्री,पूर्व विधायक और कई अफसर शामिल हैं।

इसी तरह भिलाई से विधायक देवेंद्र सिंह यादव राज्य के चर्चित कोयला घोटाला मामले में आरोपी हैं। प्रदेश में कोयला घोटाला बड़ा मुद्दा रहा है। ईडी के मुताबिक, कोयले के परिवहन में प्रति टन 25 रुपये की वसूली हुई है। इसमें नेता से लेकर अधिकारियों और कारोबारियों की मिलीभगत की बात सामने आई है। मामले में ईडी ने 540 करोड़ रुपये के कोयला घोटाला होने का तथ्य लाकर 70 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समेत कांग्रेस कई कांग्रेस नेता, पूर्व विधायक और कई आईएएस अफसरों के नाम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि राजनीति में आरोप का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। आरोप तो पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पर लगे थे। उनका नाम भी घोटाले में सामने आया था। अभी सरगुजा के भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज के खिलाफ भी एक मामला सामने आया था। कई प्रत्याशियों के खिलाफ मामले हैं। अभी जो सत्ता में है, वह चाहे जो कर सकता है, मगर आरोप होने से कोई दोषी नहीं है, इसका चुनाव में कोई असर नहीं पड़ेगा।

इधर, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पांच वर्षों तक भ्रष्टाचार हुए हैं। इनमें लगातार कार्रवाईयां भी हुई हैं। कई लोग जेल भी गए हैं। यह केवल आरोप नहीं है, यह घोटाला तो केंद्रीय एजेंसियों ने ही उजागर किया है। जिन लोगों को जेल हुई है, उनकी अभी तक जमानत नहीं हुई है। निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार मुद्दा बनेगा। इन चुनाव में जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी।

# जयशंकर के निमंत्रण पर भारत पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा



**नई दिल्ली।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा भारत आए हैं। इससे पहले, सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके दौरे से भारत-यूक्रेन के रिश्ते और मजबूत होंगे। यूक्रेन और भारत को दो बड़े लोकतंत्र बताते हुए कुलेबा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि हम अच्छे साझेदार बनने के लिए तैयार हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच भारत की अपनी पहली यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचें हैं। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे राजधानी दिल्ली स्थित महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे। यहां उन्होंने बापू को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि इससे पहले, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को उनके दौरे के बारे में जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि उनकी यात्रा विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान कुलेबा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग पर चर्चा करेंगे। वह व्यापार जगत के लोगों के साथ बातचीत भी करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट पर कुलेबा ने कहा, मेरे दौरे से हमारे (भारत-यूक्रेन) रिश्ते और मजबूत होंगे। यूक्रेन और भारत को दो बड़े लोकतंत्र बताते हुए कुलेबा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि हम अच्छे साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।

## अब चलने वाली हैं गर्म हवाएं, पारा भी चढ़ने वाला है अगले पांच दिन में

**नई दिल्ली।** मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के चलते अब उत्तर भारत समेत मध्य उत्तर भारत में गर्म हवाओं के थपेड़े चलने वाले हैं। यही नहीं पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बारिश, आंधी तूफान और ओले पड़ने की संभावनाएं बनी हुई हैं।




मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक बीते तीन दिनों से उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। हरियाणा, दिल्ली, एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान समेत मध्यप्रदेश के हिस्सों में तापमान सामान्य की तुलना में डेढ़ से चार डिग्री ज्यादा बना हुआ है। दिल्ली में गुरुवार को जहां दिन में 37 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड किया गया। वहीं आसपास के राज्यों में भी तापमान 32 से 35 डिग्री के करीब दर्ज हुआ। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि जिस तरीके की परिस्थितियां बन रही हैं, उससे अगले तीन-चार दिनों के भीतर तापमान में बढ़ोतरी का आकलन किया गया हैं। अनुमान के मुताबिक अप्रैल के शुरू होने से पहले ही मैदानी इलाकों में तापमान सामान्य से औसतन तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा होगा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बुधवार को पश्चिम मध्यप्रदेश, विदर्भ, गुजरात और मराठवाड़ा इलाकों में तापमान बहुत ज्यादा हो चुका है। इन इलाकों में कुछ अलग-अलग हिस्सों में तापमान 40 से 42 डिग्री के करीब भी पहुंच चुका है। विभाग का अनुमान है कि जिस तरीके की मौसम की परिस्थितियां बन रही है, उसे अनुमान लगाया जा रहा है कि इलाकों में भी तापमान अप्रैल के पहले हफ्ते में और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और एनसीआर समेत उत्तराखंड के मैदानी इलाकों के अलावा गंगा के तटीय इलाकों में तापमान 32 से 35 डिग्री के करीब दर्ज किया जा चुका है।

उत्तर भारत के ज्यादातर मैदानी राज्यों में अगले पांच दिनों के भीतर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी भारी वृद्धि होने वाली है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुमान के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ में औसतन दो से पांच डिग्री के तापमान की वृद्धि होगी। जबकि मध्यप्रदेश समेत राजस्थान के कुछ हिस्सों में गर्म हवाओं के थपेड़ों से पारा 40 डिग्री से ऊपर भी पहुंच सकता है। हालांकि गुरुवार की रात से लेकर सोमवार तक

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका के बयान पर भारत का कड़ा रुख, कहा- इस टिप्पणी का कोई औचित्य नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के सीज खातों पर अमेरिकी टिप्पणी पर भारत ने कड़ा रुख जताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं।ऐसे संस्थानों को बाहरी प्रभावों से बचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खातों को सीज करने पर अमेरिकी टिप्पणी के बाद भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया था। जिसकी जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी दूसरे देश के टिप्पणी का कोई औचित्य ही नहीं है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए रणधीर जयसवाल ने कहा कि बुधवार को भारत ने अमेरिकी दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष की गई टिप्पणियों के संबंध में



अपनी कड़ी आपत्ति और विरोध दर्ज कराया है। अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया बयान अनुचित हैं। उन्होंने कहा कि हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर कोई भी बाह्य आरोप पूरी तरह अस्वीकार्य है।

रणधीर जयसवाल ने दो टूक शब्दों में कहा कि कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। जो कोई भी समान लोकाचार रखता है, खासकर साथी लोकतंत्रों को इस तथ्य की सराहना करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अपने स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व हैं। साथ ही साफतौर पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम ऐसी संस्थाओं को किसी भी बाहरी प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि आपसी सम्मान और समझ अंतरराष्ट्रीय संबंधों की नींव को मजबूत बनाती है। ऐसे में अन्य देशों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है।

इस बीच, पत्रकारों से बातचीत करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के मामले पर हमारी स्थिति स्पष्ट है। हमने इस संबंध में बयान भी जारी किए हैं। चीन जितनी बार चाहे अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। उनके बार-बार बोलने से ऐसा तो है नहीं कि वास्तविक स्थिति बदल जाए। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गोवा आप चीफ समेत चार से पूछताछ

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गोवा के आम आदमी पार्टी चीफ अमित पालेकर समेत चार लोगों से पूछताछ हुई। पालेकर से पूछताछ के मामले में पार्टी विधायक वेन्जी वीगास ने तीखा सवाल पूछा है। उन्होंने चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप भी लगाए। प्रवर्तन निदेशालय की रडार पर आम आदमी पार्टी के कई नेता हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप की गोवा इकाई के प्रमुख अमित पालेकर समेत चार लोगों से पूछताछ की गई। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि जांच एजेंसी की यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध का नतीजा है। गोवा में आम आदमी पार्टी के विधायक वेन्जी वीगास ने कहा, अरविंद केजरीवाल और आप अच्छी शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य, बिजली की अच्छी गुणवत्ता, महिला सुरक्षा और उद्यमिता जैसे मुद्दों पर काफी आगे बढ़ रहे हैं।

## भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए कांग्रेस कर रही तैयारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन के बाद प्रचार अभियान ने जोर पकड़ लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मार्च को मेरठ से अपने चुनावी कैंपेन की



शुरुआत करने जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस भी राजस्थान में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की आम सभा की तैयारियों में जुट गई है। सोनिया गांधी जयपुर में सभा को संबोधित कर सकती हैं।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेताओं का कहना है कि हमारी मांग है कि प्रदेश में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की सभाएं और रोड शो हों। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस की तरफ से हाईकमान को एक प्रस्ताव भी भेजा गया है। संभवतः सोनिया गांधी छह अप्रैल को राजस्थान में सभा को संबोधित कर सकती हैं। जयपुर के अलावा वे अन्य एक या दो सीटों पर भी जनसभा को संबोधित कर सकती हैं।

दरअसल, इन लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी की सक्रियता ज्यादा दिखाई दे रही है। इस बार वे उम्मीदवार चयन करने वाली सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की हर बैठक में मौजूद रही हैं। इसके अलावा घोषणा पत्र चयन समिति की बैठक में उन्होंने सुझाव भी दिए। स्वास्थ्य ठीक होने की स्थिति में सोनिया गांधी लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में हिस्सा ले सकती हैं। सोनिया गांधी राजस्थान से निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुनी गई हैं, ऐसे में राजस्थान में ज्यादा सभाएं कर सकती हैं।

इसके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी की सभा और रोड शो के कार्यक्रम भी तैयार किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम राज्य में होने वाले दो चरणों के चुनावों को देखते हुए तैयार किए जा रहे हैं। नेताओं की रैली और रोड शो लोकसभा उम्मीदवारों की मांग के हिसाब से तय किए जा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं का कहना है कि कांग्रेस ने अभी पहले चरण की नामांकन रैलियों में स्थानीय नेताओं को ही बुलाया था। अब तक के नामांकन के दौरान रैलियों में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट गए।

## चीनी राष्ट्रपति-श्रीलंकाई पीएम के बीच हुई बैठक

**नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने को श्रीलंका के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में मदद के लिए समर्थन का आश्वासन दिया है। जिनपिंग ने कहा कि श्रीलंका की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए चीन हमेशा खड़ा रहेगा।

चीन और श्रीलंका ने बुधवार को बीजिंग में एक बैठक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मामलों में दोस्ती, शांति और एक-दूसरे के प्रति सम्मान के तहत काम करना जारी रखने पर सहमति जताई है। इसके साथ ही वे एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने पर भी सहमत हुए हैं। श्रीलंका ने एक बयान जारी करते हुए कहा, चीनी सरकार ने आश्वासन दिया है कि वह निरंतर श्रीलंका के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रयासों के लिए समर्थन करते रहेंगे। श्रीलंका की स्वतंत्रता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए चीन हमेशा खड़ा रहेगा।

# जरूरत पड़ी तो हम बदलाव के लिए तैयार अग्निवीर भर्ती योजना पर राजनाथ सिंह का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** अग्निवीर भर्ती योजना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो उनकी सरकार अग्निवीर भर्ती योजना में परिवर्तन करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दो टूक शब्दों में कहा कि भारत और इसकी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित है। देश के नागरिकों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। अग्निवीर योजना की आलोचना पर एक सवाल का जवाब में राजनाथ सिंह ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य ही नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो उनकी सरकार अग्निवीर भर्ती योजना में परिवर्तन करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य

**सुरक्षित**

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दो टूक शब्दों में कहा कि भारत और इसकी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित है।**

सुरक्षित रहे। सेना में युवावस्था होनी चाहिए। मुझे लगता है कि युवा अधिक उत्साही हैं, वे अधिक तकनीक प्रेमी हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित हो, जरूरत पड़ी तो बदलाव भी करेंगे। युवा प्रोफाइल के लिए हर कोई स्वीकार करेगा कि सशस्त्र बलों को ऐसा करना चाहिए।

दिल्ली में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी लगभग 50 साल लंबी राजनीतिक यात्रा के किस्से भी साझा



किए। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्ष के नेताओं के सदस्यों समेत कई लोगों द्वारा उठाए गए सवालों पर उन्होंने कहा कि जो देश के हित में है वो मैं सब विपक्ष के साथ साझा करता हूं लेकिन कुछ चीजें है जिनका रणनीतिक महत्व है और हम उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं बता सकते हैं। कुछ मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से बोलने से बचने की कोशिश करता हूं।

सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं देश के हर नागरिक को आश्वास्त करना चाहता हूं कि उन्हें हमारी सेना और सुरक्षा कर्मियों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। पूर्वी लद्दाख में के कुछ इलाकों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच साढ़े तीन साल से अधिक समय से टकराव चल रहा है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है।

## शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों का रिकॉर्ड रखने के लिए भारत ने लॉन्च किया डेटाबेस

**नई दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को रिकॉर्ड करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की दिशा में काम करने के लिए एक नया डेटाबेस लॉन्च किया है। भारत की यूएन दूत रुचिरा कंबोज ने इसकी जानकारी दी है। डेटाबेस की लॉन्च की घोषणा मंगलवार को भारत के नेतृत्व वाले ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स (जीओएफ) के बीच उच्च स्तरीय बैठक में हुई।

रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, यूएन के शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों को रिकॉर्ड करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहराने की दिशा में काम करने के लिए एक नया डेटाबेस लॉन्च करके खुशी हो रही है।

डेटाबेस को ऑनलाइन भंडार के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# जयशंकर का मलयेशिया दौरा खत्म, डिजिटल मंत्री के साथ बैठक के बाद इन क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

**कुआलालंपुर।** जयशंकर ने भारत-मलयेशिया रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों

**मलयेशिया**

**सिंगापुर और फिलीपींस के दौरे के बाद केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को मलयेशिया पहुंचे थे।**

को गहरा करने में समर्थन के लिए प्रधानमंत्री अनवर का धन्यवाद किया।

सिंगापुर और फिलीपींस के दौरे के बाद केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को मलयेशिया पहुंचे थे। मलयेशिया की दो दिवसीय दौरे का समापन आज यानी की 28 मार्च को हुआ। जयशंकर ने अपने दौरे का समापन मलयेशिया के डिजिटल मंत्री गोविंद



सिंह देव से मुलाकात के साथ की। मलयेशिया पहुंचकर जयशंकर ने वहां के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की। जयशंकर ने उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से शुभकामनाएं भी दी।

सोशल मीडिया पर जयशंकर ने कहा, मलयेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात सम्मान की बात है। पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है।

जयशंकर ने भारत-मलयेशिया रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने में समर्थन के लिए प्रधानमंत्री अनवर का धन्यवाद किया। उन्होंने मलयेशिया के विदेश मंत्री हाजी मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक, व्यापार, आर्थिक, रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में बातचीत हुई। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक हित के मुद्दों पर भी चर्चा की। केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव से भी मुलाकात की।

जयशंकर ने मलयेशिया दौरे का समापन करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा, ÷डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव के साथ मिलकर मैंने मलयेशिया में अपना कार्यक्रम संपन्न किया। हमने व्यावसायिक अवसरों को तलाशने से लेकर डिजिटल सहयोग पर चर्चा की।

## भारत-चीन सीमा विवाद पर बीजिंग में हुई बैठक, राजनयिक-सैन्य चैनलों के माध्यम से शांति बनाने पर जताई सहमति

**बीजिंग।** भारत-चीन सीमा विवाद के बीच दोनों देशों ने इस मामले को सुलझाने के लिए बीजिंग में एक बैठक की। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत-चीन सीमा विवादों को लेकर बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में एक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने की। उन्होंने बीजिंग में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। दूसरी ओर से चीन की तरफ से चीनी विदेश मंत्री इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधि के बीच भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर जारी विवाद पर चर्चा की गई।

बैठक के बाद दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमित जताई है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से



नियमित संपर्क बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच पिछले साल नवंब में बैठक हुई थी।

हाल ही में चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। हालांकि, भारत ने इस दावे को खारिज कर दिया था। इससे पहले भी चीन कई बार अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर चुका है, लेकिन विदेश मंत्रालय ने चीन के इन निराधार दावों को खारिज करते हुए कहा कि अरुणाचल उत्तरपूर्वी राज्य होने के साथ भारत का एक अभिन्न हिस्सा है। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि अरुणाचल के लोगों को भारत के विकास कार्यक्रम और परियोजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

# प्रदेश के 56 मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य हुआ पूरा

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से किया जा रहा है। अभी तक 91 फीसदी कापियां जांची जा चुकी हैं। प्रदेश के 259 मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन हो रहा था, लेकिन इसमें से 56 ऐसे केंद्र बने है जहां पर मूल्यांकन का कार्य अब समाप्त हो चुका है। मालूम हो कि 16 मार्च से मूल्यांकन का कार्य शुरू किया गया था, जिसे 31 मार्च तक पूरा करना है। उम्मीद यह जताई जा रही है कि समय के अंदर ही मूल्यांकन कार्य पूरा हो जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं को लेकर वाराणसी से आए शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की मुजफ्फरनगर में हेड कांस्टेबल द्वारा हत्या किए जाने के बाद से शिक्षकों में काफी आक्रोश था। इसका असर मूल्यांकन केंद्रों



पर भी दिखाई दिया कि। जिसका शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार किया था। लेकिन अब मूल्यांकन केंद्रों पर कापियां जांची जा रही हैं।

यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला के अनुसार हाई स्कूल परीक्षा में 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94802 परीक्षक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की 1.25 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 5295 परीक्षकों को नियुक्त किया गया है। दोनों कक्षाओं की कुल 3.5 करोड़ उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया जाना था। 27 मार्च की शाम तक कुल 2,61, 25001 कापियों का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है। मूल्यांकन कार्यों की निगरानी के लिए यूपी बोर्ड मुख्यालय में कंट्रोल एवं कमांड सेंटर के जरिए पूरी लाइव निगरानी की जा रही है।

# आज लुटने से बच नहीं सकता, सब मेरे खास खास बैठे हैं
## पुरस्कार वितरण समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** शिप्रा इंटर कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह एवं कवि सम्मेलन के अंतर्गत प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर एवं डॉक्टर आभा मधुर का अभिनंदन हुआ। कार्यक्रम में प्रबंधक ज्ञानचंद पाल ने आए हुए अतिथियों रचनाकारों का स्वागत एवं सम्मान किया।

उक्त अवसर पर वरिष्ठ रचनाकार गीतकार शैलेंद्र मधुर डॉ आभा श्रीवास्तव, मधुर,प्रख्यात उद्घोषिका का मधुर दंपति के साहित्यिक यात्रा एवं साहित्यिक सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिये 51 किलो की माला पहनकर नागरिक अभिनंदन किया। उक्त अवसर पर अध्यक्षता कर रहे राम कैलाश पाल प्रायागी, पार्षद दीपिका जैसल, शैलेंद्र मधुर एवं डॉक्टर आभा मधुर ने कॉलेज के बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया।

तत्पश्चात कवि सम्मेलन का शुभारंभ युवा कवित्रीआयुषी त्रिपाठी के वाणी वंदना के साथ हुआ।

नहीं अपराधी है जो नज़रे झुका के चले, बेटियों को सर उठाकर चलना सिखाए।

अध्यक्षता कर रहे राम कैलाश पाल प्रयागी जी ने अपनी पंक्तियों से श्रोताओं को संदेश दिया कि न धन चाहिए,न महल चाहिए,

विदेशी ना मुझको अकल चाहिए,

सबके हाथों में खिलता कमल चाहिए। गीतों गजलों की श्रेष्ठ कवियत्री डॉक्टर आभा श्रीवास्तव माधुरी ने अपने गीतों सेश्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर डाला। उन्होंने कहा कि आपके आईने मे अगर मैं नहीं, आप चेहरे से अपने मुकर जाइए।

संचालन कर रहे प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर ने अपने गीतों से श्रोताओं कर डाला।

आज लुटने से बच नहीं सकता, सब मेरे खास खास बैठे हैं। आप जब से उदास बैठे हैं, ग़म मेरे



आस-पास बैठे हैं।।

इसके साथ ही हास्य व्यंग्य के कवि नजर इलाहाबादी, योगेश झमाझम ने भी अपनी रचनाएँ पढ़ीं।

कवि सम्मेलन में शिप्रा इंटर कॉलेज के समस्त अध्यापिकाएं अध्यापक गण एवं क्षेत्र की गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन शिप्रा इंटर कॉलेज के प्रबंधक ज्ञानचंद पाल ने किया।

## विपक्ष के पास प्रत्याशी नही: डा विक्रम सिंह पटेल

**प्रयागराज।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता डा विक्रम सिंह पटेल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि इंडिया गठबंधन में घमासान मचा हुआ है जिसका उदाहरण रामपुर और मुरादाबाद में देखने को मिल सकता है। बीजेपी नेता डा विक्रम सिंह पटेल ने कांग्रेस पर तंज कसे हुए कहा कि इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस का कोई मूल कैडर का नेता नही है और उसे उधार का प्रत्याशी खोजना पड़ रहा है। बीजेपी नेता ने दावा किया कि बीजेपी 400 सीट से ज्यादा जीतेगी और उत्तर प्रदेश की 80 सीट पर जीत तय करेगी।

एक सवाल के जवाब में कि क्या वजह है बीजेपी अपने वर्तमान सांसदों पर भरोसा नहीं कर पा रही है कि इलाहाबाद, फुलपुर और कौशांबी में टिकट नहीं घोषित हुआ। इसके जवाब में बीजेपी नेता ने कहा कि प्रत्याशी घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही प्रत्याशी घोषित किए जायेंगे। आज उनका मकसद पत्रकार बंधुओं से होली मिलना और बीजेपी की नीतियों को बताना था।

## पीएम-सीएम पर अभद्र रील बनाने वाला गिरफ्तार

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के ऊपर अभद्र रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले अभियुक्त को जिले के थाना शाहगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ट्विटर के माध्यम से जनपदीय सोशल मीडिया सेल को शिकायत प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा इंस्ट्राग्राम पर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के ऊपर गलत तरीके से रील बना कर पोस्ट किया जा रहा है, सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में लाया गया, जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यवाही के निर्देश दिये गये, । थाना साइबर क्राइम की मदद से इंस्ट्राग्राम की आईडी की जानकारी की गयी तो पोस्टकर्ता थाना शाहगंज अन्तर्गत का पाया गया। प्रभारी निरीक्षक शाहगंज को तत्काल कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया, जिसपर तत्परता से कार्यवाही करते हुए पोस्टकर्ता अभियुक्त गौरव यादव पुत्र रामअशीष यादव निवासी अरगुपुरकला थाना शाहगंज जौनपुर को क्षेत्र के बीबीगंज बाजार से गिरफ्तार किया गया।

# इविवि के शोध प्रवेश परीक्षा में क्रेट लेवल-वन की बाध्यता हो खत्म

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा- यूजीसी-नेट स्कोर के आधार पर हो प्रवेश प्रक्रिया
- यूजीसी-नेट संबंधी नए मानकों से शुचितापूर्ण, सरल एवं पारदर्शी होगी प्रवेश प्रक्रिया

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन से संयुक्त शोध प्रवेश परीक्षा (क्रेट) से लेवल-वन की लिखित परीक्षा की बाध्यता को खत्म करने एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी किए गए यूजीसी-नेट संबंधी नियमों के आधार पर लेवल-वन की लिखित परीक्षा के स्थान पर नेट स्कोर को प्रयोग करने की मांग करती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को प्रवेश परीक्षा के स्थान पर यूजीसी-नेट स्कोर के इसी सत्र से प्रयोग हेतु निर्देशित किया गया है, अभाविप इविवि इकाई शोध प्रवेश परीक्षा हेतु इन दिशानिर्देशों को इसी सत्र से लागू करने की मांग करती है। नए नियमों के अनुपालन से इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शोध प्रवेश प्रक्रिया को शुचितापूर्ण, सरल एवं पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी किए गए शोध प्रवेश परीक्षा संबंधी दिशानिर्देशों से अभ्यर्थियों को काफी राहत मिलेगी एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शोध प्रवेश परीक्षा में शुचिता एवं पारदर्शिता बढ़ेगी। अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले संयुक्त शोध प्रवेश परीक्षा से लेवल-वन को हटाने एवं नए नियमों को इसी सत्र से लागू करने की मांग करती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री आयुष्मान चौहान ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शोध प्रवेश परीक्षा को पटरी पर लाने हेतु यूजीसी द्वारा नए नियम सहायक होंगे एवं शोध प्रवेश परीक्षा में व्याप्त अनियमितताओं को दूर किया जा सकेगा।

## अमित यादव बने समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन से प्रयागराज से निकाली गई पद यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले अमित यादव को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया। समाजवादी पार्टी के द्वारा आन्दोलनों व पार्टी के प्रति समर्पित रहने वाले अमित यादव को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर बधाई दी। विधायक विजमा यादव, गंगापार ज़िलाअध्यक्ष अनिल यादव, ज़िला अध्यक्ष जमुनापार पप्पू लाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, डॉ मान सिंह यादव, पूर्व विधायक अन्सार अहमद, ज़िला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,नाटे चौधरी, प्रतिमा रावत, सत्यभामा मिश्रा, मंजू यादव, सविता प्रकाश कैथवास, मोईन हबीबी, मोहम्मद गौस, ओ पी यादव, अभिमन्यु पटेल, मोहम्मद अज़हर, शाहिद प्रधान, आकिब जावेद, शिवम यादव, डॉ जमशेद अली, डॉ अभिषेक कनौजिया आदि ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## सत्यम और हर्षित ने दौलत हुसैन को जिताया

प्रयागराज। सत्यम सागर के अर्धशतक (96 रन, 71 गेंद, 13 चौके, चार छक्के) और हर्षित प्रसाद यादव के बहुमुखी खेल (21 रन एवं चार विकेट) के दम पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने तेजस क्रिकेट क्लब को 30 रन से हराकर साबिरा बेगम अंदर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने गुरुवार को अपने मैदान पर 35 ओवर में 7 विकेट पर 218 रन (सत्यम सागर 96, मोहम्मद अराफात 25, हर्षित प्रसाद यादव 21, आदर्श सिंह, राहुल यादव, सानिध्य श्रीवास्तव, वंश केसरवानी व शिवम पटवा एक-एक विकेट) बनाकर तेजस क्रिकेट क्लब को 24.2 ओवर में 188 रन (अंकित यादव 40, अनिकेत सिंह 37, शिवम पटवा 27, हर्षित प्रसाद यादव 4/30, अब्दुल बासित 3/47) पर समेट दिया।

## स्थानीय संपादक की पत्नी का निधन पत्रकारों में शोक की लहर



**जौनपुर।** दैनिक अखबार पूर्वांचल लाइफ के स्थानीय संपादक मनीष श्रीवास्तव की पत्नी प्रतिमा श्रीवास्तव का इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में निधन हो गया निधन से जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। पत्रकार के संघर्ष के संगिनी के तौर पर साथ निभाने वाली प्रतिमा के जाने पर पत्रकारों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। वे 42 वर्ष की थी बुधवार को उनके शव को उनके निजी आवास इशापुर से रात 9 बजे राम घाट ले जाया गया उनका अंतिम संस्कार किया गया सभी पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए प्रतिमा श्रीवास्तव को पत्रकार के संघर्षों का साथी बताया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## एसपी ने छात्राओं को दिए सुरक्षा के टिप्स



**जौनपुर।** नूरुद्दीन खाँ गर्ल्स पी0जी0 कालेज अफलेमपुर मल्हनी बाजार जौनपुर में आयोजित पुलिस की पाठशाला में डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा छात्राओं को सम्बोधित किया गया। सम्बोधन में उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया तथा उससे बचाव के उपाय बताये गये एवं सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने तथा अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल लाक रखने का सुझाव दिया गया। साथ ही उन्हें यातायात के प्रति भी जागरुक किया गया। इस मौके पर छात्राओं द्वारा पुलिस अधीक्षक से कुछ सवाल भी पूछे गये जिसका जवाब दिया गया तथा छात्राओं को सम्मान्नित किया गया। एसपी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से जहाँ एक ओर बच्चों में अपनी एवं अपने सहपाठियों की सुरक्षा की भावना का विकास होगा,वहीं दूसरी ओर वे निडर होकर अपनी बात पुलिस से बता सकेंगे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महिला स्कूटी रैली निकाली गई। रैली को इंग्लिश क्लब से जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उप जिलाधिकारी अर्चना ओझा, उप जिलाधिकारी प्रजक्ता त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में निकली रैली में परिषदीय विद्यालयों की सैकड़ों शिक्षिकाएं, स्कूटी पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर, हेलमेट लगाकर, पिंक कपड़े पहनकर शामिल रहीं तथा महिलाएं मतदाता जागरूकता वाले संदेशों के पोस्टर भी लिए थीं। तथा वोट करेगा जौनपुर, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, ÷चाहे नर हो या नारी मतदान हैं सबकी जिम्मेदारी ÷ पहले मतदान फिर जलपान, आदि नारे लगाते चल रही




थी और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही थी।

रैली इंग्लिश क्लब से शुरू होकर, दीवानी कचहरी तिराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा, जहांगीराबाद, नखास, सदभावना पुल, चहारसू, होते हुए शाही किला तक गई। उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता रैली का उद्देश्य है कि मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने जनपद के मतदाताओं से अपील की है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान तिथि 25 मई 2024 को अवश्य मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाए। महिला, पुरुष, तृतीय लिंग, युवा व दिव्यांग सभी करें शत प्रतिशत मतदान।

मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि जनपद के सभी मतदाता चाहे वे यहाँ रह रहे हैं या बाहर रह रहे हो, वे सभी लोकतंत्र का महापर्व मनाये और मतदान ज़रुर करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान करना हम सभी का कर्तव्य व नैतिक जिम्मेदारी है, मतदान कर अपना फर्ज़ निभाये स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरुक करें।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर उदयभान कुशवाहा, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चन्द्र यादव, ट्रैफिक आफिसर जी डी शुक्ला, एआरपी राजीव सिंह, पटल सहायक विन्ध्यवासिनी उपाध्याय सहित सैकड़ों परिषदीय विद्यालयों की शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## मनरेगा से पोखरी खुदाई कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने साप्ताहिक भ्रमण के दौरान आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आज पोलिंग सेंटर कंपोजिट विद्यालय बिलरियागंज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के दरवाजे, खिड़कियां में जाली, विद्युत व्यवस्था, बाउंड्री वॉल, कक्ष में पंखा, विकलांग हेतु रैंप एवं शौचालय तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था को सही कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए छाया हेतु शेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात ग्राम पंचायत सैदौली गरथौली बुढ़ानपुर में मल्लू के पुरा के पास मनरेगा द्वारा कराए जा रहे मनरेगा से पोखरी खुदाई आदि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा मजदूरों से कार्यों एवं भुगतान आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी के साथ ही उन्होने तुरकौली ग्राम में चनौवा ताल से खड़ंजा तक बाहा खुदाई के कार्यों का निरीक्षण किया तथा कार्य कर रहे मजदूरों की संख्या एवं कार्य दिवस की जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड द्वारा निर्माण कराये जा रहे आजमगढ़-बिलरियागंज रोड का निरीक्षण किया।

## आश्रम के 4 मड़हे संदिग्ध परिस्थिति में जलकर खाक



**जौनपुर(सिरकोनी)।** जलालपुर थाना क्षेत्र के भगरी गांव में बुधवार की रात को सई नदी के किनारे स्थित एक आश्रम के 4 मड़हे सन्दिग्ध परिस्थितियों में जल गये। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव में सई नदी के समीप एक मन्दिर है। कीनाराम आश्रम बनारस के एक सन्त सियाराम जी महाराज कुछ माह पूर्व गांव में आये।गांव के लोगों से मिलकर उन्होंने वहां पर कुछ मडहे डाले। उसके बाद धीरे–धीरे अब वहां एक दो तल का एक भवन लगभग बन चुका है। सन्त सियाराम सप्ताह में एक बार यहां आते हैं। बताया जाता है कि गांव के कुछ लोग आश्रम की जमीन को लेकर विवाद करते रहे। होली के दिन किसी बात को लेकर आश्रम पर अधिकांश समय रहने वाले एक युवक को कुछ लोगों ने गाली गलौज भी दिया था। उस मामले में थाने पर पहुंचकर दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया था। बुधवार को आश्रम पर कोई नहीं था। रात में अचानक मड़हे जलने लगे। लोगों के पहुंचने तक मड़हे जलकर राख हो गए। किसी ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर सत्यता का पता लगाने में जुट गयी है। इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि आश्रम के जमीन के मड़हे को लेकर कोई बड़ा विवाद नहीं था। कोई अराजक तत्व या किसी ने साजिशन मड़हे में आग लगा दिया। बहुत जल्द ही सत्यता का पता लग जायेगा। दोषी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# चमत्कारी सिद्धियों के स्वामी थे मौनी बाबा-सुभाष चंद्र



*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** मां शारदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय शंभूपुर गहजी स्थित मौनी बाबा मंदिर में पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन द्वारा रचित दुर्वासा महामण्डलेश्वर ब्रह्मर्षि मौनी बाबा रामलाल दास महाराज की पावन आरती की शूटिंग हुई। मौनी बाबा की पावन आरती को लोक गायक गंगा गुंजन ने स्वर दिया है। वीडियो डायरेक्ट आशीष राजा और सोनू सजनवा के द्वारा वीडियो की शानदार शूटिंग संपन्न हुई।

इस अवसर पर पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने कहा कि चमत्कारी सिद्धियों के स्वामी मौनी बाबा अपने तप से अर्जित पुण्य से सदैव लोगों का कल्याण करते रहे, बाबा की यह आरती शिष्यों में बहुत लोकप्रिय है।

इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य दिवाकर सिंह, राम मिलन सिंह, लाल बहादुर चौरसिया लाल, महंत संजय कुमार पांडे, अनित प्रकाश सिंह, रजनीकांत तिवारी, हरिद्वार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम का गठन कर किया हेल्पलाइन नम्बर-0546-2297573 जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा गांव-मोहल्ला जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। जिसके अन्तर्गत जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक नगर, ग्रामीण व यातायात, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानों पर नियुक्त समस्त उप-निरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षी द्वारा गांव व मोहल्ला में जाकर भ्रमण कर जनसंपर्क किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान प्रत्येक गांव व मोहल्ला से 10-10 सम्भ्रान्त एवं व्यक्तियों का नाम व मोबाइल नम्बर नोट करके प्रत्येक थाने पर बनाये गये जनसंपर्क रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है। प्रचलित लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस लाइन आजमगढ़ में आमजन एवं पुलिस के बीच समन्वय स्थापित किये जाने एवं अभिसूचना संकलन हेतुचुनाव पुलिस मित्र कंट्रोल रूम का गठन कर हेल्पलाइन नम्बर-0546-2297573 जारी किया गया है। प्रत्येक थाने पर 10-10, डिजिटल वालेन्टियर ग्रुप व ब-च्संद एप्प का ग्रुप बना हुआ है, इन सभी साधनों से सम्पूर्ण जनपद के सभी थानों पर विभिन्न मोबाइल नम्बर एकत्रित किये गये है, जिनका एक डेटाबेस तैयार किया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत जैसे अवैध शराब, पैसा बांटना, डराना व धमकाना, अपराधिक गतिविधि, प्रलोभन , मादक पदार्थो का सेवन व वितरण, अवैध शस्त्र, किसी प्रकार की सामग्री का वितरण नगदी व शराब व कपड़े इत्यादि कि सूचना दे सकते है। इस कन्ट्रोल रूम में कुल 15 पुलिस आरक्षी की ड्यूटी लगायी गयी है तथा 10 टेलीफोन लैण्डलाइन नम्बर स्थापित किये गये है जो 24 घण्टे सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन नम्बर के माध्यम से प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक गांवध्मोहल्ला वालों से टेलीफोन मिलाकर वार्ता की जा रही है और शाम 4 बजे से सुबह 8 बजे तक दो शिफ्टो में 2-2 आरक्षियों की ड्यूटी लगायी गयी है। यदि कोई सूचना व शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित थाने से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करायी जा रही हैं।

यह हेल्पलाइन टू-वे हेल्पलाइन है, इसमें जो आरक्षी नियुक्त है उनके द्वारा गांव व मोहल्ला में कुशलता की जानकारी ली जा रही है, साथ ही साथ यदि किसी गांव व मोहल्ले के व्यक्ति को चुनाव सम्बन्धी कोई समस्या बतानी है या सूचना देना है तो वह भी अपनी समस्या साझा कर सकता है। यह हेल्पलाइन लैण्डलाइन नम्बर है जिससे गोपनीयता बनी रहेगी, यदि कोई शिकायतकर्ता अपना नाम गोपनीय रखना चाहता है तो केवल गांव का नाम बताना अनिवार्य होगा, जिससे पुलिस कार्यवाही की जा सकें तथा शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जा सकें।

## डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर व निर्वाचन कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी

**आजमगढ़।** अपर जिलाधिकारी (प्र0)उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट आजमगढ़ के तृतीय तल पर कक्ष संख्या-66 में डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर एवं निर्वाचन कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर टोल फ्री न0-05462-246398-1950 एवं निर्वाचन कन्ट्रोल रूम-05462-297276 नम्बर स्थापित किया गया है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी सूचना के आदान-प्रदान हेतु उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## शेयर बाजार में दमदार क्लोजिंग, सेंसेक्स 655 अंक चढ़ा, निफ्टी 22300 के पार



**मुंबई।** बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण गुरुवार को 3.33 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया, जबकि वित्त वर्ष 24 के लिए, सभी सूचीबद्ध फर्मों का मार्केट कैप 128.8 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 386.97 लाख करोड़ रुपये हो गया।

घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स गुरुवार को दमदार बढ़त के साथ बंद हुए। वित्तीय वर्ष 2023-24 के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 655.04 (0.89%) अंकों की बढ़त के साथ 73,651.35 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 203.25 (0.92%) अंक उछलकर 22,326.90 के लेवल पर क्लोज हुआ। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण गुरुवार को 3.33 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया, जबकि वित्त वर्ष 24 के लिए, सभी सूचीबद्ध फर्मों का मार्केट कैप 128.8 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 386.97 लाख करोड़ रुपये हो गया।

वित्तीय वर्ष 2024 में सभी प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि हुई, जिसमें रियल एस्टेट, ऑटो और राज्य के स्वामित्व वाले बैंक 80% और 140% के बीच सबसे अधिक मजबूत हुए। व्यापक निफ्टी स्मॉलकैप100 और मिडकैप 100 ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रमशः लगभग 70% और 60% की बढ़त हासिल की और मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के बावजूद ब्लू-चिप सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया।

# अदाणी ने 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र किया शुरू
# कोल इंडिया ने आपूर्ति का लक्ष्य हासिल किया

**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह ने गुरुवार को गुजरात के मुंद्रा में दुनिया के सबसे बड़े एकल स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की शुरुआत की घोषणा की। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी कच्छ कॉपर ने ग्राहकों को कैथोड की पहली खेप भेजकर 1.2 अरब डॉलर की ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी के पहले चरण की शुरुआत की है। पहले चरण में एक वर्ष के दौरान परिष्कृत तांबे के 0.5 मिलियन टन का उत्पादन होगा। वित्त वर्ष 29 (मार्च 2029) तक एक मिलियन टन उत्पादन की क्षमता विकसित होने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत चीन और अन्य देशों में शामिल हो गया है जो तांबे के उत्पादन का तेजी से विस्तार कर रहे हैं। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए तांबे का उत्पादन महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सोलर फोटोवोल्टिक्स (पीवी), पवन और बैटरी आधारित ऊर्जा उद्योगों को तांबे की आवश्यकता होती है।





कोल इंडिया ने थर्मल पावर सेक्टर के लिए 61 करोड़ टन सालाना आपूर्ति लक्ष्य को पार कर लिया है। 27 मार्च तक कोल इंडिया की आपूर्ति 61.08 करोड़ टन तक पहुंच गई है। कंपनी के अनुसार यह बिजली क्षेत्र को अब तक की सबसे अधिक कोयला आपूर्ति है। कोल इंडिया के अनुसार कोल इंडिया की कोयला आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में कुल मात्रा के हिसाब से 2.93 करोड़ टन बढ़ी है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), बेंगलुरु बेंच ने गुरुवार को बायजू ब्रांड के मालिक %थिंक एंड लर्न% द्वारा 29 मार्च को बुलाई गई असाधारण आम बैठक (ईजीएम) पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाल ही में 200 मिलियन अमरीकी डालर के अधिकार जारी करने के बाद, संकटग्रस्त एडटेक फर्म की अधिकृत शेयर पूंजी को बढ़ाने के लिए ईजीएम को बुलाया गया था।

बायजूस के चार निवेशकों के एक समूह ने एनसीएलटी, बैंगलोर बेंच के समक्ष कंपनी के प्रबंधन के खिलाफ उत्पीड़न और कुप्रबंधन का मुकदमा दायर किया है, जिसमें सीईओ बायजू रवींद्रन सहित संस्थापकों को बाहर करने और एक नया बोर्ड नियुक्त करने की मांग की गई है। गुरुवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा कि वह रवींद्रन को बाहर करने के निवेशक समूह के प्रयासों से जुड़े मामले पर दो महीने बाद ही विचार करेगा। इसके अलावा निवेशकों के समूह द्वारा दायर याचिका में हाल में समाप्त हुए राइट्स इश्यू को भी शून्य घोषित करने की मांग की गई है। याचिका पर चार निवेशकों प्रोसस, जनरल अटलांटिक, सोफिना और पीक एक्सवी के साथ-साथ टाइगर और आउल वेंचर्स सहित अन्य शेयरधारकों के समर्थन से हस्ताक्षर किए गए हैं।

### सोना 350 रुपये मजबूत हुआ, चांदी 200 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इस दौरान चांदी भी 200 रुपए उछलकर 77,450 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच गुरुवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 200 रुपए उछलकर 77,450 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिका के महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़ों के नतीजों से पहले गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 14 डॉलर की बढ़त के साथ 2,194 डॉलर प्रति औंस हो गया। उन्होंने कहा, ब्याज दरों को लेकर सकारात्मक धारणा के बीच सोने की कीमतों में तेजी का रुख रहा, लेकिन डॉलर सूचकांक में तेजी से पीली धातु की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, 2,200-2,215 डॉलर के स्तर पर सोने की कीमतों में मजबूत प्रतिरोध देखा जा रहा है। चांदी का भाव भी मामूली तेजी का साथ 24.55 डॉलर प्रति औंस हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 24.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (ईबीजी) कमोडिटी एंड करेंसी रिसर्च प्रणव मेर ने कहा, ÷सोने में सकारात्मक और स्थिर कारोबार देखा जा रहा है, लेकिन प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती आई है। गुरुवार और शुक्रवार को अमेरिकी जीडीपी और व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले निवेशक सावधानी बरत रहे हैं।

## एनएसडीसी इंटरनेशनल ने सब-सहारा अफ्रीका में स्किल ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए SASASNET के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल ने आज सब-सहारा अफ्रीकी देशों में स्किल ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए सब-सहारा अफ्रीकन स्किल्स एंड अप्रेंटिसशिप स्टेकहोल्डर्स नेटवर्क के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य स्किल गैप को कम करना, वर्कफोर्स की मोबिलिटी को बढ़ावा देना, सहयोगात्मक पहल के माध्यम से क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, नए सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) की स्थापना की सुविधा प्रदान करना और स्किल डेवलपमेन्ट स्ट्रेटेजी और लाईफलॉन्ग लर्निंग की पहल पर एनएसडीसी इंटरनेशनल की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी माननीय वेद मणि तिवारी और SASASNET के सेक्रेटरी जनरल माननीय उस्मान सिल्लाह के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (आईएलओ) (स्किल पॉलिसी, सिस्टम और डिजिटाइजेशन) के ग्लोबल लीड डॉ. अश्वनी अग्रवाल, ह्ल्स्ह्श्व्ज्ञ के अध्यक्ष प्रो. इंद्रिस एम. बुगाजे, और एनएसडीसी के ग्रुप जनरल काउंसिल और एनएसडीसी इंटरनेशनल के सीओओ अजय रैना भी साझेदारी की घोषणा के दौरान उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए, एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने कहा, एनएसडीसी इंटरनेशनल और ह्ल्स्ह्श्व्ज्ञ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना वास्तव में एक महत्वपूर्ण अवसर है जो सब-सहारा अफ्रीकन रीजन में कौशल विकास और शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। यह साझेदारी वर्कफोर्स के डाइवर्स इश्यू, कन्सर्न और एस्पिरेशन को एड्रेस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनएसडीसी ने स्किल गैप को पाटने, इंडस्ट्री को तेजी से आगे बढ़ाने और लक्षित ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रोग्राम्स के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय अनुकूलन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए एक सक्षम कार्यबल विकसित करने हेतु अनेक पहल की हैं। मुझे विश्वास है कि ह्ल्स्ह्श्व्ज्ञ के साथ हमारी साझेदारी सदस्य देशों में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी और सभी के लिए एक लचीले और समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

इस साझेदारी का उद्देश्य युवाओं के बीच जॉब रेडीनेस एंड एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स को बढ़ावा देने के लिए स्किल हार्मोनाइजेशन और क्वालिफिकेशन की बेंचमार्किंग, क्वालिटी स्टैंडर्डाइजेशन, टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट को बढ़ाना और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है।

## लगातार तीन तिमाहियों में वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक रहना सकारात्मक संकेत, बोलीं सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि प्रत्येक राज्य को देश के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने की आवश्यकता है। यह भारत का विकास है, न कि केवल एक पार्टी या राज्य का।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि की गति पर विश्वास जताया। सीतारमण ने लगातार तीन तिमाहियों में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर का हवाला देते हुए कहा कि हम आगे भी विकास दर को बनाए रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी तिमाही में उल्लेखनीय 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

वित्त मंत्री ने कहा कि तमाम परेशानियों के बाद अर्थव्यवस्था इस स्तर पर पहुंची है, तो हमें विश्वास है कि हम विकास की गति को बनाए रख सकते हैं। प्रत्येक राज्य को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने की आवश्यकता है। यह भारत का विकास है, न कि केवल एक पार्टी या राज्य का। उन्होंने कहा कि इस बात की संभावना है कि वित्तीय वर्ष 2024 के लिए विकास दर आठ प्रतिशत के आसपास रह सकती है। हालांकि, अभी से ऐसा दावा करना जल्दबाजी होगी, आंकड़े सामने आने पर ही हम आश्वस्त हो सकते हैं। आर्थिक विस्तार को आगे बढ़ाने में मध्यम वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, सीतारमण ने क्रय शक्ति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने 2030 तक अनुमानित 70 करोड़ लोगों के साथ मध्यम वर्ग की आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान लगाया, जो 2047 तक बढ़कर 100 करोड़ हो जाएगा।

# रियलमी ने अपना एंट्री-लेवल 5G किलर, रियलमी 12X 5G लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी प्रतिष्ठित नंबर सीरीज़ में नया स्मार्टफोन रियलमी 12X 5G पेश किया है। यह लॉन्च ब्रांड के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसके 'मेक इट रियल' के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों से मेल खा रहा है। यह डिवाईस लगातार विकसित होते हुए स्मार्टफोन के परिदृश्य में गेमचेंजर बन जाएगी। अपने बेहतरीन मूल्य के साथ यह डिवाईस 10,000 रुपये से 12,000 रुपये के बीच एंट्री लेवल 5त्र किलर है, जो अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर देगी। एंट्री-लेवल 5त्र किलर के रूप में रियलमी 12X 5G न केवल संभावनाओं के दायरे बढ़ा रहा है, बल्कि सर्वश्रेष्ठ विशेषताएं प्राप्त करना ज्यादा आसान बना रहा है क्योंकि इस स्मार्टफोन में 45W सुपरवूक चार्जिंग और एयर जेस्चर




कंट्रोल जैसी प्रीमियम विशेषताएं एंट्री लेवल में ही मिल रही हैं। इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6100+ 5G चिपसेट लगा है, जो बहुत सुगम परफॉर्मेंस प्रदान करता है। रियलमी 12X 5G अपनी श्रेणी में खास है, जिसमें बेहतर यूज़ेबिलिटी के लिए अपनी तरह का पहला वीसी कूलिंग सिस्टम दिया गया है। यह स्मार्टफोन मोबाईल के अनुभव को एक नए आयाम में पहुँचा देगा। इस स्मार्टफोन में कम मूल्य के बावजूद स्टाईल या फंक्शनैलिटी से कोई भी समझौता नहीं किया गया है। 50MP का AI कैमरा, प्रभावशाली बैटरी लाईफ, स्लीक एवं लग्ज़रियस डिज़ाईन के साथ रियलमी 12X 5G आज के आधुनिक ग्राहकों की सभी जरूरतों को पूरा करता है। रियलमी का रियलमी 12X 5G एंट्री-लेवल के स्मार्टफोन बाजार में एक गेम-चेंजर है। इसमें वो सभी विशेषताएं हैं, जो सामान्यतः एक महंगे फोन में पाई जाती हैं। इसलिए यह स्मार्टफोन प्रीमियम विशेषताओं को ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचा रहा है। परफॉर्मेंस से कोई भी समझौता किए बिना किफायती मूल्य में इन प्रीमियम विशेषताओं ने एंट्री लेवल के स्मार्टफोन बाजार में नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

## टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने ईवी चार्जर के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिये भागीदारी की


**मुंबईः** टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. (टीपीईएम), भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की क्रांति के लिये मशहूर, ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (एचपीसीएल) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। एमओयू के तहत भारत में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशंस स्थापित करने के लिये मिलकर काम किया जाएगा। यह गठजोड़ एचपीसीएल के विस्तृत फ्यूल स्टेशन नेटवर्क और टीपीईएम को भारत की सड़कों पर 1.2 लाख से ज्यादा टाटा ईवी से मिलने वाली जानकारियों का इस्तेमाल करेगा। इस तरह उन जगहों पर चार्जर्स स्थापित किये जाएंगे, जहाँ टाटा ईवी के मालिक अक्सर जाते हैं। इसके अलावा, एचपीसीएल ग्राहक के अनुभव को बेहतर बनाने के लिये चार्जर के इस्तेमाल पर जानकारियाँ भी लेगी।भारत में ईवी के मालिकों का अनुभव बेहतर बनाने की एक कोशिश में टीपीईएम और एचपीसीएल के बीच हुए इस अनुबंध का लक्ष्य दोनों कंपनियों की क्षमताओं का लाभ उठाना है। इस तरह देश में ज्यादा से ज्यादा लोग इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिये प्रोत्साहित होंगे। दोनों कंपनियाँ एक दिसंबर 2024 तक 5000 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशंस इंस्टाल करना चाहती है। टीपीईएम के




को-ब्राण्डेड आरएफआईडी कार्ड के माध्यम से भुगतान की सुविधाजनक प्रणाली भी पेश करना चाहती हैं। इस तरह चार्जिंग का परेशानी रहित अनुभव मिलेगा। टीपीईएम भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार की अग्रणी है और इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के बाजार में उसकी 68त्न से ज्यादा हिस्सेदारी है। एचपीसीएल के पास 21500 से ज्यादा फ्यूल स्टेशंस का एक देशव्यापी नेटवर्क है और कंपनी संवहनीय भविष्य के लिये प्रतिबद्ध है। इसके अलावा एचपीसीएल पोर्टफोलियो में चार उत्पाद हैं और इसने देश में ईवी के इकोसिस्टम की बढ़त का नेतृत्व किया है। उसका पहला ईवी एक्सक्लूसिव स्टोर गुरुग्राम में खुला था और उसने चार्जिंग के मामले में भारत के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिये विभिन्न चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स के साथ काम किया है। दूसरी ओर, एचपीसीएल ने देश में कुल 3050 ईवी चार्जिंग स्टेशंस स्थापित किये हैं। इनमें बैटरी स्वैपिंग स्टेशंस भी शामिल हैं। इस भागीदारी पर अपनी बात रखते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लि. के चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर बालाजी राजन ने कहा, ''भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी के साथ, चार्जिंग के लिये बड़े और भरोसेमंद बुनियादी ढांचे की उपलब्धता ईवी को कारगर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एचपीसीएल के साथ यह महत्वपूर्ण भागीदारी भारत के ईवी इकोसिस्टम को उन्नत बनाने के लिये हमारा समर्पण दिखाती है। इसमें चार्जिंग के बुनियादी ढांचे का विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह गठबंधन ईवी के बढ़ते ग्राहकों की संख्या को सहयोग देने के लिये बुनियादी ढांचे के विकास को आसान बनाने के लिए जरूरी है। ईवी के इस्तेमाल पर टीपीईएम की गहन जानकारियों और एचपीसीएल के विशाल देशव्यापी नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए, यह भागीदारी देश में चार्जिंग के बुनियादी ढांचे में बदलाव लाने की क्षमता रखती है।''

## खिलते बगीचों से लेकर धूप से भरपूर बीचेज़ तक, दुबई के लिए शानदार स्प्रिंग-समर गाईड

बसंत के खिले-खिले रंग गर्मियों के सुनहरे रंगों में बदल रहे हैं, ऐसे में दुबई पर्यटकों के लिए ढेरों संभावनाएं लेकर आया है और आपके स्प्रिंग-समर को यादगार बनाने के लिए तैयार है। आप रोमांच प्रेमी है या खाने के शौकीन या प्रकृति प्रेमी, दुबई में हर किसी के लिए कुछ न कुछ ज़रूर है। तो दुबई के जादू में खो जाने के लिए तैयार हो जाएं क्योंकि हम आपके लिए लेकर आए हैं शानदार स्प्रिंग-समर गाईड जो आपकी छुट्टियों को यादगार बना देगी। हॉट एयर बैलून के रोमांच के साथ हवा में उड़ने के लिए हो जाएं तैयार!







रेगिस्तान के टीलों पर अनूठी हॉट एयर बैलून राईड आपकी दुबई की यात्रा को यादगार बना देगी। तो बैलून के साथ एडवेंचर की सवारी पर निकल जाएं और बादलों के बीच उड़ान भरते हुए धरती के आकर्षक नज़ारों का लुत्फ़ उठाएं। आप सनराईस या सनसेट डिपार्चर में से अपनी पसंद का विकल्प चुन सकते हैं। इस उड़ान के दौरान आप अरबी ओरिक्स और गज़लेस के झुंड देखने और इनकी तस्वीरों को कैमरे में कैद करने का मौका भी मिलेगा। लिंकः https://www.balloon-adventures.com/

**बाचिर में दुबई की सर्वश्रेष्ठ आईसक्रीम का लुत्फ़ उठाएं**

बाचिर में आप ताज़ी चर्न्ड आईसक्रीम के स्कूप का आनंद उठा सकते हैं। मॉरिस और एडवर्ड यहां 1936 में लेबनीज़ आईसक्रीम लेकर आए, जो आज बेहद लोकप्रिय हो चुकी है। मैस्टिक के साथ क्षेत्रीय फ्लेवर्स जैसे लैमन मिंट और रोज़ लोउक्ोउम से युक्त इसका विशेष स्वाद और हल्का च्यूई टेक्सचर प्रशंसकों को खूब लुभाता है। लिंकः https://bachirarabia.com/

**हट्टा में पाएं पहाड़ों के दृश्यों और कायकिंग का अनुभव**

हट्टा फोर्ट होटल और जीवंत हट्टा वाडी हब के नज़दीक, हट्टा डैम दुबई के लिए आकर्षक गेटवे है। पहाड़ों के खूबसूरत नज़ारों से घिरा और पानी से सुशोभित यह स्थान रास्ते में आने वाले रेगिस्तानी नज़ारों से एकदम विपरीत है। यहां आप डैम के किनारे शांत पानी में कायकिंग का आनंद उठा सकते हैं और खूबसूरत नज़ारों के बीच यादगार तस्वीरों को कैमरे में कैद कर सकते हैं तो पहाड़ों की खूबसूरती में खो जाएं और दुबई में छुट्टियां मनाते हुए इस स्प्रिंग समर को हमेशा के लिए यादगार बना लें।

**एडवेंचर वाटरपार्क में मौज-मस्ती में डूब जाएं**

एक्वावेंचर दुबई का प्रमुख वॉटरपार्क है जहां आप एक्वेटिक रोमांच का अनुभव पा सकते हैं! 105 स्लाईड्स और राईड्स के साथ यहां आप पानी में खूब मस्ती कर सकेंगे। यह वॉटरपार्क समुद्र और समुद्र तटों के साथ हर उम्र केलोगों को मनोरंजन का यादगार अनुभव देता है। लिंकः https://www.atlantis.com/dubai/atlantis-aquaventure/aquaventure-waterpark

दुबई के रेगिस्तान में रेत के टीलों पर ड्यून बग्गी और क्वैड बाईक की सवारी का आनंद उठाएं!

दुबईके रेगिस्तान के सुनहरे टीलों पर आप इस अनूठे रोमांच का अनुभव पा सकते हैं। यहां आपको ड्यून बग्गी और क्वैड बाईक की सवारी और डेज़र्ट सफ़ारी का यादगार अनुभव मिलेगा। रेगिस्तान के बीचों-बीच आपके बालों को चीरती हवा को महसूस कीजिए, जिसे आप कभी भुला नहीं पाएंगे। तो दुबई के रेत के टीलों को अपना प्ले ग्राउण्ड बनाइए और ऑफ-रोड एडवेंचर की रोमांचक सवारी पर निकल जाइए।

## सरकार ने मनरेगा के पारिश्रमिक में किया बदलाव, नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मनरेगा के पारिश्रमिक में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। केंद्र सरकार ने अलग-अलग राज्यों में मनरेगा के तहत मिलने वाले पारिश्रमिक को बढ़ा दिया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी दरों में संशोधन किया गया है और विभिन्न राज्यों में मजदूरी में चार से 10 प्रतिशत के बीच वृद्धि की गई है। एक अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए हरियाणा में सबसे अधिक मजदूरी दर 374 रुपये प्रति दिन है, जबकि अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में सबसे कम 234 रुपये है। सिक्किम की तीन पंचायतों गनाथन, लाचुंग और लाचेन में मजदूरी की दर 374 रुपये प्रतिदिन है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर चुनाव आयोग से मंजूरी मिलने के बाद केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 27 मार्च को इस योजना के तहत वेतन पुनरीक्षण की अधिसूचना जारी की। योजना के तहत 2023 की मजदूरी दरों में वृद्धि की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करना है। अधिसूचना के अनुसार, गोवा में पारिश्रमिक में सबसे अधिक 34 रुपये की बढ़ोतरी हुई है और अब राज्य में प्रति दिन भुगतान 356 रुपये कर दी गई है। आंध्र प्रदेश में, इसे प्रतिदिन 28 रुपये बढ़ाया गया और मजदूरी दर अब 300 रुपये है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पारिश्रमिक में सबसे कम सात रुपये की वृद्धि हुई है। दोनों राज्यों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी दर 237 रुपये प्रतिदिन है। पश्चिम बंगाल में मजदूरी दर बढ़ाकर 250 रुपये (13 रुपये की वृद्धि), तमिलनाडु में 319 रुपये (25 रुपये की वृद्धि), तेलंगाना में 300 रुपये (28 रुपये की वृद्धि) और बिहार में 228 रुपये (17 रुपये की वृद्धि) कर दी गई है।

# श्रावस्ती जिले में पोषण मामलों के मापन में 98.11% तक की उन्नति

**श्रावस्तीः** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में कुपोषण से लड़ने में बड़ी सफलता मिली है। बाल कल्याण के क्षेत्र में प्रयासरत संगठन बाल रक्षा भारत की पहल से क्षेत्र में बच्चों के पोषण की स्थिति में सुधार आया है। बाल रक्षा भारत ने यहां की 167 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा संगिनियों और एएनएम को पोषण ट्रैकर व ई-कवच एप्लिकेशन का प्रयोग करने और ट्रिपल बर्डन केस ऑफ मालन्यूट्रिशन (टीबीएम) की रिपोर्टिंग एवं उनके दस्तावेजीकरण को लेकर प्रशिक्षित किया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रिशन (एसएएम) और मॉडरेट एक्यूट मालन्यूट्रिशन (एमएएम) के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। यहां जून, 2023 में इफिशिएंसी ऑफ न्यूट्रिशन रेट 92.77 प्रतिशत था, जो जनवरी, 2024 में 98.11 प्रतिशत पर पहुंच गया। यहां के 177 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 95 ने 100 प्रतिशत मेजरमेंट इफिशिएंसी प्राप्त कर ली है। बाल रक्षा भारत द्वारा 'स्ट्रेंथनिंग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम' (आकांक्षी ब्लॉक को मजबूत करने की पहल) के सफल क्रियान्वयन से 28,000 से अधिक बच्चों को लाभ हुआ है। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य नीति आयोग की तरफ से चुने गए उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिले श्रावस्ती के आकांक्षी ब्लॉक जमुनहा में पोषण की स्थिति सुधारना और सरकारी सेवाओं तक पहुंच को



विस्तार देना है। इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आईएएस एवं आईसीडीएस डायरेक्टर, उत्तर प्रदेश श्रीमती सरनीत कौर ब्रोका ने कहा, 'बच्चों में पोषण एवं स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए हमें एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। जानकारीपूर्ण वीडियो के माध्यम से महिलाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाना इसका हिस्सा है, जो समग्र बाल कल्याण के महत्व को रेखांकित करता है। सार्थक बदलाव को प्रेरित करने की शुरुआत स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने एवं कल्याण को बढ़ावा देने वाली संस्कृति को विकसित करने से होती है। बाल रक्षा भारत ने इस परिवर्तन को लाने की दिशा में उल्लेखनीय समर्पण एवं प्रभावशीलता प्रदर्शित की है। उनके साथ जुड़कर हमने मेजरमेंट इफिशिएंसी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है।' बाल रक्षा भारत के सीईओ सुदर्शन सुची ने कहा, 'स्ट्रेंथनिंग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम' के साथ हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि जमुनहा ब्लॉक के प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ और टिकाऊ जीवन के लिए पर्याप्त पोषण मिले। इस पहल का उद्देश्य डाटा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और पोषण संबंधी प्रयासों की कुशल निगरानी सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, फ्रंटलाइन हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स को ट्रिपल बर्डन केस की रिपोर्टिंग एवं दस्तावेजीकरण का प्रशिक्षण भी दिया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'पोषण के मामले में बेहतर परिणामों के लिए एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम को मजबूत करना बाल रक्षा भारत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि पांच साल से कम उम्र के किसी बच्चे की मौत ऐसे किसी कारण से न हो, जिसे टालना संभव है।' बाल रक्षा भारत का उद्देश्य हाशिए पर जी रहे बच्चों एवं परिवारों के स्वास्थ्य, पोषण व कल्याण को मजबूत करने के सरकार के मिशन को आगे बढ़ाना है। संगठन ने शिशुओं एवं छोटे बच्चों में बीमारियों व अल्प पोषण के विभिन्न कारकों पर ध्यान दिया है। डाटा-संचालित पहल एवं सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से संगठन का लक्ष्य ऐसा भविष्य तैयार करना है, जहां हर बच्चा आगे बढ़ सके।

### दिल्ली हाईकोर्ट से कांग्रेस को झटका, आयकर विभाग के आदेश को चुनौती देने वाली पार्टी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ चार साल के लिए पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही के आयकर विभाग के आदेश को चुनौती देने वाली कांग्रेस पार्टी की याचिका खारिज की। हाल ही में कोर्ट ने 2014 से 2017 वर्ष बीच के करों के पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अलग-अलग आकलन वर्षों से संबंधित चार याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं मूल्यांकन वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित थीं।

इससे पहले 22 मार्च को, अदालत ने 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के आकलन वर्षों के लिए आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई पुनः मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से करीब 105 करोड़ रुपये का बकाया कर वसूलने के आयकर नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के फैसले को बरकरार रखा है। हालांकि, अदालत ने कांग्रेस पार्टी को अपनी शिकायतों के साथ नए सिरे से आईटीएटी में जाने की स्वतंत्रता दी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने हाल ही में आयकर वसूली के खिलाफ आईटीएटी का दरवाजा खटखटाया था और उनके बैंक खातों की वसूली और फ्रीज करने की आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की थी।

कांग्रेस ने अपनी शिकायत में कहा कि आयकर विभाग ने सुनवाई के नतीजे का इंतजार किए बिना बैंकों के पास पड़ी शेष राशि को फ्रीज कर दिया। पार्टी ने अपील की थी कि जब तक स्थगन आवेदन का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक विभाग अपनी कार्रवाई रोक दे।

इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस पार्टी की एक हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी के बैंक खातों से जबरन पैसा लिया जा रहा है।

अवधनामा



# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुलिस चौकी का भूमि पूजन



**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के परतोष में किराए के भवन में चल रही पुलिस चौकी का गुरुवार को भूमि पूजन के बाद चौकी के भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया। इसके लिए परतोष चौकी प्रभारी संजय सिंह ने वृहस्पतिवार को विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया। पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल है। बताते चलें कि अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने दिसंबर 2020 में परतोष में पुलिस चौकी बनाई थी। तब से लेकर अब तक पुलिस चौकी एक किराए के भवन में चलती आ रही थी। किराए के भवन में पुलिस कर्मियों के आवास इत्यादि की समस्याएं थी इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह के नेतृत्व चौकी प्रभारी संजय सिंह द्वारा जमीन का चिन्हांकन कराकर बृहस्पतिवार को सुबह करीब 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर चौकी प्रभारी ने पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शुरू करा दिया। चौकी प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पुलिस चौकी खुलने से क्षेत्र के लोगों को सहूलियत मिलने के साथ जनता भयमुक्त होगी व अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। इस मौके पर हेड कांस्टेबल अशोक सिंह मो अब्दुल अजीज दीपक कुमार भोला मौर्य प्रदीप शर्मा, सोनू यादव कमल मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखंड जामों के सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में बुधवार को निबन्ध व पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम आँचल द्वितीय प्रजलित तृतीय स्थान नैंसी ने प्राप्त किया। वही पेंटिग प्रतियोगिता मे प्रथम अर्पित द्वितीय देविका पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में राघवेंद्र सिंह युवा मण्डल अध्यक्ष जामो शिवम मिश्र विद्यालय प्रबन्धक चंद्रेश शर्मा युवा मण्डल अध्यक्ष शुभम तिवारी प्रधानाचार्य शम्भू प्रसाद गायत्री अनीता सहित अध्यापक व तमाम युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## शोक संवेदना प्रकट करने पहुंची केंद्रीय मंत्री



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी गुरुवार को संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची जहां वह कई स्थान पर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की। क्षेत्र में कई स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के परिजनों के निधन होने का समाचार पाकर वह उनके घर पहुंची और गहरी शोक संवेदना प्रकट की। घोरहा गांव में हरिमूर्ति सिंह के यहां पहुंचकर उन्होंने शोक प्रकट किया। संग्रामपुर के बनबीरपुर अमेठी के कटरा फूल कुंवरी गांव पहुंचकर शोक प्रकट किया। भरथी पुर गांव में अधिवक्ता धर्मेंद्र पांडेय के घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। इसके अलावा कटरा हुलासी गांव में जितेंद्र तिवारी के दो पुत्र पिछले दिनों तालाब में डूब गए थे। उनके पुत्रों के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करने के लिए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उनके घर पहुंची उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़ी हैं।इसके अलावा अन्य कई स्थान पर दिवंगत हुए लोगों के घर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ने शोक संवेदना प्रकट किया।

## हर बूथ पर पार्टी की स्थापना दिवस मनाएगी भाजपा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर शुक्रवार को होने वाली चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के संबंध में विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के निमित्त प्रदेश कार्यालय से आने वाली प्रचार प्रसार सामग्री के वितरण की योजना, बाहर से आने वाले प्रवासियों के ठहरने की व्यवस्था, नुक्कड़ सभाओं के लिए स्थानों का चयन, विभिन्न चैनलों पर डिबेट के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सूची अभी से बना लिया जाय ताकि शीर्ष नेतृत्व जब तक प्रत्याशी की घोषणा करे, हम सारी तैयारियां पूरी कर लें।

# सामूहिक प्रयास से करेंगे टीबी पर प्रहार : सीएमओ

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में जिला क्षयरोग केंद्र पर टीबी जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि सामूहिक प्रयास से करेंगे टीबी पर प्रहार तभी हम 2025 तक टीबी मुक्त भारत को कर सकेंगे साकार।

उन्होंने कहा कि टीबी एक जैसे रोग है जो शरीर के किसी अंग में हो सकती है परन्तु सबसे खतरनाक फेफड़े के संक्रमण वाली टीबी होती है। जिसका उपचार सही समय पर नही होगा तो वह समाज के अन्य लोगों में फैल सकती है। अतः टीबी के लक्षणयुक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका जांच एवं उपचार शीघ्र शुरू कर उनसे सम्बंधित योजनाओं

**निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को गोद लेने हेतु आवे आगे : डीटीओ**

का लाभ दे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि टीबी रोगी शारिरीक रूप अत्यंत ही कमजोर होता है। ऐसे में उसे दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार की भी आवश्यकता पड़ती है। मैं समाज के समक्ष व्यक्तियों से अपील करना चाहता हूं कि वे आगे आकर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बने और टीबी रोगियों को उपचार चलने तक प्रतिमाह पोषण की पोटली देते रहे।

उन्होंने ने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति निक्षय मित्र बन सकता है। कार्यक्रम में दस टीबी रोगियों को मारवाड़ी युवा मंच द्वारा एवं एक मरीज को डीटीओ द्वारा गोद लेकर पौष्टिक आहार दिया गया। कार्यक्रम को जिला टीबी-एचआईवी समन्वयक चंद्रशेखर यादव, एसटीएलएस विशाल जयसवाल, सबेरा के तारकेश्वर सिंह, विहान के रविकांत राय, लिंक वर्कर स्कीम के अमित मिश्र, अहाना के हंसराज ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने किया।

# दो पशु तस्करों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गोरखपुर से बिहार व अन्य जगहों पर प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करने वाले गैंग के दो अभियुक्तों के खिलाफ चौराखास पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुहम्मद असजद पुत्र फरहद निवासी ग्राम दूबे टोला थाना तरकुलवा जनपद देवरिया व जियाउल हक उर्फ हेलमेट पुत्र कादिर निवासी ग्राम शेखर सेमरी थाना बघौचघाट जनपद देवरिया गोरखपुर व अन्य जगहों से पशुओं की तस्करी करने जैसे जघन्य अपराध किया जाता है। बीते 25 नवंबर 2023 को मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय की पुलिस द्वारा इस गिरोह के कब्जे से 05 राशी गोवंशीय पशु व एक पिकप बरामद किया गया था। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध गो0नि0अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 का अभियोग पंजीकृत है तथा 30 नवंबर 2023 को मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय की पुलिस द्वारा अभियुक्त असजद पुत्र फरहद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 राशि गोवंशीय पशु (गाय) व एक पिकप बरामद किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्त असजद उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत है। गैंग लीडर असजद पुत्र फरहद उपरोक्त ने अपने अन्य सदस्यों के साथ मिल कर प्रतिबंधित पशुओं तस्करी करने जैसे जघन्य अपराध करते है। यह गिरोह संगठित होकर अपने व अपने अन्य साथियो के लिए आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश से यह अपराध कर अवैध सम्पत्ति अर्जित कर लिये जिनके विरूद्ध गुरुवार को थाना स्थानीय पर 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया की गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध लिए दोनों अभियुक्तों द्वारा अवैध रुप से अर्जित किए गए संपति को जब्त करने की कार्रवाई किया जायेगा।

## रेलवे ट्रेक पर दो धड़ में कटी मिली युवक की लाश

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर खड्डा रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार की भोर में रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की कटी शव देखकर लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव का शिनाख्त करते हुए आगे की कार्यवाही में जुट गई। बताते चलें कि खड्डा रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक खंभा संख्या 316/7 के समीप गुरुवार की भोर में ट्रैक की ओर गए लोगों ने लाइन पर एक व्यक्ति का ट्रेन से शरीर दो भागों में कटा देख सन्न रह गए। लोगों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर और जीआरपी पुलिस को दिया। कस्बा निवासी गुड्डू गुप्ता और जीआरपी ने शिनाख्त के क्रम में पॉकेट में मिले डायरी में लिखे पते के अनुसार युवक की पहचान रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम साहबगंज टोला रामपुर बगहा निवासी धर्मेन्द्र वर्मा उमर 32 वर्ष के रूप में हुई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सहित अन्य कार्यवाही में जुट गई। वहीं पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई।

# हाटा के पूर्व चेयरमैन पर जानलेवा हमला, दी तहरीर

अवधनामा संवाददाता



**हाटा, कुशीनगर।** बीते मंगलवार को दोपहर एक बजे हाटा नगर में आयोजित होली मिलन जुलूस निकाला गया जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जुलुस में पूर्व चेयरमैन नंद किशोर नथानी उर्फ पप्पू भी शामिल रहे। उसी कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन नंद किशोर नथानी के उपर कुछ अराजक तत्वों ने पिछे से हमला कर दिया। हमले में वह गिर गिर पड़े। पूर्व चेयरमैन ने एक नामजद सहित अन्य के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

पूर्व चेयरमैन व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर नथानी उर्फ पप्पू भैया ने तहरीर देकर बताया कि हर वर्ष की भांति नगर में होली मिलन जुलूस निकाला गया जिसमें मैं जूलुस में आगे आगे चल रहा था कि नगर के एक युवक व उसके तीन अन्य साथियों ने मेरे सर पर लोहे के पंच से हमला कर दिया जिससे गर्दन पर चोट लग गई और मैं नीचे गिर पड़ा। एक मिनट तक अचेत रहा जब तक खड़ा होता वे फरार हो गए। उन्होंने बताया कि उक्त अराजक तत्वों ने भीड़ का फायदा उठाते हुए मुझे जान से मारने के फिराक में थे। श्री नथानी ने एक नामजद सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। वहीं इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम मोदी ने सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा : आनंद

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी लाभार्थी संपर्क अभियान के जरिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रत्येक लाभार्थी से सम्पर्क कर बूथ पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। गुरुवार को जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने हाटा विधानसभा के सभी पांचों मंडलों में मण्डल अध्यक्ष और आईटी पदाधिकारियों की बैठक कर 30 मार्च तक लाभार्थी सम्पर्क अभियान को शत प्रतिशत पूरा करने का आह्वान किया।

हाटा विधानसभा के सुकरौली, हाटा नगर, हाटा देहात, अहिरौली और मोतीचक मण्डल की अलग-अलग बैठक में जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने कहा कि

**लाभार्थी संपर्क एवं बूथों पर मजबूती के लिए मंडल अध्यक्षों की हुई बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षो तक देश की जनता के लिए अपना पल पल समर्पित किया है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। शायद ही कोई घर परिवार होगा जो मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नही हुआ होगा। बताया कि लाभार्थी सम्पर्क के दौरान लाभार्थी द्वारा मोबाइल नम्बर 9638002024 पर मिस्डकॉल करवाना है और मोदी जी का पत्र सौंपकर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है। अभियान में जिला के लाभार्थी और उनके परिवारजनों से व्यापक स्तर पर सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है और लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जाने वाले जन जन का समर्थन जुटाना है।

# डीएम ने किया इलेक्शन कंट्रोल रूम का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की कार्यप्रणाली एवं गुणवत्ता को परखा। सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता से जुड़ी 10 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनका समयबद्ध निस्तारण करा दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल एप नागरिकों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े प्रकरणों की शिकायत करने के लिए सशक्त करता है। इसमें शिकायतकर्ता की गोपनीयता बनाये रखने का प्रावधान है। कोई भी नागरिक सी-विजिल एप को गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकता है। यदि किसी नागरिक को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता दिखे तो एप में मौजूद कैमरे से तस्वीर खींचनी होगी। जीपीएस कैमरे से लैस सी-विजिल एप से मौके की रियल टाइम तस्वीर, वीडियो एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग के जरिये शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए चुनाव आयोग ने सौ मिनट की समयावधि निर्धारित की है।

# अबकी बार 400 पार, सलेमपुर तीसरी बार : सूर्यप्रताप शाही

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** सलेमपुर के समता निवास पर गुरुवार को लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एवम लोकसभा चुनाव के कलस्टर प्रभारी सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि भाजपा के लिए चुनाव उत्सव की तरह है। भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता हमेशा लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहते हैं। इसलिए जनता भाजपा के साथ रहती है। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहती है। देश में जो माहौल बना है उसके अनुरूप हम अबकी बार 400 पार उदघोष के साथ प्रचण्ड बहुमत की सरकार बनाने जा रहे है। एक बार फिर से देश में कमल खिलेगा और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। बैठक में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने प्रबंधन समिति के प्रत्येक सदस्य से वन टू वन चर्चा कर उन्हे दी गई जिम्मेदारी की जानकारी लीं। बैठक में सांसद एवम प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं ने बूथ संपर्क अभियान, गांव चलो अभियान के साथ-साथ लाभार्थी संपर्क अभियान में पूरे मनोयोग से कार्य किया है। उन्होंने ने प्रबंधन समिति के सदस्यों से कहा कि बेहतर तालमेल और सामंजस्य के साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक वोटो से विजयी बनाने का प्रण ले। उक्त बैठक में लोकसभा सहप्रभारी बलराम उपाध्याय, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, अमित सिंह बबलू, अमरेश सिंह बबलू, अभिषेक जायसवाल, बलबीर सिंह दादा, अजय दूबे वत्स, दुर्गेश पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, बचनदेव गोंड, शेषनाथ भाई, विनय पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष संजय दूबे, डॉ एसएस सिंह, उमाकांत मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, जगदीश यादव, मुरली जायसवाल, अनूप उपाध्याय, अरुण सिंह, शिवाकांत तिवारी, सुनील स्नेही, पिन्टू तिवारी, राजेश कुशवाहा, दीपक जायसवाल,अजय गौतम, अतुल मिश्रा, अभय तिवारी, माया जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवती का दाहिना पैर व हाथ कटा

**कुशीनगर।** पडरौना रेलवे स्टेशन के पश्चिम आउटर पर पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती का दाहिना पैर कट गया साथ ही एक हाथ पंजा भी। इस दौरान युवती अचेता अवस्था में गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने जीआरपी पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को एंबुलेंस जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पडरौना कोतवाली क्षेत्र के खांव खड्डा निवासी सलीना खातून पुत्री फखरे आलम उम्र 19 वर्ष गुरुवार को अपराह्न 02:40 बजे पडरौना रेलवे स्टेशन के पश्चिम आउटर पर कप्तानगंज थावें पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे युवती का दाहिना पैर व दाहिना हाथ का पंजा कट गया। इस दौरान युवती अचेत हो गई। घायल अवस्था में जीआरपी पडरौना द्वारा एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया और इसकी सूचना उसके परिजनों को दिया। युवती का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, मौके पर लड़की के पिता भी मौजुद रहे।

# संकल्प लें कर सकते हैं टीबी का अंत : डीएम

## हां, हम टीबी का अंत कर सकते हैं की थीम के साथ मनाया गया विश्व टीबी दिवस

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** ''हां, हम टीबी का अंत कर सकते हैं'' थीम के साथ इस बार 24 मार्च की बजाय 28 मार्च को सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विश्व टीबी दिवस मनाया गया। आदर्श आचार संहिता को देखते हुए इसका आयोजन सादगी के साथ किया गया। इस मौके पर बच्चों में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शालिनी सिंह , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली तान्या तिवारी और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली खुशी मणि त्रिपाठी को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने पुरस्कृत भी किया। साथ ही टीबी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मनित किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी की समय से पहचान हो जाने और इलाज करवाने से यह पूरी तरह से ठीक हो जाता है । सरकारी तंत्र में टीबी की जांच और इलाज की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयास से जिले को टीबी मुक्त किया जा सकेगा। सभी संकल्प लें कि हम टीबी का अंत कर सकते। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि महिलाओं, एचआईवी पीड़ितों, मधुमेह के रोगियों, मलिन बस्तियों, धूल मिट्टी में काम करने वालों, कुपोषित बच्चों, धुम्रपान करने वालों और वायु प्रदूषण वाले वातावरण में लगातार रहने वाले लोगों पर टीबी का जोखिम कहीं अधिक है । दो सप्ताह से अधिक की खांसी, लगातार सीने में दर्द, रात में पसीने के साथ बुखार, बलगम में खून आना, भूख न लगना और तेजी से वजन घटना फेफड़े की टीबी के लक्षण हैं । सिर्फ फेफड़े की टीबी संक्रामक होती है, लेकिन अगर समय से जांच कर उपचार शुरू कर दिया जाए तो तीन सप्ताह बाद इससे भी संक्रमण का खतरा टल जाता है। जिले में जांच, इलाज और पोषण की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं और आशा कार्यकर्ता की मदद से इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रंजीत कुशवाहा ने कि टीबी के इलाज के दौरान कुछ लोग बीच में ही दवा छोड़ देते हैं जिससे वह ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के मरीज बन जाते हैं और ऐसे मरीजों के इलाज के दौरान जटिलताएं बढ़ जाती हैं। दवा और उपचार तब तक जारी रखना है जब तक चिकित्सक द्वारा उसे बंद न किया जाए। मरीज के ठीक होने में पोषण की अहम भूमिका होती है, इसीलिए निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज चलने तक पांच सौ रुपये प्रति माह की दर से दिये जाते हैं । टीबी मरीज को इलाज के दौरान दूध, अंडा, सोयाबीन, पनीर, मांस आदि प्रोटीनयुक्त भोजन का सेवन करना है। इससे जल्दी ठीक होने में मदद मिलती है। जिन मरीजों की आर्थिक स्थिति कमजोर है उन्हें संभ्रांत लोगों और संस्थाओं द्वारा एडॉप्ट भी कराया जा रहा है ताकि अच्छे खानपान के साथ साथ मानसिक तौर पर खुद को मजबूत रखने में उनकी मदद की जा सके। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, डीपीएम पूनम, मृतुन्जय पाण्डेय, चंद्र प्रकाश तिवारी, नवीन राय, मांधाता सिंह, निखिल सिंह सहित पीएमश्री राजकीय इंटर कालेज, कस्तूरबा गाँधी बालिका इंटर कालेज सहित अन्य विद्यालयों की छात्राएं मौजूद रहीं।

### इन स्थानों पर होती है जांच

सीएमओ ने बताया कि जिले 16 ब्लॉक के 18 टीबी यूनिट, 36 डीएमसी जांच की सुविधा उपलब्ध है। जिले के सभी टीबी यूनिट और इलाज से जुड़े प्राइवेट अस्पतालों पर भी निक्षय पोषण योजना के लिए पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

### नियमित टीकाकरण जरूरी

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने बताया बच्चों को टीबी जैसी बीमारियों से बचाने में रोग प्रतिरोधक क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से नियमित टीकारण कार्यक्रम के दौरान सरकारी प्रावधानों के तहत उन्हें बीसीजी का टीका लगाया जाता है। बच्चों में भी अगर समय से टीबी की पहचान हो जाती है तो इलाज के बाद वह ठीक हो जाते हैं।

# जनपद न्यायाधीश देवरिया की अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छांदित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची अधीक्षक जिला कारागार देवरिया द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं जिनके रिहाई के संदर्भ में वार्ता की गयी किन्तु उनके अन्य गंभीर मामलें न्यायालय में विचाराधीन हैं या आजीवन कारावास से दंडित होकर सजा भुगत रहे हैं। जनपद न्यायाधीश श्री देवन्द्र सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें। उन्होंने पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया। तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक कुमार दूबें ने कहा कि धारा 436(क) दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उनके के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गयी व उसके संबंध में अधीक्षक जिला कारागार देवरिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, उनके द्वारा ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 7 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया गया तथा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## लोकसभा चुनाव को बेहतर सम्पन्न कराने के लिए समय से पूर्ण करे सभी व्यवस्थाएं




**बहराइच अवधनामा संवाददाता।** जनपद के विकास खंड चित्तौरा अंतर्गत ब्लाक संसाधन केंद्र डीहा पर आज प्रधान अध्यापक एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति का ब्लाक स्तरीय एक दिवदीय उन्मुखीकरण एवं संगोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा अरुण कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इसी दौरान स्वास्थ विभाग और एनजीओ द्वारा मौजूद शिक्षको को संचारी रोग अंतर्गत एक से तीस तक चलाए जाने वाले अभियान के संबंध में जानकारी दी गई।इस अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा के स्कूलों के अध्यक्ष वियालय प्रबंध समिति सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रही। इस बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने लोकसभा चुनाव को बेहतर तरीके से संपन्न कराए जाने की सभी से शपथ लेते हुए ये निर्देश दिया की चुनाव आयोग की मंशा अनुसार सभी विद्यालयों में बिजली पानी हैंडवाश आदर्श रैंप शौचालयों के बेहतर साफ सफाई के साथ साथ लेखन कार्य हर हाल में दो दिनों के अंदर पूरा हो जाना चाहिए।इस अवसर पर एआरपी विशेश्वर सिंह मनोज श्रीवास्तव बीसीपीएम प्रजापति यूनिसेफ से प्रियदर्शनी उमेश त्रिपाठी भूपेंद्र श्रीवास्तव विश्वनाथ पाठक सूर्य कुमार पांडेय देवेंद्र कुमार पाठक कलीम अंसारी समर फिरदौस प्रीति पाठक अपर्णा सोनी सहित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति मंजू देवी कन्हैया लाल बृजनंदन रंजना मौर्य लौटन राकेश संतोष कुमार सहित भरी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# मतदान प्रतिशत में इज़ाफे के लिए जारी है डीएम का भागीरथ प्रयास

अवधनामा संवाददाता

- मतदान केन्द्रों का भ्रमण आमजन से कर रहीं हैं मतदान की अपील



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में अवस्थित मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनज़र जिलाधिकारी मोनिका रानी निरन्तर भ्रमणशील रहकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ ग्रामवासियों से रूबरू होकर विगत निर्वाचन में कम मतदान प्रतिशत के कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही हैं। इसी कड़ी में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय हाड़ाबसेहरी व नानपारा खास का निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थल/विद्यालय की साफ-सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान-पत्र वितरण, रूट चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया। डीएम ने उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। डीएम ने कोटेदार, रसोईयां, रोजगार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा से वार्ता करते हुए निर्देश दिया कि ग्रामवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौजूद लोगों को मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान के दिन निर्भय होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। डीएम ने लोगों से कहा कि मतदान दिवस के दिन परिवार के बुजुर्ग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनकों भी अपने साथ ले जायें।

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की रणनीति तैयार, कई नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस ने रणनीति तैयार कर ली है। इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने के लिए संगठन और जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। श्री त्रिपाठी गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में लखनऊ लोकसभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा और समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित की मौजूदगी में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दोनों लोकसभा के तहत कंट्रोल रूम बनाया गया है। लखनऊ का कंट्रोल रूम प्रभारी के.के. शुक्ला और मोहनलालगंज का प्रभारी रितु अग्रवाल को बनाया गया है। इसी तरह लखनऊ लोकसभा के प्रभारी के रूप में पूर्व प्रदेश सचिव बृजेश सिंह और पूर्व महानगर अध्यक्ष बोधलाल शुक्ला और मोहनलालगंज के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी और पूर्व जिलाध्यक्ष सिराज वली खान को प्रभारी बनाया गया है। विधानसभा स्तर पर भी कांग्रेसियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जिसमें लखनऊ पश्चिम से पूर्व प्रत्याशी शहाना सिद्दीकी और जे.पी. मिश्रा, उत्तर से अमित श्रीवास्तव त्यागी और आर.बी. सिंह, पूर्व में आशुतोष मिश्रा और नसीम खान, मध्य में राजेश जायसवाल और योगेश्वर सिंह, कैण्ट में अंकित तिवारी और संजय श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया है। मोहनलालगंज लोकसभा में महिलाबाद में पूर्व विधायक इंदल रावत और मोहम्मद रेहान खान, बीकेटी में रामपाल यादव और प्रज्ञा सिंह, सरोजनीनगर में रुद्रदमन सिंह और महीप सिंह, मोहनलालगंज में नरेन्द्र गौतम और मान सिंह को विधानसभा स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# निर्वाचन में पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का उपयोग कर बचें प्लास्टिक के प्रयोग से: एडीएम

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुस्तकों सामग्रियों की छपाई के लिए इन्वायरमेन्ट सस्टेनेबिलिटी और व्यापक मापदंडों के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश उपलब्ध कराये गये हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ साथ अधिकारियों को पर्यावरण मुक्त चुनाव की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी गयी है। उन्होंने बताया कि सीईओ डीईओ द्वारा संदर्भ उपयोग के लिए रूपरेखा तैयार की गयी है, जिसके अंतर्गत विश्व में पर्यावरण संबंधी चिंताएं अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं।

उन्होंने बताया कि हाल ही में उपरोक्त निर्देशों व न्यायालय के निर्देशों को संकलित किया गया है और अनुपालन के लिए 18 अगस्त 2023 के परिपत्र द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को प्रसारित किया गया है। मतदान केंद्रों और अभियान कार्यक्रमों में स्पष्ट और दृश्यमान संकेतक स्थापित करें ताकि लोगों को विभिन्न प्रकार के कचरे जैसे कि पुनर्चक्रण योग्य, जैविक अपशिष्ट और गैर पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट का निपटान कहां किया जाए व मार्गदर्शन किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग में पुस्तकों सामग्रियों की छपाई के लिए उपरोक्त के अलावा व्यापक मापदंड निर्धारित हैं, जिसमें आयोग संबंधित सीईओ को पुस्तकों सामग्री की अधिकतम केवल 2 प्रतियां जारी करेगा और सीईओ के पास आर्थिक कारकों और अधिकारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त प्रतियां मुद्रित करने की छूट होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपेक्षा की गयी है कि इन दिशा निर्देशों को लागू करने में सभी संबंधित पक्षों का सक्रिय सहयोग अपेक्षित होना अति आवश्यक है।

## 19 व 21 रमज़ान के जुलूस लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने किया क्षेत्र का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 19 व 21 रमज़ान के जुलूस को लेकर हर साल की तरह इस साल भी राजधानी लखनऊ के पुराने इलाको में बिजली विभाग के अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों का निरक्षण करते नज़र आए। ऐसा ही कुछ पुराने लखनऊ के नूरबाड़ी पॉवर हाऊस क्षेत्र भी दिखा यहा एसडीओ अखिलेश यादव, जेई राजेश कुमार अपनी टीम दीपक कुमार,लाईनमैन बबलू, महफूज और शाहवेज के साथ क्षेत्र का निरक्षण करते दिखे और रास्ते में हर पोल, ट्रांसफार्मर, स्ट्रीट लाइट आदि की बारीकी से जांच करते दिखे। जेई राजेश कुमार ने बताया कि हमारी टीम अपने क्षेत्र में लगातार निरक्षण कर रही है और जहा भी कुछ खामियां दिख रही है उसे हम ठीक कर रहे है। वही एसडीओ अखिलेश यादव ने कहा कि हम 19 व 21 रमज़ान को निकलने वाले जुलूस को लेकर पूरी तरह से तैयार है कही किसी भी तरीके की दुर्घटना हमारे विभाग की लापरवाही की वजह से न होने पाएं इस पर हम बराबर ध्यान रखे हुए है और आगे भी रखते रहेंगे।

# उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में नया रिकॉर्ड बनाया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.79 करोड़ रुपए अर्जित किये जो कि उत्तर रेलवे के सालाना बिक्री लक्ष्य 500 करोड़ से अधिक है। इस प्रकार उत्तर रेलवे स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पर रहा है।

- वित्त वर्ष 2023-2024 में स्क्रैप की बिक्री से 603.79 करोड़ रुपए अर्जित किए : शोभन
- यह भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों/पीएसयू में सर्वाधिक है

उत्तर रेलवे ने इस वित्त वर्ष 100 करोड़, 200 करोड़, 300 करोड़ और 400 करोड़ स्क्रैप बिक्री का लक्ष्य पहले ही हासिल कर लिया था। स्क्रैप का निपटान एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्क्रैप से राजस्व अर्जित किये जाने के साथ-साथ, यह परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है। रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार इत्यादि स्क्रैप को एकत्रित कर इसकी बिक्री से संरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है। उत्तर रेलवे ने स्टाफ क्वाटरों, केबिनों, शैड़ों, वाटर टैंकों इत्यादि परित्यक्त ढांचों के निपटान के कार्य को मिशन मोड में शुरू किया है। इससे न केवल राजस्व अर्जन में मदद मिली है बल्कि कीमती स्थान की उपलब्धता भी सुनिश्चित हुई है। इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है। इनका त्वरित निपटान सदैव ही रेलवे की प्राथमिकता सूची में रहा है तथा इसकी निगरानी भी उच्च स्तर पर की जाती है।

उत्तर रेलवे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएसी स्लीपरों का निपटान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके। उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्टेटस हासिल करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड कायम रखते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

## सांसद मेनका गांधी एक अप्रैल को आयेंगी अपने संसदीय क्षेत्र

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की लोकप्रिय सांसद मेनका संजय गांधी संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकने 1अप्रैल को संसदीय क्षेत्र पहुंच रही हैं।सांसद मेनका गांधी को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उनकी संसदीय क्षेत्र में सक्रियता और लोकप्रियता को देखते हुए उनको 38 लोकसभा क्षेत्र सुलतानपुर से दोबारा प्रत्याशी घोषित किया है।सांसद श्रीमती गांधी 2019 में 8 वीं बार सुलतानपुर से सांसद निर्वाचित हुई थी।

सांसद निर्वाचित होने के बाद श्रीमती गांधी लगातार संसदीय क्षेत्र में सक्रिय रहीं और लोगों की जनसमस्याओं का निस्तारण करती रही।वह महीने में दो बार तीन-तीन दिवसीय दौरे पर जनपद आती रही। हर दौरे पर उन्होंने अलग- अलग विधानसभा क्षेत्रों में जनचौपाल लगाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया।सबसे बड़ी बात यह रही कि उनके कोई भी वायदे हवा हवाई नहीं रहे।जो कहा और वादा किया उसको पूरा करके दिखाया। सांसद श्रीमती गांधी का पांच साल विकास कार्यों को लेकर भी अभूतपूर्व व उपलब्धियों भरा रहा। उन्होंने जनपदवासियों के हर सुख-दुख में भागीदारी की।मेनका संजय गांधी के सांसद बनने के बाद जनपद की जनता को सांसद का मतलब समझ में आया।वह जब भी संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आई जनता को हर बार विकास की सौगात दी। जनता का सीधे सरोकार ही मेनका गांधी की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण रहा।सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी 1अप्रैल को दिल्ली से सड़क मार्ग से संसदीय क्षेत्र पहुंचेगी।

# गठबंधन के कार्यकर्ता व नेता भीम निषाद बनाकर लड़े चुनाव

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बृहस्पतिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण में होली मिलन समारोह, नवगठित जिला व शहर कॉंग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक और इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद के साथ कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम अपरान्ह 12 बजे से जिला कार्यालय प्रांगण में शुरू हुआ, दोपहर लगभग 2 बजे के आसपास कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद सपा के दर्जनों कार्यकर्ता व नेताओं के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी, प्रदेश महासचिव एवं जोनल प्रभारी योगेंद्र मिश्र जिला कॉर्डिनेटर सुरेश सिंह मुन्ना,वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र की मौजूदगी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने गठबंधन प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया, तत्पश्चात अबीर गुलाल लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर गठबंधन प्रत्याशी को कांग्रेसियों ने होली की मुबारकबाद एवं बधाई दी।

वही जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने कार्यालय के प्रांगण में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर अथवा मिठाई खिलाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद ने जिला कांग्रेस कमेटी शहर कांग्रेस कमेटी युवा कांग्रेस कमेटी एवं अन्य फ्रंटल के नेताओं के साथ बैठक कर उनका परिचय प्राप्त किया तत्पश्चात चुनावी रणनीति की तैयारी में जुट गए। परिचात्मक बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने किया।

बैठक के दौरान इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद ने सभी जनपद वासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता व नेता भीम निषाद बनाकर चुनाव लड़ेगा।

गठबंधन के सभी साथी भीम निषाद बनाकर चुनाव मैदान में उतरेंगे तो निश्चित रूप से आने वाला समय आपका होगा। वही उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है इसे बचाना हम सबका कर्तव्य है। यह लड़ाई देश से संविधान बचाने की है, देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लोग महंगाई बेरोजगारी रोजगार के मुद्दे पर कोई बात करने को तैयार नहीं है इसलिए देश की जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी का देश से सफाया करेगी और इंडिया गठबंधन की देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी,युवा कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस की विभिन्न प्रकोष्ठ की कमेटी अत्यधिक मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। गठबंधन प्रत्याशी भीम निषाद को जिताने के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता व नेता जी जान जुटा देगा, कांग्रेस का कार्यकर्ता व नेता क्षेत्र में जाकर जनता के सामने भाजपा की जन विरोधी नीतियों को बताकर उनके भ्रष्टाचार उजागर करने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने कहा की चुनावी बॉन्ड ने भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया जनता समझ चुकी है देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी में भारतीय जनता पार्टी शुमार है।

# वन विभाग के पिंजड़े में कैद हुआ भेड़िया

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग बहराइच संजीव कुमार ने बताया कि वन क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत दाखिला-महसी के ग्राम-नयापुरवा, थाना-हरदी, तहसील-महसी, बहराइच में मानव वन्य जीव संघर्ष की घटना में वन्य जीव भेड़िया के हमले से एक बच्चे की मृत्यु हो जाने के दृष्टिगत आबादी इलाके के पास आ गये भेड़िया को पकड़ने हेतु प्रभाग द्वारा ग्रामसभा सिसैया चूड़ामणि के मजरा-कोलैला में लगाये गये पिजड़े में 27/28 मार्च 2024 की देर रात्रि लगभग 01:30 बजे एक मादा भेड़िया एवं एक अव्यस्क नर भेड़िया कैद हो गया है।



डीएफओ बहराइच श्री कुमार ने बताया कि पिजड़े में कैद भेड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच में तैनात पशु चिकित्सक डॉ. दीपक वर्मा द्वारा किया गया। पशु चिकित्सक की रिपोर्ट के अनुसार पिजड़े में कैद मादा भेड़िया की उम्र लगभग 05 से 06 वर्ष एवं अव्यस्क नर भेड़िया की उम्र लगभग 02 से 03 माह है जो पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। डीएफओ ने बताया कि पकड़े गये भेड़ियों को उनके प्राकृतवास में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# एसडीएम महरौनी के साथ सौजना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उप जिलाधिकारी महरौनी व थाना सौजना पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए थाना सौजना क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल व संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया।

फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल चुनाव हेल्प लाइन नम्बर 7839697416, डायल 112, सम्बन्धित थाना, चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें ललितपुर पुलिस द्वारा आपकी हर संभव मदद की जायेगी। फ्लैग मार्च के दौरान केन्द्रीय सशस्त्र के कम्पनी कमाण्डर संजीव झा मय फोर्स के थानाध्यक्ष सौजना स्वाती शुक्ला व अन्य अधि./कर्मचारी फोर्स मौजूद रहे। वहीं एसडीएम मड़ावरा, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अर्धसैनिक बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ मतदाताओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए थाना गिरार क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल, संवेदनशील पोलिंग बूथों व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च /एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए द्वारा आम जनता से संवाद कर चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल चुनाव हेल्प लाइन नम्बर 7839697416, डायल 112, सम्बन्धित थाना, चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें ललितपुर पुलिस द्वारा आपकी हर संभव मदद की जायेगी।

## बालिका इण्टर कालेज का परीक्षा परिणाम घोषित



**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** तेरई फाटक स्थित बालिका इण्टर कालेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एआरटीओ मो. कय्यूम व विशिष्ट अतिथि तालबेहट कोतवाल हरिशंकर चन्द्र रहे। जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोज तिवारी ने की। प्राइमरी सेक्शन में समृद्धि तिवारी ने प्रथम स्थान तथा सीनियर सेक्शन में रक्षा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र व छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरिशंकर चन्द्र ने छात्रों को लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एआरटीओ मो.कय्यूम ने कहा कि जो छात्र मेहनत करते हैं उन्हें जीवन में आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है। हिन्दी मीडियम में पढ़ने वाला छात्र अपने जीवन में ज्यादा सफल रहता है। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि हमें ऐसे विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए, जहां शिक्षा के साथ संस्कार प्राप्त होते हो। हमें नयी शिक्षा नीति के अनुसार पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर रमा तिवारी, बालकृष्ण नामदेव, महेन्द्र सिंह परिहार, श्रेया तिवारी, सुभद्रा परिहार, उमाकांत बुधौलिया, सुरेंद्र सिंह चंदेल, सृष्टि तिवारी सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहें। संचालन व आभार ओमप्रकाश राजपूत के द्वारा किया गया।

# महाविद्यालय में मनी क्षय रोग मुक्त संगोष्ठी




अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आचार संहिता को देखते विश्व क्षयरोग दिवस मनाये जाने के निर्देश प्राप्त थे, जिसके क्रम में के.पी.एस. डिग्री कॉलेज ककरूआ में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. रामनरेश सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और देश को टीबी मुक्त बनाने के लिये हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं व महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से क्षयरोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है, क्षयरोगी जल्दी से स्वस्थ हों और स्वस्थ होकर अन्य लोगों की भांति समाज की मुख्य धारा में जीवनयापन कर सकें। इस अवसर पर डॉ. जे.एस. बक्शी परामर्शदाता टी.बी. क्लीनिक ने बताया कि क्षयरोग को तपेदिक या टीबी भी कहा जाता है व यह बीमारी प्राचीन काल से ही चली आ रही है और लाइलाज बीमारियों में शुमार थी, किन्तु वर्तमान समय में टी.बी. का पूर्ण इलाज संभव है व नियमित दवा खाने से यह बीमारी पूरी तरह से ठीक हो जाती है, यदि इस बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में नहीं रोका गया तो यह जानलेवा साबित हो सकती है, समय से इलाज नहीं लेने पर यह बीमारी धीरे धीरे व्यक्ति को मारती है, इसलिये लक्षण महसूस होते ही समय से इलाज शुरू हो जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि विश्व का हर चौथा रोगी भारतीय और भारत का हर पांचवा क्षयरोगी उत्तर प्रदेश में है। पी.पी.एम. कॉर्डिनेटर आदेश श्रीवास्तव ने कहा कि क्षयरोग दिवस इसलिये मनाया जाता है। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज की प्रबंधक डॉ. लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# कोटेदार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन, जताया आक्रोश



अवधनामा ब्यूरो

- बीते कई दिनों से सुबह शाम बुलाते हैं नहीं देते राशन लगाया आरोप

**सोनभद्र/ब्यूरो।** क्रय विक्रय सरकारी समिति राबर्ट्सगंज परिसर में गुरुवार को सस्ते गल्ले कोट की दुकान पर राशन न मिलने वह लगातार चार दिनों से रहवासियों को परेशान करने को लेकर आक्रोशित रहवासियों कोटेदार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन जताया आक्रोश विरोध। रहवासि राजेश कुमार, गायत्री, पिक्की, पिंटू, रवि, राजू, मनोज, मनीष आदि लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि लगातार कई दिनों से प्रतिदिन सुबह से शाम तक लाइन में खड़ा करते हैं और राशन नहीं देते हैं जब इसका विरोध किया जाता है तो उनके द्वारा बस एक ही बात कह दी जाती है नेट सर्वर फेल है जबकि आसपास के कोटे की दुकानों पर नेट सर्वर चल रहे हैं और ब्लैक मार्केटिंग करते हुए हम गरीबों का राशन बेचने का कार्य कर रहे हैं और हम लोगों को सुबह शाम दौड़ने का काम कर रहे हैं प्रवासियों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस तरफ आकर्षित करते हुए मामले की जांच कर कर कोट की दुकान निरस्त कराकर किसी और को दिलाए जाने की गुहार लगाई जिससे कि हम गरीबों को समय अनुसार राशन उपलब्ध हो सके।

# पैथालाजी में नहीं हो सकी जांचें, ठप रहा सर्वर, रिपोर्ट मिलना भी हुआ मुश्किल

अवधनामा संवाददाता



- लखनऊ की एक प्राइवेट कंपनी के द्वारा नहीं किया गया था रीचार्ज

**बांदा।** जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम है। इससे मरीजों और तीमारदारों को नाहक में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे पैथालाजी का सर्वर धड़ाम हो जाने के कारण जांच प्रक्रिया ठप हो गई। लंबी लाइन लगी होने के कारण हो-हल्ला मचता रहा। बाद में कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर ठप है, इसकी वजह से बारकोड जनरेट नहीं हो रहा। मसलन न तो मरीजों की जांच हो सकी और न ही उन्हें उपचार उपलब्ध हो पाया।

जिला अस्पताल की पैथालाजी में गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे सर्वर अचानक ठप हो गया। सर्वर के ठप हो जाने के बाद कर्मचारी काफी समय तक इंतजार करते रहे, लेकिन जब जांच प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो मरीजों और उनके तीमारदारों ने शोरशराबा मचाना शुरू कर दिया। बाद में कर्मचारियों ने मरीजों और तीमारदारों को बताया कि सर्वर ठप हो जाने के कारण जांच नहीं हो पा रही है।

इधर, पैथालाजी में दिए गए ब्लड सेंपल की जांच न होने की वजह से मरीजों को उपचार भी नहीं मिल पाया। ऐसी हालत में मरीज परेशान नजर आए। कई मरीज ऐसे रहे, जिनका आपरेशन भी होना था, लेकिन सर्वर ठप होने की वजह से न तो जांच हो सकी और न ही आपरेशन ही हो सका। पैथालाजी में तैनात कर्मचारी असलम ने बताया कि सुबह नौ बजे सर्वर ठप हो गया था। साढ़े 12 बजे सर्वर शुरू हुआ। उसने बताया कि सर्वर ठप होने की वजह से बारकोड जनरेट नहीं हो पा रहा था। इसकी वजह से जांचें नहीं हो सकीं। सर्वर सही होने के बाद बारकोड जनरेट हुआ, तब कहीं जाकर ब्लड सेंपल की जांच का सिलसिला शुरू हुआ। गौरतलब हो कि लखनऊ की एक कंपनी के द्वारा पैथालाजी में होने वाली जांचों के लिए सर्वर की जिम्मेदार ले रखी है। वहीं से रीचार्ज किया जाता है, तब कहीं जाकर जांच प्रक्रिया शुरू होती है।

## अक्सर ठप बना रहता है सर्वर

**बांदा।** जिला अस्पताल की पैथालाजी में सर्वर ठप हो जाने के बाद कोई काम नहीं हो पाता है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। आए दिन सर्वर की समस्या से कर्मचारी जूझते हैं। नाहक में उन्हें मरीजों और तीमारदारों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि लखनऊ की कंपनी के द्वारा ही रीचार्ज किए जाने के बाद सर्वर चालू रहता है।

# एडीएम की अध्यक्षता में बैठक



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आवंटित मतदेय स्थलों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में बैठक की गयी, इस दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों आवंटित मतदेय स्थलों/बूथों पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे कि पीने की पानी, रैम्प, विद्युतीकरण सहित अन्य सुविधाओं के उपलब्धता के सम्बन्ध में बूथवार जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा बूथ निरीक्षण के दौरान बूथों पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में जो भी कमियां अंकित की गयी है, उन कमियों को दूर करते हुए 15 दिवस के अन्दर बूथों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाये, जिससे कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पोलिंग पार्टी मतदाता को मतदान केन्द्रों पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़ें, जिन मतदान केन्द्रों पर पानी की उपलब्धता की समस्या हो, वहां पर हैण्डपम्पों के मरम्मत व रिबोर के कार्य भी अवश्य करा लिये जाये। बैठक में उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर निखिल यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# होली मिलन समारोह में खूब बिखरे जलवे

अवधनामा ब्यूरो



- तरुण केसरवानी महिला क्लब द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम
- रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित विवेकानंद प्रेक्षागृह परिसर में होली मिलन समारोह

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित विवेकानंद प्रेक्षागृह परिसर में गुरुवार की शाम नगर की महिलाओं के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर महिलाओं ने किया नित्या गाय फगुआ गीत मनाई अबीर गुलाल की होली।

तरुण केसरवानी महिला क्लब की संयोजक श्वेता केसरी ने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी होली के दो दिन बाद नगर के महिलाओं के साथ होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है उसी क्रम में गुरुवार को भी अबीर गुलाल होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संगठन की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी किया और एक दूसरे को अभी गुलाल लगाते हुए होली के गीतों व फगुआ के बाहर के साथ नित्य कर बिखरे जलवे। वही इस इवेंट में महिलाओं द्वारा फूलों की होली के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आनंद भी लिया गया। इसमें आजकल चर्चित खेल एक मछली पानी में गई को खूब एन्जॉय किया। साथ ही चेअर गेम, बलून गेम में गिफ्ट भी बांटे गए। आयोजकों द्वारा सवाल जवाब भी पूछे गए जिनका जवाब देने वालों को पुरस्कृत ही किया गया। होली के आयोजन का उद्देश्य ये था कि चूंकि महिलाएं त्योहारों में खान-पान, रसोई, मेहमान में सिमट कर रख जाती हैं और अपना क्वालिटी टाइम स्पेंट नहीं कर पाती हैं, इसलिए होली के मुख्य त्योहार के बाद ही महिलाओं ने होली कार्यक्रम आयोजित करके खूब एन्जॉय किया। इस मौके पर शालू केसरी, बिना केसरी, शालिनी केसरी प्रीति केसरी, श्वेता केसरी, पूजा केसरी सहित आदि महिलाएं मौजूद रही।

# मतदान बढ़ाने के लिए निकाली जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता




**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम धुंधपुर व बिरखेरा में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के लिए शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम धुंधपुर व बिरखेरा में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ में गांव भ्रमण कर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल छात्र छात्राओं व महिलाओं ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। इसके बाद विद्यालय में पहुंचकर लोगों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीओ आइएसबी जगदंबा प्रसाद, कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनीश कुमार साहू, सचिव बालेश्वर द्विवेदी, रोजगार सेवक रामनरेश निषाद सहित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

# युवक को पुलिसकार्मियों ने लात घूसे से मारा-पीटा

अवधनामा संवाददाता



- हमीरपुर पुलिस का अमानवीय चेहरा आया सामने

**हमीरपुर।** योगी शासन मे खाकी वर्दीधारक पुलिस बेखौफ है अभी एक मामले का वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल हो रहा है कि डायल 112 की गाड़ी मे पुलिस वाले एक युवक को जबरजस्ती पीट कर उसको गाड़ी के अंदर डाल रहे है कंपू मेल इस वीडियो कि पुष्टी नही करती है वीडियो सोसल मीडिया मे तेजी से फैल रहा है की पी आर बी संख्या 1235 बस स्टेशन हमीरपुर मे ड्यूटी पर थी उसी समय चमन चाय वाले के बर्तन धुलाई करने वाला दीपक पुत्र दुर्गा दीन उम्र 19 वर्ष और बादशाह फल वाला दोनो किसी बात पर शराब के नशे मे उलझ कर विवाद कर रहे थे , वहीं पर खड़ी पी आर बी के पुलिस कर्मी जो ड्यूटी पर मौजूद थे के द्वारा दोनो को चले जाने के लिये कहा परंतु शराब के नशे मे दीपक वहां बार बार जाकर पुनः वही उलझने के लिये तत्पर्य दिखा इसको लेकर पीआर बी कर्मचारियो द्वारा उसके साथ मार पीट किया और जबर जस्ती उसको उठा कर कोतवाली ले गयी और कोतवाली सदर पुलिस द्वारा उसके ऊपर ही निरोधात्मक कार्यवाही किया है इस प्रकार से हमीरपुर पुलिस को न कानून का भय है क्यो कि इस घटना से पूरे शहर मे हंडकप मचा है।

## क्षय रोग के जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक कर दी गई जानकारी

# टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है: सीएमओ

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च 2024 के अवसर गुरुवार को प्रातः 11.00 बजे कीर्ति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साईन्सेस, राबर्ट्सगंज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कीर्ति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साईन्सेस, राबर्ट्सगंज के छात्रों द्वारा क्षय रोग के जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा अश्वनी कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 आर0जी0 यादव, नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा0 जेया वनिथा द्वारा प्रतिभाग किया गया। 24 मार्च 2023 से पूरे देश में टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम की शुरूआत भी की जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉक्टर अश्वनी कुमार ने बताया कि टीबी लाइलाज बीमारी नही है इससे घबरायें नही नियमित इलाज एवं पूरा कोर्स से टीबी पूर्ण रूप से ठीक हो जाती है। इलाज को बीच में छोड़-छोड़ कर करने में टीबी गम्भीर टीबी एमडीआर के रूप में परिवर्तित हो जाती है।

सरकारी अथवा प्राइवेट चिकित्सालय के माध्यम से उपचार-रत सभी मरीजों को इलाज के दौरान पौष्टिक आहार हेतु रू0 500.00 प्रतिमाह मरीजों को उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से दिया जाता है। जनपद में 11 टी0बी0 यूनिट, 26 बलगम जाँच केन्द्र, 1093 ट्रीटमेण्ट सेण्टर क्रियाशील हैं वर्ष 2023 में कुल 3817 मरीज पंजीकृत हुए तथा वर्तमान में 1931 रोगी इलाजरत हैं। गोष्ठी को जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 आर0जी0 यादव ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए बताया कि पीड़ित व्यक्ति के खाँसने छीकने से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को यह बीमारी लग जाती है। छोटे स्कूली बच्चे इस बीमारी के शिकार जल्दी हो जाते है। इधर-उधर थूकने तथा साझा तौलिया, रूमाल, चादर आदि का प्रयोग करने से भी इस बीमारी को बढ़ावा मिलता है। किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खाँसी आ रही हो, शाम से बुखार चढ़ता हो, सीने में दर्द, खाँसी के साथ खून आना आदि इसके प्रमुख लक्षण हैं। यदि इसका समय पर लगातार इलाज न कराया जाय तो यह बीमारी शरीर के अन्य अंगो में भी फैल जाती है। उन्होने बताया कि बाल एवं नाखून को छोड़कर टीबी शरीर किसी भी अंग में हो सकता है। टीबी दो प्रकार की होती है पलमोनरी टीबी तथा इक्ट्रा पलमोनरी टीबी, पलमोनरी टीबी से दूसरे लोगों में फैल सकती है एक पलमोनरी टीबी एक वर्ष में 8 से 10 नये रोगी बना देता है। लगातार 6 से 8 महीने तक दवा खाने से टी0बी0 की बीमारी पूरी तरह से ठीक हो जाती है। टी0बी0 की जाँच एवं इलाज स्वास्थ्य केन्द्रो पर निःशुल्क दिया जाता है। राज्यपाल महोदया के प्रेरणा से प्रदेश में क्षय रोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया वर्ष 2019 अनवरत जारी है। वर्ष 2019 में 28, वर्ष 2020 में 59, वर्ष 2021 में 346, वर्ष 2022 में 488, वर्ष 2023 में 1132 तथा वर्ष 2024 में 364 क्षय रोगियों को विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं रेड क्रास सोसायटी, लायन्स क्लब, जन प्रतिनिधियों तथा जनपद में विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा गोद लिया गया है।

## एक से 30 तक चलेगा संचारी रोग अभियान

**सोनभद्र/ओबरा।** नगर पंचायत ओबरा द्वारा संचारी रोग अभियान/दस्तक अभियान दिनाक् 1अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक चलाया जाएगा। इस कार्य योजना के संबंध में आज दिनांक 28 मार्च 2024 को ओबरा के चिल्ड्रन पार्क में प्रातः 11 बजे से नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी जी की अध्यक्षता में निकाय के सभासद एवं सफाई नायक व कर्मचारियों के साथ बैठक की गई जिसमे जिले चोपन सीएचसी के रोहित जी ने इस कार्य योजना हेतु प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने समस्त सफाई नायकों व कर्मचारियों को उक्त संचारी अभियान हेतु समय सारणी वह कार्य निर्धारण कर नगर के विभिन्न वार्डों में साफ सफाई, फॉगिंग, एंटी लारवा छिड़काव करने के लिए निर्देशित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत ओबरा के लिपिक, सुधांशु मिश्रा,सभासद अजीत कनौजिया, राजू सनी अरशद हुसैन दशरथ शुक्ला, अनिल कुमार, गिरजा शंकर, सुनील कुमार, निकाय के सफाई नायक आनंद यादव, सत्येंद्र सिंह, सुनील मिश्रा, नारायण मंडल वेदांती सिंह, जितेंद्र शुक्ला, संतोष कुमार ने प्रतिभाग किया।

# बाल अपराधों की रोकथाम में लापरवाही न हो : एएसपी



अवधनामा संवाददाता

- एएसपी ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के साथ की बैठक

**बांदा।** जनपद में बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। मानव तस्करी निरोधी इकाई तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में बालश्रम व बाल विवाह पर रोक लगाये जाने के संबंध में ग्रामीण व शहर क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाये जाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ साथ पुलिस व अन्य सरकारी, गैरसरकारी संस्थाओं के परस्पर आपसी सहयोग के संबंध मे भी दिशा निर्देश दिए गये। मानव तस्करी निरोधी इकाई व विशेष किशोर पुलिस इकाई, किशोर न्याय संरक्षण बोर्ड को इस संबंध में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाने जाने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक दौरान थाना प्रभारी एएचटीयू निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, बाल कल्याण समिति के सदस्य अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा विभाग से डा. डीसी दोहरे, अभियोजन कार्यालय से सीपी गौतम, वन स्टाप सेंटर प्रभारी रमा साहू, जनसाहस संस्था के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार, बाल कल्याण सरंक्षण अधिकारी राजीव सिंह सहित जनपद के समस्त थानों, जीआरपी, एएचटीयू, एसजेपीयू तथा बाल कल्याण समिति के अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोग, स्वच्छता अभियान को पलीता

**कमासिन अवधनामा संवाददाता।** मुख्य मार्ग में जलभराव होने की वजह से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनो ओर स्थित नालियां चोक होने के कारण पानी सड़क पर बह रहा है। जिम्मेदार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्वच्छता अभियान को भी पलीता लगाने का काम जिम्मेदारों के द्वारा किया जा रहा है। कस्बे के मध्य से जाने वाले मुख्य मार्ग में पुराने थाना से सब्जी मंडी होते हुए दांदौ रोड पर यह सड़क मिलती है। इस मार्ग पर आवागमन बराबर बना रहता है, लेकिन थान बाबा के पास पन्नाह मार्ग की दोनों तरफ की नालियां सफाई न होने के कारण जाम हो गई हैं, जिससे जल निकासी की व्यवस्था ठप है। इस कारण पानी सड़क के ऊपर जमा हो जाता है जो बरसात जैसा नजारा उत्पन्न कर रहा है और आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत कस्बे को सफाई के नाम पर लाखों रुपए मुहैया करा चुकी है। यह तो एक मुख्य मार्ग की दुर्दशा है। कस्बे के अंदर प्रत्येक नाली गंदगी से पटी हुई है जिसके कारण बदबू फैल रही है। कस्बे के ओमप्रकाश वर्मा, अर्जुन, वीरेंद्र आदि ने बताया कि कस्बे में सफाई के नाम पर केवल खाना पूरी की जा रही है और स्वच्छता अभियान के तहत आने वाले धन को खुर्दबुर्द किया जा रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



## बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, दो लोग जख्मी

**बांदा।** बाइक में सवार होकर पथरी की दवा लेने चेचेरे भाई के साथ जाते समय युवक की बाइक सामने से आ रही बाइक से आमने-सामने टकरा गई। हादसे में दोनो बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि चचेरे भाई को मामूली चोटें आई। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, वहां पर चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौंध थाना क्षेत्र के चमरहा गांव निवासी दीपक गुप्ता (25) पुत्र कल्लू बुधवार की शाम को अपने चचेरे भाई पिंटू (24) को बाइक में बैठाकर मौदहा पथरी की दवा लेने के लिए जा रहा था। बाइक सवार अभी मटौंध थाना क्षेत्र के अछरौड़ मोड़ के पास ही पहुंचे थे कि सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनो लोग जख्मी हो गए। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उठाया और जिला अस्पताल लाए। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया।

# रहमतों व बरकतों का महीना है रमजानुल मुबारक : हाजी सरफराज अहमद

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** नगर के जामा मस्जिद में हाफीज व कारी परवेज साहब क़िब्ला ने मंगलवार की देर शाम खतमे तरावीह (एक कुरान) मुकम्मल कराई वहीं तरावीह मुकम्मल होने के बाद जामा मस्जिद में सभी मुस्लिम बन्धुओ ने हाफ़िज़ व कारी परवेज साहब क़िब्ला को फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया।

इस दौरान जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सद् दाम हुसैन कादरी ने फरमाया कि रमजान उल मुकद्दस का महीना बड़ा बरकत वाला महीना होता है। इसमें हम सब जितनी इबादत करें उतनी कम है। इस पाक महीने में कुरान की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करें और अल्लाह हमें कुरान सुनाने की और सुनने की तौफीक अता फरमाए। वहीं हाफीज व कारी परवेज साहब क़िब्ला ने बयान करते हुए फरमाया कि इस खास महीने मे मुसलमान अल्लाह के बंदे ज्यादा से ज्यादा रोजे रखे और इस वक्त हमारा अल्लाह तआला सख्त इम्तिहान ले रहा है। जो भी मुसलमान बंदा इतनी शिद्दत से गर्मी में रोजे रखता है अल्लाह तआला उसकी हर जायज मुरादें पूरी कर देता है और उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। इसलिए हम मुसलमानों को चाहिए कि रमजान मुकद्दस के महीने में ज्यादा से ज्यादा रोजे रखें और कुरान की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करें। वहीं इस खास मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद ने कहा कि रमजानुल मुकद्दस का पाक महीना रहमतों व बरकतो वाला महीना होता है । इस महीने में अल्लाह रब्बुल इज्जत रोजेदारों के ऊपर बेशुमार रहमते नाजिल फरमाता है। तत्पश्चात जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद व सेक्रेटरी महफुज आरिफ ने पूरे आवाम की तरफ से परवेज साहब क़िब्ला को फूल माला पहनाकर अंग वस्त्र व नजराना दिया। वहीं अन्त में सभी मुस्लिम बन्धुओं ने रो- रोकर अल्लाह की बारगाह में मुल्क की सलामती व अमन चैन की दुआए मांगी। इस मौके पर हाजी मुख्तार अहमद, रियाज अहमद, ईदू भाई सर्राफ, डा मुन्ना, नन्हे मास्टर, डा जावेद अख्तर, अनवर कुरैशी,राजू खान, अत्तहर कुरैशी, भाईजान, सलीम कुरैशी, रिजवान अहमद, नसरे आलम, इस्तियाक अहमद, सरफुद्दीन, आफताब सहित सैंकड़ों की संख्या में मुस्लिम बन्धु मौजूद रहे।वहीं इस खास प्रोग्राम का संचालन जामा मस्जिद के पेश इमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने किया।

# शर्मनाक : पिता ने बेटी से दो दिन किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- बिसंडा थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला
- पत्नी ने पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**बांदा।** रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक घटना में दूसरी महिला के साथ मवेशीबाड़े में रहने वाले पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दो दिनों तक दुष्कर्म किया। किसी तरह पीड़िता अपनी मां के पास घर पहुंची और आपबीती बताई। मां पीड़िता बेटी को साथ लेकर थाने पहुंची और तहरीर देकर अपने पति के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हरकत में आई थाना पुलिस ने तत्काल आरोपित को गिरफ्तार करते हुए पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। इसके साथ ही न्यायालय में भी बयान करवाए गए हैं। घटना बिसंडा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। वहां रहने वाला एक व्यक्ति अपनी पत्नी को छोड़कर एक दूसरी महिला के साथ मवेशीबाड़े में रहता है। उसने बीती 23 मार्च की रात को बेटी को किसी बहाने से मवेशीबाड़े में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद 24 मार्च की रात को भी बेटी को दबोचकर दुष्कर्म किया। 14 वर्षीय पीड़िता किसी तरह पिता के चंगुल से छूटकर अपनी मां के पास पहुंची और अपने साथ ही दुष्कर्म की पूरी दास्तान बयां की। आरोपित की पत्नी और बेटी ने विरोध किया तो आरोपित ने अपनी बेटी को डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। इसके बाद अपनी बेटी को लेकर मां बिसंडा थाने पहुंची। मामले को गंभीरता से लेते हुए बिसंडा थाना प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को पीड़िता का जिला महिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। साथ ही पीड़िता के अदालत में भी बयान दर्ज कराए गए हैं।

# बेकाबू ट्रक ने 15 से ज्यादा लोगों को रौंदा, दो की कुचलकर मौत



**लखनऊ।** शामली में थानाभवन कस्बे के शामली बस स्टैंड पर बृहस्पतिवार दोपहर को अनियंत्रित हुए ट्रक से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो महिला समेत 14 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी व चीख पुकार मच गई। वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने से जाम लगा रहा। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

बताया गया कि करीब दो बजे दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर कस्बे में शामली बस स्टैंड के निकट शामली की तरफ से आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। ट्रक सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गया। इसके बाद ट्रक वहां खड़ी फलों व जूस की ठेली, ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर आदि को रौंदता हुआ नाले की पटरी से टकराकर रुका। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में चीख पुकार मच गई।

इसके बाद लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिससे जाम की स्थिति बनी रही। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी से गंभीर घायल शकील निवासी गांव भैंसानी इस्लामपुर को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जिसकी रास्ते में मौत हो गई।

प्रदीप निवासी गांव लालूखेड़ी थाना तितावी जिला मुजफ्फरनगर, बबली पत्नी सतीश निवासी गांव रसीदगढ़ व रामू को सहारनपुर रेफर किया गया। सहारनपुर ले जाते समय रास्ते में प्रदीप की मौत हो गई। दोनों मृतकों की 30 वर्ष के करीब बताई गई है।

**■ मची चीख-पुकार, 14 लोग घायल**

इनके अलावा दुर्घटना में ई-रिक्शा में सवार दिव्या पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र अक्षय पुत्र तेजपाल, कोमल पुत्री गोपाल व रजनी पत्नी प्रदीप निवासी गांव नोजल, ई-रिक्शा चालक प्रदीप पुत्र कनौनी निवासी गांव रसीदगढ़, दूसरी ई-रिक्शा चालक यूसुफ निवासी कस्सावान थानाभवन, थ्री व्हीलर चालक गांव नोजल निवासी मनेंद्र व पत्नी ललिता, पुत्री ईशिका, कार में सवार रोहित गर्ग, पत्नी शिल्पा, तीन साल की बेटी क्रिधा व पांच साल की अवनी भी ट्रक की चपेट में आकर गंभीर घायल हुए। इन सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे, 12 आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में 12 सेवाओं यथा-सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर एवं मतदान दिवस की कवरेज हेतु आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गयी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनके द्वारा फार्म-12डी भरकर और अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर सम्बन्धित चरण, निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के 05 दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

# आर्थिक वृद्धि में सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योगों की है महत्वपूर्ण भूमिका: राकेश सचान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** 10वें ऐसोचैम एमएसएमई ऐक्सीलेंस अवार्ड्स के दौरान मुख्य अतिथि राकेश सचान (मंत्री, सूक्ष्म-लघु-मध्यम उपक्रम, उ.प्र. सरकार) ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर राज्य में सबसे अधिक रोजगार देता है। उ.प्र. सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान परियोजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए रु. 1,000 करोड़ आवंटित किए गए हैं। इसका उद्देश्य है युवाओं को एमएसएमई सेक्टर अपना खुद का कारोबार शुरु करने को प्रोत्साहित करना।

इस कार्यक्रम का प्रयास है युवाओं को शिक्षा एवं प्रशिक्षण से जोड़ना ताकि वे एमएसएमई स्वामी बन सकें। नए व्यापार स्वामियों को रु. 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराते हुए इसे सरल बनाया गया है। श्री सचान ने एमएसएमई लोन गारंटी स्कीम की भी बात की जिसके तहत एमएसएमई को क्रेडिट गारंटी दी जाती है जिससे उनके लिए ऋण लेना आसान हो जाता है। उनके मुताबिक एमएसएमई राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए अहम हैं। उत्तर प्रदेश में अनेक एमएसएमई विभिन्न उद्योगों में सक्रिय हैं जैसे मैन्युफैक्चरिंग, सेवाएं व हस्तशिल्प। उ.प्र. सरकार ने विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में कई कार्यक्रम शुरु किए हैं। उन्होंने कहा, ''अगर कारोबार को किसी कठिनाई का सामना करना पड़े तो उसके लिए दुर्घटना बीमा योजना में रु. 5 लाख का सहयोग भी है। उ.प्र. के मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री अवनीश अवस्थी ने अपने बयान में एमएसएमई पुरस्कार विजेताओं की प्रशंसा की और प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के विकसित भारत के ध्येय का प्राप्ति में योगदान हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उ.प्र. में 96 लाख एमएसएमई हैं, राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाली यह बहुत बड़ी संख्या है। एमएसएमई सेक्टर सिर्फ साझेदारों के लिए ही नहीं बल्कि नवाचार, निर्यात, रोजगार के अवसरों के लिए भी है। भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य में नए एमएसएमई को मान्यता दी गई है। विकास में और युवा उद्यमियों को अवसर देने के मामले में एमएसएमई महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने स्वागत संबोधन में ऐसोचैम राष्ट्रीय परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती सुषमा पॉल बेरलिया ने एमएसएमई पर केन्द्रित व्यापार सुविधा एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता पर बात की जो कि उ.प्र. में रोजगार पैदान करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं, खासकर ग्रामीण एवं अर्धशहरी इलाकों में।

# साहस, शौर्य और हास्य से परिपूर्ण काव्य-मंच : मधुरंग



**लखनऊ।** संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ वाराणसी के इंद्रधनुष सभागार के मंच पर होली के उपलक्ष्य में एक बार फिर मधुरंग कवि सम्मेलन हास्य, व्यंग्य और यथार्थ को सहेजता मुखर हो उठा। कविताओं से सजा काव्य मंच वर्तमान के लोकप्रिय एवं बहुचर्चित कवियों के आगमन से खिल उठा। इस विशेष कार्यक्रम में वाराणसी के विशिष्ट गणमान्य जन एवं अभिभावक उपस्थित हुए। संस्था सचिव राहुल सिंह ने सभा में पधारे कवि मण्डल के साथ-साथ सभी विशिष्ट जन का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय के पारंपरिक कुलगीत की प्रस्तुति हुई। इसके पश्चात मनमोहक होली गीत 'खेले मसाने में होली' की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा नयनाभिराम समूह नृत्य प्रस्तुति ने सभागार में होली की जीवंत ऊर्जा को सजीव कर दिया। साहस, शौर्य एवं हास्य से परिपूर्ण इस काव्यमंच का संचालन प्रख्यात कवि डॉ. गजेंद्र सिंह सोलंकी ने अपने विशिष्ट अंदाज में किया। शशिकांत यादव की काव्य प्रस्तुति में जहां शौर्य एवं वीरता का स्वर सुनायी दिया, वहीं डॉ. अनिल चौबे के चुटीले हास्य व्यंग्यों ने खूब वाह-वाही बटोरी।

# 121.20 लाख की मदिरा, ड्रग, नगदी हुई जब्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 27 मार्च तक कुल 8730.77 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 1417.43 लाख रुपये नकद धनराशि, 2185.18 लाख रुपये कीमत की 611923.63 लीटर शराब, 3241.76 लाख रुपये कीमत की 4475075.43 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 106.79 लाख रुपये कीमत की 646.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 27 मार्च को कुल 121.20 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 31.35 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.78 लाख रुपये कीमत की 19920.53 लीटर शराब, 36.57 लाख रुपये कीमत की 18196.55 ग्राम ड्रग एवं 0.50 लाख रुपये कीमत की 08 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 27 मार्च को प्रमुख जब्ती में जनपद खीरी की पलिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19.04 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2.64 किग्रा0 ड्रग, जनपद हापुड़ की गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.34 लाख रुपये नगद धनराशि पकड़ी गयी।

**■ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन**

## 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1846 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1846 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4,22,330 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 310 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3,756 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 11,62,965 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 2,276 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 2,480 कारतूस, 06 किग्रा0 विस्फोटक व 110 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 406 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 55 केन्द्रों को सीज किया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 27 मार्च को पुलिस विभाग द्वारा 21,768 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। अपराधिक व्यक्तियों के 12 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 08 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 73,522 लोगों को पाबन्द किया गया।

# प्रदेश की अस्सी सीटों पर जीतेगी भाजपा : स्वाती

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारत के विकास के लिए दिन-रात एक करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ विकास की बातें कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष आपसी झगड़े को निपटाने में जुटा हुआ है। यही नहीं वह कभी महिलाओं का अपमान कर रहा है तो कभी भारत विरोधी बयान दे रहा है। ऐसे में चुनाव परिणाम पहले से ही स्पष्ट हैं। उप्र में आपसी लड़ाई में उलझी सपा, जातिगत समीकरण भिड़ा रही बसपा और कांग्रेस शून्य पर सिमट जाएंगे। सभी 80 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है। ये बातें भाजपा नेता व उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि रामपुर और मुरादाबाद में सजा पा चुके आजम खां के आगे अखिलेश यादव झुक गये। उन्हें अपने सीटिंग सासंद को टिकट देने के बाद पुनः वापस लेना पड़ा। सपा मुखिया पार्टी के अंदर चल रहे अंतरद्वद्व को समाप्त करने में ही पूरा समय गंवाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भाजपा के जनहितकारी कामों को बहुत पहले ही समझा चुके हैं।

आज चुनाव भाजपा नहीं लड़ रही है, बल्कि भाजपा की तरफ से हर एक आम आदमी खुद ही लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चेहरा ही चुनाव में काफी है। स्वाती सिंह ने कहा कि बसपा सिर्फ जातिगत और धार्मिक आधार पर अपने कंडिडेट का चुनाव लड़ रही है। उसके पास न तो कोई विजन है और न ही उसका कोई उद्देश्य।

# दर्शकों को हंसा कर लोटपोट कर गया नाटक 'बुरे फंसे गुलफाम'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, संस्कृति विभाग नई दिल्ली के सहयोग से आकांक्षा थियेटर आर्टस के तत्वावधान में आज से सन्त गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर लखनऊ में आरम्भ हुए त्रि-दिवसीय आकांक्षा नाट्य समारोह-2024 की प्रथम संध्या में आज भारतीयम् बाल युवा विकास एवं शोध संस्थान की प्रस्तुति के अन्तर्गत कार्लो गोल्डोनी के मूल नाटक का पुनीत अस्थाना के रूपांतरण एवं निर्देशन में नाटक ' बुरे फंसे गुलफाम' का मंचन किया गया।

इसके पूर्व त्रि-दिवसीय आकांक्षा नाट्य समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं सिने अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रंगपुरोधा स्व. पद्मश्री राजबिसारिया को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित मंचित नाटक बुरे फंसे गुलफाम वस्तुतः हास्य - परिहास्य की चाशनी से परिपूर्ण होने के साथ नवाबी दौर की याद को ताजा करवाते हुए दर्शकों को हंसा कर लोटपोट कर गया।

**■ त्रि दिवसीय आकांक्षा नाट्य समारोह प्रथम संध्या**

नाट्य सारानुसार नाटक का घटना स्थल 19वीं सदी के शुरूआती दौर का लखनऊ है। नवाब बग़लौल साहब लखनऊ के एक जाने माने व्यापारी हैं जिनके व्यापारिक संबंध हैदराबाद के एक व्यापारी जनाब जावेद साहब से भी हैं। दोनो ने एक दूसरे को देखा नहीं है पर ख़तोकिताब के जरिये वे इतने करीब आ जातें हैं कि नवाब साहब अपनी बेटी गुलनार की शादी जावेद मियां के साथ पक्की कर देते हैं। इस बीच उन्हें ख़बर मिलती है कि जावेद की मौत उनकी बहन शबनम के प्रेमी, आरिफ मियां के हाथों एक कहासुनी के दौरान हो जाती है। ऐसी हालत में जनाब बगलौल साहब अपनी बेटी गुलनार का रिश्ता अपने दोस्त डॉ बुखारा के लड़के लाड़ले मियां से पक्का कर देते है। उनकी सगाई की रस्म चल ही रही होती है कि तभी जावेद मियां भी वहीं पहुंच जाते हैं, जिन्हें जिन्दा देख कर सभी हैरान और परेशान हो जातें हैं। जावेद मियां के वेश में वास्तव मे वह शख्स, जावेद की बहन शबनम होती है जो मर्दाना लिबास में अपने प्रेमी आरिफ को ढूंढते हुए लखनऊ आ पहुंचती है। शबनम और आरिफ अन्जाने में एक ही सराय में ठहरते हैं, जहां एक नौकर गुलफाम दोनों की गुलाज़मत हासिल कर लेता है और ख़िदमत करने की कोशिश में वह एक चक्करघिन्नी बन जाता है और ख़ामियाजा दोनों आकाओं को भुगतान पड़ता है, जहां कई परिस्थितिजन्य हास्य की स्थितियां उत्पन्न होती हैं जो दर्शकों को हंसाने में कामयाब होती हैं।

# उच्चशिक्षा के लिए सीएमएस छात्रा यूनिवर्सिटी कालेज लंदन में चयनित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के इण्टरनेशनल कैम्ब्रिज सेक्शन की छात्रा नव्या राय ने कैंसर बायोमेडिसिन प्रोग्राम हेतु विश्व प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी कालेज लंदन में चयनित होकर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यूनिवर्सिटी कालेज लंदन विश्व के टॉप टेन विश्वविद्यालयों में शामिल है, जिसमें उच्चशिक्षा हेतु सी.एम.एस. छात्रा का चयन गौरव की बात है। नव्या ने यह अभूतपूर्व उपलब्धि अपने अपने ज्ञान-विज्ञान, मेधात्व व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर अर्जित की है तथापि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा नव्या की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं।

# बिजली कंपनियों में सघन मॉनिटरिंग के बाद भी बरती जा रही उदासीनता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक ऐसा मामला सामने आया जिसमें 46 किलोवाट के एक विद्युत उपभोक्ता को 1 साल तक बिजली बिल नहीं दिया गया प्रदेश में ऐसे बहुत से मामले हैं जहां विद्युत उपभोक्ता बिजली का कनेक्शन तो ले लेता है लेकिन उसको पहला बिल समय से निर्गत नहीं किया जाता और वह बिजली दफ्तरों के चक्कर काटते रहते हैं ऐसे में सभी मामलों में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को उपभोक्ता परिषद जागरूक करना चाहता है की विद्युत वितरण संहिता- 2005 की धारा 7.7.2 (डी) में यह व्यवस्था प्रावधानित है यदि किसी भी विद्युत उपभोक्ता को बिजली कनेक्शन प्रदान करने की तारीख से दो बिलिंग चक्र के अंतर्गत प्रथम बिल निर्गत नहीं किया जाता तो विलंब के प्रत्येक बिल चक्र के लिए उपभोक्ता को रुपया 500 का मुआवजा देना पडेगा और साथ ही ऐसे मामलों की त्रय मासिक रिपोर्ट भी विद्युत नियामक आयोग को बिजली कंपनियों को सौंपना होगा ऐसे में वर्तमान में बिलिंग चक्र 1 महीने का है इसलिए प्रदेश में ऐसे सभी विद्युत उपभोक्ता जिनके साथ बिजली कंपनियां इस प्रकार का बर्ताव कर रही है तो सभी विद्युत उपभोक्ता बिजली का संयोजन लेने के उपरांत यदि उन्हें दो महीने तक प्रथम बिल निर्गत नहीं किया जाता तो उसके पश्चात वह विलंब के लिए रुपया 500 प्रति बिल चक्र का मुआवजा अपने क्षेत्रीय दफ्तर में शिकायत कर मांगे।

**■ पावर कॉरपोरेशन गंभीरता से करें विचार : उपभोक्ता परिषद**

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उपभोक्ता परिषद प्रदेश के अपने सभी विद्युत उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर इस प्रकार के मामले में बिजली कंपनियों के सामने अपनी बात रखते हुए मुआवजा मांगना चाहिए और उन्हें अगर कहीं भी कोई कठिनाई होती है तो वह उपभोक्ता परिषद के संज्ञान में भी पूरा मामला ला सकते हैं जहां एक तरफ बिजली कंपनिया राजस्व बढाने के लिए सघन मॉनिटरिंग कर रही है इसके बावजूद भी इस प्रकार की कार्रवाई से ऐसा प्रतीत होता है कि केवल औपचारिकता निभाने के लिए सदन मॉनिटरिंग की जा रही है इस पर बिजली कंपनियों को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि जो भी प्रावधानित व्यवस्था है उसके तहत उपभोक्ताओं को समय से उसका लाभ प्राप्त होना चाहिए ऐसी व्यवस्था लागू करें और सुनिश्चित करें और साथ ही मुआवजा कानून का लाभ भी प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को शत प्रतिशत मिले इसकी भी मॉनिटरिंग बिजली कंपनियां कारण और पावर कॉरपोरेशन इस पर विशेष ध्यान दें।

# आम आदमी की दिक्कतों में हुआ भयावह इजाफा : भाकपा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की उत्तर प्रदेश राज्य काउंसिल अपने आंदोलनों और अभियानों में उजागर करती रही है कि भाजपा के 9 वर्षों के शासनकाल में देश के किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, दलितों और आम आदमी की दिक्कतों में भयावह इजाफा हुआ है। अवाम की ज्वलंत समस्याओं से निपटने में सरकार पूरी तरह असाफल रही है।

किसानों को उनकी फसलों का समर्थन मूल्य सरकार द्वारा वायदा करने के बावजूद नहीं दिया जा रहा, जबकि उनकी जरूरत की चीजें बेहद महंगी हो चुकी हैं। निरंतर घाटे में जा रहे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं या फिर आंदोलन करने को। उनके आंदोलनों को भी पुलिस-प्रशासन के बल पर कुचला जा रहा है। मजदूर वर्ग के लंबे संघर्ष द्वारा हासिल किए गए कानूनी अधिकार लगभग समाप्त कर दिये गए हैं और वे ठेकेदारी प्रथा के तहत अल्प वेतन पर अधिक समय काम करने को अभिशप्त हैं। बेरोजगार नौजवानों से 2 करोड़ रोजगार देने के वायदे से ये सरकार मुकर गई और आज करोड़ों नौजवान दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। पर्चा लीक व अन्य कारणों से प्रतियोगी परीक्षाएँ रद्द कर दी जाती हैं और नौजवान गहरे आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का दंश झेलते हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण से ये आम छात्रों और आमजनों के लिए दुर्लभ होती जा रही है। गरीबी अमीरी की खाई निरंतर चौड़ी हो रही है। एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार देश की 40 प्रतिशत संपत्तियों पर 1 प्रतिशत लोगों का कब्जा है। गरीबी की इस भयावह स्थिति को सरकार भी कबूल करती है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने के दाबे करती रहती है।

# टीएमयू के मीनाक्षी और यश इंजीनियरिंग फ्रेशर्स

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंजीनियरिंग संकाय-एफओई की ओर से रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित फ्रेशर पार्टी में मीनाक्षी को मिस फ्रेशर और यश ठाकुर को मिस्टर फ्रेशर इंजीनियरिंग चुना गया। स्टुडेंट्स नवज्योत को मिस चार्म और यश शर्मा को मिस्टर चार्म का खिताब दिया गया। इससे पहले सीसीएसआईटी के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

अंत में प्रो. द्विवेदी बोले, नए छात्रों को हमारे शैक्षणिक परिवार में सहजता से एकीकृत होते देखना वास्तव में सुखद हैं। उन्होंने विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रैंप वॉक के तीन राउंड में प्रतिभागियों की शैली और आत्मविश्वास को परखा। रैंपवॉक के परिणामों के आधार पर मिस और मिस्टर फ्रेशर का चयन किया गया।

फ्रेशर पार्टी में छात्रा कनिष्का रस्तोगी ने भावपूर्ण स्वागत नृत्य और विनीता ने एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। स्टुडेंट्स करण और कमल ने पंजतारा... पर समूह नृत्य प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी। स्टुडेंट्स आंचल, यश ठाकुर और मीनाक्षी के एकल नृत्य के साथ-साथ नवज्योत और उनकी टीम के सामूहिक नृत्य ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्र कार्तिक माथुर और मोहम्मद मुनाजिर की एकल गयन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पंजाबी ट्रैक पर आर्यन सिंह के एकल नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एकल नृत्य मंक मुस्कान और आर्यन गुप्ता ने अपने व्यक्तित्व और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रथम वर्ष की समन्वयक निकिता जैन ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। फ्रेशर पार्टी में श्री विजेंद्र सिंह, श्री उमेश, श्री प्रशांत, डॉ. गुलिस्ता खान, श्री राहुल विश्नोई, डॉ. जरीन, डॉ. सीमा, डॉ. राहुल शर्मा, श्री नमन, सुश्री अर्वतिका आदि की मौजूदगी रही।

# हिन्दू महासभा अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सीतापुर से ठोंकी ताल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले बीस प्रत्याषियों की घोषणा कर दी। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष ऋषि कुमार त्रिवेदी सीतापुर से चुनावी मैदान में उतरने जा रहे है। जबकि देश की सबसे महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ महामंडलेश्वर किन्नर हिमांगी सखी वहीं प्रदेश की राजधानी लखनऊ से अश्वनी कुमार श्रीवास्तव मैदान उतरेगें। हिन्दू महासभा प्रदेश इकाई की चुनाव समिति के सदस्यों प्रदेश ऋषि त्रिवेदी व महामंत्री सिद्धार्थ दुबे द्वारा बीस प्रत्याशियों की केन्द्रीय कार्यालय भेजी गयी सूची पर अन्तिम मुहर लगाते हुये पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि ने उत्तर प्रदेष से लड़ने वाले बीस प्रत्याषियों की घोशणा की। लोकसभा के चुनाव में उतरने वाले ऋषि त्रिवेदी, महामंडलेश्वर किन्नर हिमांगी सखी व अश्वनी कुमार श्रीवास्तव के अलावा देवरिया से अशोक श्रीवास्तव, बागपत से पूजा कुशवाहा जी, मिर्जापुर से मृत्युजंय सिंह भूमिहार, संत कबीर नगर से रमाकांत पाण्डेय, गोण्डा से ऋषभ श्रीवास्तव, सलेमपुर से महामंडलेश्वर आनन्द स्वरूप जी महाराज, बलिया से राजू प्रकाश श्रीवास्तव, गाजियाबाद से सचिन फुरान, चौधरी, गौतमबुद्ध नगर से रणवीर चौधरी, फतेहपुर से कांता प्रसाद द्विवेदी, उन्नाव से उमेश बाजपेई, गोरखपुर से सुधांशु सिंह श्रीवास्तव, डुमरियागंज से दिवाकर विक्रम सिंह, बांदा से नवीन कुमार उपाध्याय, प्रयागराज से संजय श्रीवास्तव, आगरा से अनिकेत अग्रवाल एवं आजमगढ़ से पूनम चौबे को उतारा गया है।

**■ उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने वाले हिन्दू महासभा प्रत्याशियों की घोषणा**